RNI No. UPHIN/2021/82019

# दैनिक सिद्धि सरकार


वर्ष - 03 | अंक - 253 | www.siddhisarkar.com | ललितपुर, रविवार, 05 मई 2024 | पृष्ठ : 12 , मूल्य : 3/- रूपये

# सरकार ने प्याज निर्यात से बैन हटाया

## एक हजार किलो प्याज 45,800 से कम में नहीं बेच सकेंगे, 40 प्रतिशत एक्सपोर्ट ड्यूटी भी लगेगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने प्याज के एक्सपोर्ट से बैन हटा दिया है। हालांकि, इसके लिए मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस 550 डॉलर यानी करीब 45,800 रुपए प्रति मीट्रिक टन तय कर दी है। यानी जो प्याज एक्सपोर्ट की जाएगी उसकी कीमत मिनिमम 45,800 रुपए प्रति मीट्रिक टन होना जरूरी है।

यह आदेश आज से ही लागू हो गया है और अगले आदेश तक मान्य रहेगा। इसके अलावा सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40त्न निर्यात शुल्क लगाने का भी फैसला लिया है। पिछले साल दिसंबर में जब प्याज की कीमत 70 से 80 रुपए पहुंच गई थी तब सरकार ने प्याज के एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया था। पिछले साल दिसंबर में



सरकार ने 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी थी, लेकिन उसके बाद देशों के अनुरोध के आधार पर इसके शिपमेंट की अनुमति दी गई थी। इसके बाद पिछले महीने ही सरकार ने अगले आदेश तक प्याज के एक्सपोर्ट बैन को बढ़ा दिया था। एक्सपोर्ट बैन बढ़ने के बाद से व्यापारी और किसान, खास तौर पर महाराष्ट्र के किसान एक्सपोर्ट बैन हटाने का आग्रह कर रहे थे।

### नवरात्रि के बाद तेजी से बढ़े थे प्याज के दाम

अक्टूबर में नवरात्रि के बाद देशभर में प्याज की कीमतें तेजी से बढ़ने लगीं और केवल एक हफ्ते में दोगुने से ज्यादा बढ़ गईं थीं। जिसके बाद सरकार ने कंज्यूमर्स के ऊपर बोझ कम करने के लिए 27 अक्टूबर से नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन और नेफेड जैसे सरकारी बिक्री केंद्रों के जरिए 25 रुपए किलो के रेट से प्याज की बिक्री शुरू की थी। प्याज हमेशा से भारत की राजनीतिक अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, खासकर जब चुनाव का समय आता है।

# पुरी से कांग्रेस कैंडिडेट सुचरिता मोहंती ने टिकट लौटाया

## बोलीं- पार्टी से फंड नहीं मिला, भाजपा के संबित पात्रा के खिलाफ चुनाव लड़ रही थीं

**पुरी।** कांग्रेस की एक और प्रत्याशी ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। दरअसल ओडिशा की पुरी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार सुचारिता मोहंती ने आर्थिक कारणों का हवाला देते हुए अपना नाम वापस ले लिया है। इससे पहले इंदौर के कांग्रेस प्रत्याशी ने भी नामांकन के बाद अपना नाम वापस ले लिया था। वहीं सूरत लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया था।



### सुचारिता मोहंती ने प्रचार के लिए फंडिंग की कमी को बताया वजह

सुचारिता मोहंती ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी का टिकट लौटा दिया और दावा किया कि उन्हें पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने के लिए कोई पैसा नहीं दिया गया है। सुचारिता मोहंती ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को ईमेल भेजा है, जिसमें उन्होंने लिखा कि वह सांसद का टिकट लौटा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सुचारिता मोहंती ने लिखा कि पुरी लोकसभा सीट पर हमारा चुनाव प्रचार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने मुझे चुनाव के लिए फंडिंग देने से इनकार कर दिया।

## फिर आग की चपेट में पर्यटन नगरी

### 16 घंटे तक धधकते रहे नैनीताल के जंगल

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में वनाग्नि के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। धारी के मटियाल, पदमपुरी और नैनीताल के खुर्पाताल, देवीधुरा के जंगल में आग से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है। मटियाल के गोविंद गुणवंत ने बताया कि पदमपुरी में आग से बांज, चीड़, देवदार के पेड़ जल गए। मुक्तेश्वर,



रामगढ़ और धानाचूली के जंगल में लगी आग को वन विभाग और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझा लिया। वहीं बेतालघाट के कोसी रेंज के जंगल में लगी आग शुक्रवार दोपहर बाद बारगल के जंगल में फैल गई। जंगल में लगी आग देर शाम तक नहीं बुझ पाई थी। उधर, नैनीताल-कालाढूंगी मार्ग पर खुर्पाताल क्षेत्र के जंगल में बृहस्पतिवार रात आठ बजे अराजक तत्व ने आग लगा दी। खड़ी चट्टान होने के चलते आग पर काबू पाने में वन विभाग के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसी बीच आग आवासीय क्षेत्र के करीब पहुंची तो वन विभाग को दूसरे रेंज से टीम बुलनी पड़ी। मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रो, वन संरक्षक दक्षिणी कुमाऊं वृत टीआर बीजू लाल भी आग बुझाने में जुटे गए।

## भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के काफिले में फायरिंग

### गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा बेलसर बाजार

**गोंडा।** बहुचर्चित कैसरगंज संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के काफिले में फायरिंग का वीडियो सामने आया है। हर्ष फायरिंग में गोलियों की तड़तड़ाहट के साथ धुआं भी दिखाई पड़ा। करण, सांसद



बृजभूषण सिंह के छोटे बेटे हैं। शुक्रवार को उन्होंने दलबल के साथ नामांकन किया था। शनिवार को विश्नोहरपुर से सुबह काफिला निकला और जगह-जगह स्वागत का कार्यक्रम चल रहा। काफिला निकला तो तरबगंज विधानसभा क्षेत्र में बेलसर (रगड़गंज) बाजार का इलाका गोलियों से गूंज उठा। इस दौरान सैकड़ों समर्थकों की उमड़ी भीड़ के बीच पुलिस प्रशासन तमाशबीन बना रहा। अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। इतना ही नहीं पार्टी प्रत्याशी के फेसबुक समेत अन्य सोशल मीडिया अकाउंट पर बाकायदा इसका वीडियो भी अपलोड किया गया। जिसमें नवाबगंज पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र सिंह वीडियो बनाने वाले समर्थक को रोकते नजर आ रहे हैं। इस दौरान लगातार कई राउंड फायरिंग की गई।

## पुंछ में वायुसेना के वाहनों पर आतंकियों ने की गोलीबारी, पांच जवान घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूंछ में आतंकियों ने एक बार फिर कायराना हरकत की है। जानकारी के मुताबिक दहशतदों ने पुंछ के सुरनकोट में वायुसेना के वाहनों पर गोलीबारी की है। हमले को अंजाम देकर आंतकी मौके से फरार हो गए हैं। शुरुआती जानकारी के



मुताबिक हमले में पांच जवान घायल हुए हैं। जिन्हें पास के अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया है। स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स इकाई ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। वाहनों को शाहसितार के पास जनरल इलाके में एयर बेस के अंदर सुरक्षित कर लिया है। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के वेरीनाग इलाके में एक वाहन के खाई में गिर जाने से एक सैन्यकर्मी की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि 19 आरआर का सेना वाहन बटागुंड वेरिनाग में सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया।

### गुजरात में प्रियंका गांधी ने कहा- मोदी तो शहंशाह हैं

# मेरे भाई को शहजादा बोलते हैं, जबकि खुद महलों में बैठे हैं

**बनासकांठा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुजरात के बनासकांठा में जनसभा को संबोधित किया और राहुल गांधी को शहजादा कहे जाने पर पीएम मोदी और बीजेपी पर हमला भी बोला। उन्होंने कहा, वो लोग मेरे भाई को शहजादा कहते हैं लेकिन मैं उन्हें बताना चाहती हूं ये शहजादे 4 हजार किलोमीटर पैदल चले हैं। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, आपकी समस्याओं को सुनने के लिए चले हैं। मेरी बहनों, भाइयों, किसानों सबसे प्यार से मिले हैं और उनकी परेशानियों के बारे में पूछा है।

उन्होंने कहा वहीं दूसरी तरफ आपके शहंशाह नरेंद्र मोदी हैं जो महलों में रहते हैं। आपने टीवी पर उनका चेहरा देखा है। एकदम साफ सुथरा बेदाग कुर्ता। वो कैसे आपकी मजबूरी आपकी परेशानी समझ पाएंगे। प्रियंका गांधी ने फिर संविधान का मुद्दा उठाते हुए कहा, संविधान से आपको अधिकार मिलते हैं। सबसे बड़ा अधिकार वोट डालने का है। संविधान ने



आरक्षण के साथ-साथ नागरिकों को सवाल करने और आंदोलन करने का भी अधिकार दिया है। इसलिए जब भाजपा के लोग कहते हैं कि संविधान बदला जाएगा, तो मतलब साफ है कि ये लोगों से उनका अधिकार छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा, एक जमाने में प्रधानमंत्री गांवों में जाते थे तो लोग अपना हक मांगते थे। मैं खुद राजीव गांधी जी के साथ जाती थी तो लोग उन्हें अपने काम के लिए डांट देते थे। तब ऐसी राजनीति थी। इस राजनीति का आधार महात्मा गांधी जी ने डाला था।

### गुजरात की जनता को भूल गए पीएम मोदी

प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी पर गुजरात की जनता को भूलने का आरोप लगाया और कहा, मोदी गुजरात की जनता को अब नहीं पहचानते हैं। अगर वह गुजरात की जनता से कटे नहीं होते, तो यहां से चुनाव क्यों नहीं लड़ रहे हैं। क्योंकि मोदी जी का आपसे जो फायदा निकलना था, उन्होंने अपना फायदा निकाल लिया। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी गुजरात की जनता को भूल चुके हैं। उन्होंने आगे कहा, गुजरात में राजपूत महिलाओं का अपमान किया गया। क्या मोदी ने उस प्रत्याशी पर एक्शन लिया? आज देश में जहां भी महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है, वहां सरकार ने अपराधियों का साथ दिया है। उन्नाव केस, हाथरस केस, महिला पहलवानों के मामले में सरकार और मोदी जी ने कोई मदद नहीं की। महिला पहलवानों के साथ अत्याचार करने वाले के बेटे को उत्तर प्रदेश में टिकट दे दिया।

# मौज नहीं मिशन के लिए पैदा हुआः पीएम मोदी

## मेरे पास ना साइकिल ना घर, 25 साल में एक पैसे का भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा

**पलामू / गुमला।** तीसरे चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड में लोकसभा चुनाव प्रचार करने पहुंचे। झारखंड के पलामू में प्रचार के दौरान उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। रैली में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि भाजपा और झारखंड का दिल का रिश्ता है।

उन्होंने कांग्रेस और राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर जनता की जायदाद को हड़पने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीएम मोदी ने कहा कि वह राज्य में रोजगार को बढ़ाना चाहते हैं।

### पलामू में पीएम मोदी की रैली

पलामू में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने वोट के महत्व पर बात की। उन्होंने बताया कि 500 साल में जो नहीं हुआ, जनता के एक वोट से वो कार्य पूरा हुआ। आज आयोध्या में राम मंदिर बन गया। प्रधानमंत्री ने आगे कहा,



आप सभी अपने एक वोट के महत्व को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। 2014 में आपके एक वोट ने ऐसा काम किया कि पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लगी थी।

आपने 2014 में अपने एक वोट से कांग्रेस की महाभ्रष्ट सरकार को हटा दिया था। आपके एक वोट ने भाजपा-एनडीए की सरकार बनाई। पीएम मोदी ने आगे कहा, आपके इस एक वोट की ताकत से आज भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है।

### कांग्रेस, झामुमो और राहुल गांधी पर साधा निशाना

रैली में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने बताया कि एक वो स्थिति थी, जब आतंकी हमले के बाद कांग्रेस की डरपोक सरकार दुनिया भर में जाकर रोती थी। आज स्थिति ये है कि पाकिस्तान दुनिया भर में जाकर रो रहा है। राहुल गांधी को घेरते हुए उन्होंने कहा कि आज पाकिस्तान के नेता कांग्रेस के शहजादे को पीएम बनाने के लिए दुआ कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, मजबूत भारत तो अब मजबूत सरकार ही चाहता है।

### कांग्रेस और झामुमो पर जनता की जायदाद हड़पने का आरोप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी झामुमो पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने भ्रष्टाचार से अपार धन संपदा खड़ी की है। संपत्ति हो, राजनीति हो, सब कुछ वे अपने-अपने बच्चों के लिए अर्जित कर रहे हैं। अपने बच्चों के लिए ये लिए विरासत में ढेर सारी काली कमाई छोड़ कर जाएंगे। कांग्रेस और झामुमो पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, मैं तो गरीबी का जीवन जीकर आया हूं। इसलिए, 10 वर्षों में गरीब कल्याण की हर योजना की प्रेरणा, मेरे जीवन के अनुभव ही हैं। जब आज लाभार्थियों से मिलता हूं, तो खुशी के मारे आंसू आ ही जाते हैं। ये आंसू वही समझ सकता है, जिसने गरीबी देखी हो, जिसने कष्ट में जीवन गुजारा हो। प्रधानमंत्री ने बताया कि वह झारखंड में रोजगार बढ़ाना चाहते हैं और यहां के लोगों के जीवन में खुशहाली लाना चाहते हैं।




# दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लवली भाजपा में शामिल

## आप से गठबंधन पर कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ा था, 4 अन्य नेता भी भाजपा में आए

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली समेत पांच कांग्रेसी नेताओं ने कांग्रेस का पंजा छोड़कर भाजपा का कमल थाम लिया है। लवली के अलावा राजकुमार चौहान, नीरज बसोया, अमित मलिक और नसीब सिंह भी भाजपा में शामिल हो गए। इन सभी को आज भाजपा मुख्यालय में दिल्ली प्रदेश वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी में शामिल किया। बता दें कि 28 अप्रैल को ही लवली ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इन सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए



कहा कि जो व्यक्ति मूल रूप से दिल्ली को प्यार करता है वो कांग्रेस में नहीं रह सकता है। मैं उम्मीद करता हूं आगे अब हम सब मिलकर दिल्ली को संवारने का काम करेंगे। भाजपा का दामन थामने के बाद लवली ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मैं भाजपा का शुक्रिया करना चाहता हूं पार्टी ने उस वक्त हमारा साथ दिया जब हम खोए-खोए घूम रहे थे।

### लवली के जाने पर क्या बोली कांग्रेस

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अरविंद सिंह लवली पर कहा कि कांग्रेस ने उन्हें बच्चे की तरह पाला, तीन बार विधायक, मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष बनाया। 2017 में चुनाव के दौरान धोखा दिया था, अब फिर से उन्होंने धोखा दिया। ऐसे लोगो के जाने से इस विशाल पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ता है। अरविंदर सिंह लवली दिल्ली में आम आदमी पार्टी से गठबंधन के खिलाफ थे। इसके अलावा वह उत्तर पश्चिमी दिल्ली से राजकुमार चौहान को टिकट नहीं मिलने से भी नाराज थे।

# राजस्थान-मप्र समेत 17 राज्यों में 2 दिन बाद बदलेगा मौसम

## वेस्टर्न डिस्टरबेंस कराएगा बारिश, मुंबई और तमिलनाडु में 5 फुट ऊंची लहरें उठ सकती हैं

**नई दिल्ली।** देश में भीषण गर्मी और हीटवेव का सामना कर रहे शहरों को अगले 8 दिन राहत मिलने जा रही है। 4 मई से एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो रहा है। इसके चलते पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होगी, जबकि मैदानी इलाकों में मौसम बदलेगा और बारिश होगी।

फिलहाल उत्तर भारत के अलावा दक्षिण भारत में आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक में हीटवेव (लू) से पारा 45 का आंकड़ा भी पार कर गया है। 3 मई को देश में सबसे ज्यादा तापमान आंध्रप्रदेश के नांदयाल का रहा, जहां 46.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। इसके बाद तेलंगाना के खम्मम, बंगाल के कलाईकुंडा, ओडिशा के बौद्ध और



तमिलनाडु के इरोड में पारा 42 डिग्री से 45 डिग्री के बीच रिकॉर्ड हुआ।

इधर, (इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशियन इन्फॉर्मेशन सर्विस) ने शनिवार (4 मई) से अगले 36 घंटों के लिए मुंबई और आसपास के तटीय इलाकों में हाई टाइड अलर्ट जारी किया है।

### ईस्ट इंडिया में प्री मानसून का दौर शुरू हो सकता है

मौसम की जानकारी जुटाने वाली प्राइवेट एजेंसी स्कायमेट के अनुसार 6 मई से प्री-मानसून का दौर शुरू होने की उम्मीद है। नॉर्थईस्ट के राज्यों में 4 मई से 9 मई तक बारिश होगी। साथ ही 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। नॉर्थ इंडिया यानी बिहार, झारखंड, बंगाल, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में भी बारिश हो सकती है।

# बजाज के प्रयास से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में फैला उजियारा

## चार सौ परिवारों तक पहुंची बिजली

**ललितपुर।** ललितपुर पावर जनरेशन कम्पनी जिले में बिजली देने के साथ ही कई ऐसे कार्य भी कर रही है, जिससे कम्पनी के कार्यों की सराहना हो रही है। इसी क्रम में ललितपुर पावर जनरेशन कम्पनी ने मड़ावरा वन क्षेत्र के पांच में से तीन गांवों में करीब 60 लाख रुपये की लागत से सोलर एनर्जी से रौशनी पहुंचाने का कार्य किया है। जिला खनिज निधि से दो गांवों को रौशन करते हुये यहां निवास करने वाले करीब 400 परिवारों का इसका लाभ मिला है।



विकास खण्ड मड़ावरा के ग्राम वनगुवां, लखंजर, हीरापुर, पापड़ा, बारई जो कि जंगलों में बसे हैं। यहां बिजली पहुंचाने के लिए वन क्षेत्र में खम्भे लगाये जाने हैं, लेकिन विभाग इसकी अनुमति नहीं दे रहा है। वित्तीय वर्ष 2015-16 में इन गांवों को सोलर एनर्जी से रौशन किया गया था। इसके लिए सोलर पावर प्लाण्ट की मिनी ग्रिड लगायी गयी थी। कुछ वर्ष पहले इनके खरा हो जाने से इन ग्रामीण अंचलों में अंधेरा फैला हुआ था। यहां के लोगों के परिवारों तक बिजली पहुंचाने के लिए जिलाधिकारी ने कार्य योजना तैयार की, जिसके लिए अधिक धनराशि की आवश्यकता थी।

डीएम ने एलपीजीसीएल का सहयोग लिया और कम्पनी के वाइस प्रेसीडेंट राजीव श्रीवास्तव के माध्यम से यह प्रस्ताव कम्पनी के चेयरमैन कुशाग्र नयन बजाज के पास भेजा गया। डीएम के इस प्रस्ताव को कम्पनी की ओर से स्वीकृत किया गया और कम्पनी के चेयरमैन ने सीएसआर से तत्काल बजट से 60 लाख रुपये की स्वीकृति दी, जिससे लखंजर, बारई व वनगुवां में तीन सोलर विद्युत उपकेन्द्र स्थापित किये गये। कम्पनी के सीईओ ए.एन.सार की देखरेख में हुये इस कार्य के साथ ही 10 लाख रुपये जिला खनिज निधि का भी सहयोग मिला।

### इनका कहना है...

ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के सीईओ ए.एन. सार ने बताया कि बजाज एनर्जी समूह निरंतर समाजसेवी कार्य करता चला आ रहा है। कोरोना महामारी के समय जब जनपद वासियों की ज़िंदगी की डोर टूटने लगी थी तो ऐसे में कंपनी ने ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करके निःशुल्क ऑक्सीजन वितरित की। बेसिक शिक्षा परिषद के 50 स्कूलों में निशुल्क एलईडी का वितरण किया। इसी तरह विकास खण्ड बार के सामुदायिक स्वास्थ्य भवन में एक हेल्थ एटीएम लगाया गया। इससे एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण संभव हो सके। वर्तमान में कंपनी के चेयरमैन कुशाग्र नयन बजाज को जनपद के सुदूर एवं अति पिछड़े गाँव लखंजर, वनगुंवा और बारई आदि बिजली न होने की बात से अवगत कराया तो वह तत्काल इन गाँवों में सोलर ऊर्जा के प्लांट लगाने को तैयार हो गए और लगभग 60 लाख रूपये बजट आवंटित कर दिया। इस प्रयास से आज लगभग चार सौ परिवारों की जिंदगी में उजाला आ गया है।



**ए.एन.सार, सी.ई.ओ. ललितपुर पावर जनरेशन कम्पनी लि.**



मड़ावरा वन क्षेत्र के गांवों को सोलर लाइट से रौशन किया गया है। ललितपुर बजाज पावर जनरेशन का विशेष सहयोग रहा। जिला खनिज निधि से भी धनराशि दी गयी है। जल्द ही सड़क सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी।

**अक्षय त्रिपाठी, जिलाधिकारी**

## संक्षिप्त समाचार

रास्ते में रोककर मारपीट, बाइक भी तोड़ी

ललितपुर। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम चन्दावली में रहने वाले सुम्मेर सिंह लोधी पुत्र रूपसिंह लोधी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 2 मई को रात करीब 8 बजे जब वह अपने साथ प्रहलाद पुत्र चन्दन सिंह लोधी के साथ था और मर्रोली नहर के पास अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 डब्ल्यु 2430 पर सवार होकर पहुंचे तो मर्रोली के ही रहने वाले छत्रपाल सिंह पुत्र हरीराम सिंह लोधी, जितेन्द्र पुत्र महेश व धर्मवेन्द्र पुत्र प्रीतम सिंह लोधी ने गाड़ी रूकवाकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लातघूसों व लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। इसी बीच मर्रोली में रहने वाले रिश्तेदार श्रीपत पुत्र राजाराम लोधी मौके पर आ गये और उन्होंने बीच-बचाव किया। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने थाने में जाने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ 323, 504, 506 व 427 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पैतृक जमीन पर रिश्तेदार कर रहे अवैध कब्जा

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला पठापुरा निवासी मीरा पत्नी स्व.गंगाराम अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ग्राम चिगलौआ में उसकी जमीन है। बताया कि करीब 2 माह पहले उसके पति का देहान्त हो चुका है। उनकी पैतृक जमीन पर उसके परिजन (रिश्तेदार) राजकुमार पुत्र नन्दू अहिरवार, विजय व करन पुत्र सोनू पुत्रगण राजकुमार उसकी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर रहे हैं। बताया कि 2 मई को शाम करीब 5 बजे अपने पुत्र शिवा के साथ ग्राम चिगलौआ में जमीन का मुआयना करने गयी थी, तो उक्त लोगों ने उसे व उसके पुत्र को घर के पास बुलाया और गालियां देते हुये भगा दिया। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने पुलिस से शिकायत करने पर पुत्र समेत जान से मार डालने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

बस के शीशे तोड़े, उलाहना देने पर धमकाया

ललितपुर। शहर क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम खिरियामिश्र स्थित सैनिक पब्लिक स्कूल में तैनात प्रधानाचार्य राजबाला यादव पत्नी स्व.श्रीधर्मवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके स्कूल का वाहन (बस) संख्या यू.पी. 94 टी 6527 जो कि जाखलौन रेलवे स्टेशन के पास अशोक कुमार के घर के सामने खड़ी रहती है। बताया कि 1 मई की रात को जाखलौन में रहने वाले अनिल पाल पुत्र सीताराम पाल ने बस के शीशे तोड़े व बस को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह भी बताया कि उन्हें सूचना मिलने पर जब उन्होंने अपने शिक्षक कपिल झां पुत्र राजेन्द्र निवासी रावरपुरा ललितपुर को मौके पर भेजा तो कपिल ने अनिल को उलाहना दिया। इस पर अनिल ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्रधानाचार्य की तहरीर पर अनिल के खिलाफ धारा 504, 506 व 427 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

शराब के नशे में धुत्त होकर भाई-बहन से मारपीट

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम मैलवाराकलां में रहने वाले अजय कुमार पुत्र सरमन अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 1 मई को रात करीब 9.30 बजे पड़ौस में रहने वाले अवधेश अहिरवार पुत्र भगवानदास शराब के नशे में धुत्त होकर दरबाजे पर आकर गालियां देने लगा। यह भी आरोप है कि उसके छोटे भाई विष्णु कुमार के साथ लातघूसों से मारने लगा और गलेवान पकड़कर अपने घर की ओर खींचकर ले जाने लगा। यह देखकर जब उसकी बहन अर्चना ने दौड़कर बचाने का प्रयास किया तो अवधेश के भाई देवेन्द्र, कृष्णा पुत्रगण घन्सू, आशाराम पुत्र कम्मोद को बुलाकर उसके व उसकी बहन के साथ मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर नवल पुत्र खित्ते, घन्सू पुत्र रामदीन, धर्मेंद्र पुत्र भगवानदास अहिरवार ने आकर घटना देखी और बीच-बचाव किया। आरोप है कि उक्त लोगों ने सभी को जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में घायल हुये लोगों को उपचार के लिए 108 एम्ब्युलेंस को मौके पर बुलाकर अस्पताल भेजा गया। वहीं डायल 112 के जरिए पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

जमीन हथियाने के चक्कर में दम्पत्ति से मारपीट

ग्राम हरपुरा का मामला, एफआईआर दर्ज

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम हरपुरा में अपने पति रामकिशोर व बच्चों के साथ रहने वाली महिला उर्मिला पुत्री जगदीश राजपूत ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह हरपुरा में विगत 12 वर्षों से निवास कर रही है और अपने पिता जगदीश की 8 एकड़ जमीन व घर की देखभाल कर रही है। बताया कि गांव में रहने वाले चन्दन राजपूत पुत्र गजराज आदि उसके पति को गांव से भगाना चाहते हैं, ताकि उसके पिता की जमीन को मनमाने तरीके से ले लें। बताया कि 4 अप्रैल 2024 को 11.30 बजे गांव के टीकचन्द्र अहिरवार के घर के पास सड़क पर उसके पति रामकिशोर गेंहू की थ्रेसिंग करके घर आ रहे थे तभी दोनों लोगों ने उसके पति के साथ मारपीट कर दी। किसी प्रकार रामकिशोर अपनी जान बचाकर घर भागकर आया। अगले दिन 5 अप्रैल को घटना की सूचना उसने महिला थाना में दी। 17 अप्रैल को अतुल, विशाल पुत्रगण चन्दन, रामबाबू व चन्दन पुत्रगण गजराज रात करीब 9 बजे उसके घर पर चढ़कर आये और उसके पति के साथ फिर से मारपीट करते हुये लोहे के सरिया से प्रहार कर दिया। तब उसके उसने व उसके पिता ने चाचा के पुत्र मंगल से साथ मिलकर उक्त लोगों को ललकारा और झगड़ा शान्त कराया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे परिवार सहित जान से मार डालने की धमकी दी। मामले की शिकायत कोतवाली में करने पर उसके पति का पुलिस द्वारा चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया। उर्मिला ने बताया कि इसके पहले उसके पति की मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 जे 7701 की खेत पर के पास रोड पर खड़ी थी, जिसे उक्त लोगों द्वारा ईर्ष्या के चलते खण्डों से तोड़ दिया गया था। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 323, 506 व 427 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

बुन्देलखण्ड केसरी छत्रसाल महाराज का मनाया जन्मोत्सव

क्षत्रिय महासभा ने बैठक कर डाला उनके जीवन पर प्रकाश

ललितपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने बैठक कर बुन्देलखण्ड केसरी महाराजा छत्रसाल सिंह जू देव का जन्मोत्सव मनाया। जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि बुन्देलखण्ड के महान योद्धा ने औरगजेब को धूल चटा दी थी। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था से ही छत्रसाल ने अपनी वीरता दिखानी शुरू कर दी। उन्होंने अपना बचपन अपनी ननिहाल ललितपुर के देलवारा में व्यतीत किया। जिला महामंत्री भगवत सिंह बैस ने कहा कि अंग्रेजी तारीख के अनुसार महाराजा छत्रसाल जू देव का जन्म 4 मई 1649 को छतरपुर जिले के कछार कचनाई एक छोटे से गांव में हुआ था। इनके पिता

# नहरों में पानी का जमाव न हो: डीएम

## गोविन्दसागर बांध की नहर की होगी सफाई, जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर देखी व्यवस्था



### राजकीय जिला पुस्तकालय में वॉटर कूलर की स्थापना व शौचालय का होगा निर्माण

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के द्वारा सुबह भ्रमण के दौरान गोविन्दसागर बांध से निकली छोटी नहर व राजकीय जिला पुस्तकालय का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गए। विदित है कि जिलाधिकारी गर्मी की शुरुआत से ही नगर में सुबह भ्रमण कर लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और मौके पर उनका निस्तारण भी करा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरुप नगर में पेयजल, विद्युत, सफाई व अतिक्रमण काफी हद तक नियंत्रित हुआ है। इसी के क्रम में जिलाधिकारी सुबह-सुबह गोविन्दसागर बांध पहुंच गए, जहां पर उन्होंने आम नागरिकों से वार्ता की। साथ ही बांध से निकलने वाली छोटी नहर जो शहर के बीचोबीच होकर निकलती, का निरीक्षण कर प्रवाह देखा। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कचरा व प्लाटिग पॉलीथिन आदि मिलें। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि नहर की पर्याप्त सिल्ट सफाई करायी जाये, जिन स्थानों पर पानी के प्रवाह कम है। वहां पर विशेष सफाई अभियान चलाकर कार्य कराया जाए। प्रत्येक दशा में नहरों का पानी टेल तक पहुंचना चाहिए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने राजकीय जिला पुस्तकाल का निरीक्षण किया। यहां पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बताया गया कि पुस्तकालय में लगभग सभी प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध हैं, साथ ही निर्धारित समय के अनुसार पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पुस्तकालय में एक वॉटर कूलर लगवायें तथा अलग से एक शौचालय बनवाया जाए। मौके पर एसडीएम/प्रभारी ईओ राघवेन्द्र शर्मा, डीआईओएस ओपी सिंह सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# वार्ड संख्या 17 में पेयजल को लेकर हा-हाकार मचा

## पार्षद ने डीएम अक्षय त्रिपाठी को सौंपा ज्ञापन



ललितपुर। गर्मी का मौसम शुरू होते ही शहर भर के कई इलाकों में पेयजल संकट गहरा गया है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के प्रतिदिन सुबह-सुबह हो रहे भ्रमण के बावजूद भी जल संस्थान के अधिकारियों की शिथिल पड़ी कार्यप्रणाली के चलते पेयजल संकट गहराता जा रहा है। वार्ड संख्या- 17 सिविल लाइन द्वितीय में पांच दिनों से नलों से पानी न आने की शिकायत लेकर पार्षद कुन्दन पाल मोहल्लेवासियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे, यहां उन्होंने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में पार्षद कुन्दन पाल ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को अवगत कराया कि वार्ड नं. 17 सिविल लाईन द्वितीय में 5 दिनों से नलों नहीं आने से पेयजल संकट गहरा गया है, जिसके चलते मोहल्ले में पानी के लिए हाहाकर मच गया है। वहीं कई हैण्डपम्प भी खराब पड़े है जो ठीक नहीं कराये गये है, जिसके लिये पूर्व में जल संस्थान विभाग में प्रार्थना पत्र दिया गया था। किन्तु किसी भी प्रकार से कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

पिछले 5 दिनों से नलों में पानी न आने के कारण वर्णी कालेज के पीछे, क्षेत्रपाल मन्दिर के पीछे, पुराने सूचना के पास, गुल्लन की चक्की के सामने, कपिल गेस्ट हाउस के पीछे, विश्राम झां, रवि चौबे के मकान के पास, बरया भवन, आकाश होटल के बगल वाली गली, आदिनाथ मन्दिर सिविल लाईन, देवगढ़ रोड स्टेशन रोड पर झोपडपट्टी बस्ती में भारी पेयजल संकट गहराया छाया हुआ है। उन्होंने जिलाधिकारी से उक्त क्षेत्रों में शीघ्र से शीघ्र पेयजल की समस्या के निदान हेतु पानी के टैंकरों से सप्लाई एवं हैण्डपम्पों को ठीक कराये जाने की मांग उठायी है।

# टेन्ट की दुकान से टप्पेबाजी कर जनरेटर व वर्तन ले उड़े बदमाश

## दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

*ललितपुर। टेन्ट वर्तन का सामान किराए पर देने वाले दुकानदार से दो लोगों द्वारा की गयी टप्पेबाजी का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर तालबेहट पुलिस ने टेन्ट दुकान संचालक की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। तालबेहट के अंजनीनगर में रहने वाले भगवानदास कुशवाहा पुत्र स्व.हीरालाल ने बताया कि वह घर से ही टेन्ट वर्तन इत्यादि किराए पर देने का काम करता है। बताया कि 29 अप्रैल को सुबह 10 बजे उसकी दुकान पर दो अज्ञात व्यक्ति आये, जिनमें से एक ने अपना नाम जितेन्द्र कुमार बताते हुये कहा कि वह तालबेहट में किराए से रहते हैं और हाई-वे किनारे बर्फ फैक्ट्री के पास बिस्कुट की फैक्ट्री लगाने वाले हैं। इस कार्य को शुरू करने से पहले कन्या भोजन कराने के लिए कुछ वर्तनों व जनरेटर की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी दुकान से एक फील्ड मार्शल कम्पनी का जनरेटर और पांच सिल्वर के बड़े भगौने, एक कड़ाई लोहे की और दो सिल्वर के कुपरा किराये पर दे दिये। इस पर उक्त लोगों ने 500 रुपये की नकदी भी एडवांस के तौर पर जमा करायी। भगवानदास ने बताया कि वह दूसरे दिन जब बताये हुये स्थान पर सामान वापस लेने पहुंचा तो देखा कि वहां कोई नहीं है, जब उसने जानकारी की तो पता चला कि उक्त लोगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी की थ्है। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों द्वारा टप्पेबाजी करते हुये उसका सारा सामान लेकर भाग गये हैं। पुलिस ने टेन्ट संचालक की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 379 व 420 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।*

# बाल के व्यापारी को मारी टक्कर, मौके पर हुयी मौत

## चचेरे भाई की तहरीर पर बाइक चालक पर एफआईआर दर्ज

*ललितपुर। कानपुर देहात के थाना मंगलपुर के ग्राम पदमपुर पोस्ट अस्वी में रहने वाले धर्मपाल पुत्र लाखन सिंह ने थाना पाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका चचेरा भाई रविन्द्र पुत्र स्व.जगराम जो कि बालों के व्यापार बस्ती कबरहटा थाना नाराहट में बाल खरीदने के सम्बन्ध में जाखलौन रोड पर सिमरधा स्कूल के पास 25 अप्रैल 2024 को सुबह करीब 7.30 बजे अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 78 डी.आर. 3054 से अपनी साइड पर खड़ी करके फोन पर बात कर रहा था कि तभी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.ई. 4282 के ड्राईवर ने तेजी व लापरवाही से बिना हॉर्न बजाये पीछे से उसके भाई व उसकी खड़ी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके चचेरे भाई की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ धारा 279 व 304 ए के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।*

# शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य हेतु सक्रिय सहभागिता जरूरी : एडीएम

**ललितपुर।** अठारहवीं लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान के कम प्रतिशत को देखते हुए ललितपुर जिला प्रशासन की ओर से अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। उसी की श्रृंखला में आज रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में डीआईओएस ओमप्रकाश के विशिष्ट आतिथ्य में तथा नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा प्राचार्य प्रो.(डा.) केशव देव की अध्यक्षता में उच्च शिक्षा विभाग की एक विशेष मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें जनपद के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं वहां स्थापित कंट्रोल रूम प्रभारी उपस्थित रहे। एडीएम ने कहा कि हमें इस लक्ष्य को छोटे-छोटे समूह में बांटकर प्राप्त करना है जिसके लिए हम सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। तभी शासन की मंशानुरूप अधिकतम मतदान के प्रतिशत को ललितपुर में पुनः प्राप्त किया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि पिछले विधानसभा चुनाव में अधिकतम मतदान में महरौनी विधानसभा क्षेत्र प्रदेश में दूसरे नंबर पर रहा था। उन्होंने कहा कि एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी कंट्रोल रूम प्रभारी को उसमें जोड़ा जाएगा तथा जनपद स्तर से सतत् निरीक्षण किया जाएगा। डीआईओएस ने महाविद्यालयों के प्रभारियों को कहा कि हर महाविद्यालय प्रति 50 छात्रों पर एक सहायक की नियुक्ति करेगा, जो सभी छात्रों को फोन कर उन्हें व उनके परिवार के सभी मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करेगा तथा मतदान दिवस 20 मई को पुनः पूछेगा कि उन्होंने मतदान कर दिया है या नहीं। इस प्रकार छोटे छोटे प्रयासों से ही इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।




# आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट का अध्यापन अन्य विषयों से हटकर : उर्वशी साहू

## टीम मिशन बेटियां कई बर्षों से कर रही है निःशुल्क आयोजन, बच्चों के साथ साथ शिक्षक भी सीख रहे है आर्ट एंड क्राफ्ट में कलात्मक कार्य

ललितपुर। साहित्य, संगीत, कलाविहीनः साक्षात्पशुः पुच्छविषाणहीनः। तृणं न खादन्नपि जीवमानस्तद्भागधेयं परमं पशूनाम्।। (साहित्य-संगीत-कला-विहीनः पुच्छ-विषाण-हीनः साक्षात् पशुः तृणम् न खादन् अपि जीवमानः, तद् पशूनाम् परमम् भाग-धेयं।) अर्थात् जो मनुष्य साहित्य, संगीत, कला, से वंचित होता है वह बिना पूंछ तथा बिना सींगों वाले साक्षात् पशु के समान है। वह बिना घास खाए जीवित रहता है यह पशुओं के लिए निःसंदेह सौभाग्य की बात है। आर्ट एंड क्राफ्ट आजकल लोगों की हॉबी के साथ साथ टाइम पास का भी सही विकल्प है।



तरह तरह से अपनी क्रिएटिविटी को उभारने के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट से बेहतर कुछ भी नहीं ये कहना है टीम मिशन बेटियाँ की जिला संयोजिका एवम निर्देशिका श्रीमती उर्वशी साहू का उर्वशी जी बताती है कि इसके तहत आप किसी भी चीज के बेहतर कलाकारी का नमूना पेश कर सकते हैं। बेकार पड़ी चीजों से सुंदर डेकोरेटिव पीस बनाना, कागज और गत्ते के अलावा कपड़े से सुंदर वाल हेंगिंग और शोपीस बनाना इसी निःशुक्ल शिविर का हिस्सा है। टीम मिशन बेटियाँ संस्था द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट का निःशुल्क शिविर प्रतिबर्ष 25 से 30 दिन से तक आयोजित किया जाता है। प्रत्येक बर्ष की भांति इस बर्ष भी संस्था द्वारा शिविर का आयोजन किया गया है एवम शिविर में बच्चों के साथ साथ शिक्षक/शिक्षिकाओं ने भी बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया गया है। संस्था के झांसी मंडल संजोयक मो. मुनीर शिविर के बिषय में बताते हुए कहते है कि टीम मिशन बेटियाँ सदैव से बेटी हित कार्य करती रहती है एवं प्रत्येक बर्ष आर्ट एंड क्राफ्ट का निशुल्क शिविर का आयोजन करती है जिसमे नए नए विचारों के साथ प्रतिभागियों को कलात्मक रूप से निखारते है जिसमे अनेकों शिक्षक-शिक्षिकाएं पारंगत होकर अपने अपने विद्यालयों में बच्चों को सिखा कर अपने कलात्मक विचारों को आगे बढ़ाने का कार्य करते है।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.विकास गुप्ता जीत शिविर की जानकारी सांझा करते हुए बताते है कि टीम मिशन बेटियां आर्ट एंड क्राफ्ट के अलावा भी समय समय पर कला पर आधारित निःशुल्क शिविरों को आयोजित करती है। डा.जीत का कहना है कुछ और संस्थाएं भी अब आर्ट एंड क्राफ्ट के शिविरों को आयोजित करने का विचार करने लगी है जो कि एक सकारात्मक पहल है जिससे कलात्मक विचारों का प्रचार प्रसार हो सकेगा।

# सांसद ने 5 साल में झांसी का क्या भला किया, जनता जानना चाहती है :प्रदीप



झांसी ! झांसी ललितपुर लोक सभा से इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने झांसी की गलियों-गलियों में घूम-घूम कर जनसम्पर्क किया। उन्होंने अनुराग शर्मा से सीधे तौर पर सवाल करते हुए कहा कि अनुराग शर्मा पिछले पांच वर्ष तक झांसी से सांसद रहे उनके पास बताने के लिए कुछ नहीं हैं कि उन्होंने पिछले पांच साल में झांसी का क्या भला किया, इसलिये बीड़ा, केन-बेतवा लिंक से फायदे गिनवा रहे हैं। ये योजनाएं लागू करेंगे तो ये फायदे होंगे।

अरे भईया, अनुराग शर्मा ने पिछले पांच साल में झांसी का क्या भला किया, पिछले पांच सालों में कितना आर्थिक और सामाजिक उछाल आया, यह जनता जानना चाहती है। इनके पास अपना कोई रिपोर्ट कार्ड नहीं है बिल्कुल वैसे ही जैसे भाजपा सिर्फ सपने दिखाती है भाजपा के पास अपना कोई रिपोर्ट कार्ड दिखाने के लिए नहीं होता है। पिछले दस सालों में देश में और खास तौर पर बुन्देलखण्ड में भुखमरी, बेरोजगारी, छात्रों और युवाओं में निराशा की भावना, महिलाओं पर अत्याचार, भ्रष्टाचार, किसानों की आत्महत्याएं और मज़दूरी के लिए किसानों और मजदूरों का पलायन बढ़ा है। ये वर्तमान में नहीं जीते सिर्फ भविष्य के सपने दिखाते हैं। ये नहीं जानते कि सपने देखने और दिखाने से गरीब का पेट नहीं भरता है। भाजपा निक्कमी औलाद की तरह देश की सम्पदा को बेच रही है और इस बरबादी को विकास का नाम देती है। विरासत को बेच कर पांच किलो राशन देना कोई बड़ी बात नहीं है और फिर जब सब बेच डालोगे तब फिर कहां से पांच किलो राशन दोगे।

ये गरीब आदमी जानता है कि विरासत किस तरह बनायी जाती है। कांग्रेस ने किस तरह सरकारी संस्थानों को स्थापित करके देश का मान बढ़ाया। आज़ादी के वक्त भारत में भी सूई तक नहीं बनती थी। कांग्रेस ने उद्योग धन्धे स्थापित किए, भारत को आत्मनिर्भर बनाया। अब भाजपा के द्वारा उन्हीं सभी सरकारी संस्थानों को निजी हाथों में बेचा जा रहा है। अभी तक जो भी भाजपा ने बेचा है उससे गरीब आदमी का ज्यादा मतलब नहीं था। न गरीब को हवाई जहाज में बैठना था न पानी के जहाज में बैठना था इसलिए तमाम सरकारी संस्थान बिक जाने पर गरीब को नहीं मालूम पड़ा लेकिन अब बहुत जल्द ही रेल को भी बेच देने का मंसूबा भाजपा बना रही है। यह अहसास इस तरह हो रहा है क्योंकि अब भाजपा सरकार रेल की छवि खराब करने में लगी हुई है। ताकि रेल को निजी हाथों में सौंपा जा सके। रेल में एसी के डिब्बे बढ़ाये जा रहे हैं और स्लिपर के डिब्बे कम किये जा रहे हैं परिणाम स्वरूप स्लिपर में आरक्षण लेकर चलने वाला यात्री अपनी सीट तक भी नहीं पहुँच पा रहा है।

रेल की छवि बिगाड़ कर उसे निजी हाथों में सौंप दिया जायेगा फिर रेल यात्रा करना भी गरीब के लिए दूभर हो जायेगा। रेल यात्रा भी उसकी पहुँच से बहुत दूर हो जायेगी। वो स्वप्न कि हवाई चप्पल वाला हवाई जहाज में यात्रा करेगा। ये स्वप्न तो पूरा नहीं हो सका लेकिन हम रेल को बिकने नहीं देंगे। जब गरीब रेल यात्रा नहीं कर सकेगा तब गरीब के जीवन पर पहला असर पड़ेगा और तब गरीबों को भाजपा और कांग्रेस में फर्क समझ में आयेगा। इसके बाद गरीब की समझ में आयेगा कि भाजपा है क्या चीज़। इसलिये देश के संस्थानों को और देश के संविधान को बचाना है तो हाथ के पंजे को वोट दीजिए और गरीबों के हितों को समझने वाली सरकार बनाईये।

जनसम्पर्क के दौरान शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, विवेक बाजपेयी, भरत राय, वीरेन्द्र कुशवाहा, शफीक अहमद मुन्ना, अशोक कंसोरिया, राजकुमार फौजी, राजकुमार सेन, शाहरूख खान, विजय तिवारी, हरि ओम श्रीवास, बलराम साहनी, वीरेन्द्र अहिरवार, दिनेश वर्मा, शाकिर अली, इमरान खान, कुतुबुददीन, जमाल कुरैशी, जावेद बबूआ, कल्लू पाल, यशवीर पिपरैया, वीरेन्द्र झा, मज़हर अली और अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी अनुराग शर्मा के लिए सघन जनसम्पर्क किया



ललितपुर। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सांसद पं अनुराग शर्मा के पक्ष में मतदान करने के लिए आज नगर क्षेत्र के मुहल्ला चौक बाग, पटेल नगर, रावतायना, एवं सिद्धन पूरा नेहरू नगर, आईटीआई कॉलोनी में नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल के नेतृत्व में सघन जनसंपर्क किया गया ।

इस अवसर पर विधानसभा संयोजक गन्धर्व सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विकास रथ में आम आदमी सबसे पहले है।जैसे कि गरीब आदमी के लिए इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड की व्यवस्था की।गरीब आदमी को कच्चे घर से पक्के घर वनाने हेतु प्रधानमंत्री आवास की व्यवस्था की।गरीब महिलाओं के लकड़ी के धुंये से आंखों में आने बाले आंसू पोंछने के लिए उज्जवला योजना के अन्तर्गत मुफ्त में सिलेण्डर देने की व्यवस्था की।

इस अवसर पर जनसम्पर्क के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अजय पटेरिया,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, डादीपक चौबे,पार्थ चौथे, अनुराग जैन शैलू,अब्दुल नासिर मंसूरी, दीपक पाराशर,ध्रुव सिसौदिया, रवि साहू,नगर मीडिया प्रभारी गोल्डी राजपूत, भगत राठौर, राजेश डोडवानी, धर्मेंद्र राजपूत,अर्चना राजपूत, नितिन पंथ,रूपेश साहू, दीपक सिंघई बॉबी, तेजस्व श्रीवास्तव,अभिषेक सोनी, राधे रैकवार, गब्बर अहिरवार, तिरुपति रावत, अविनाश देशमुख, अमन द्विवेदी, राम सिंह यादव, अमन सोनी, पार्वती खटीक, , आशीष हुण्डित, राहुल चौबे, बालकिशन राजपूत, मनोज खटीक, जगभान राजपूत, संजीव शौर्य,सचिन साहू आशीष सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

## चेयरमैन ने निर्माणाधीन नाला व सफाई कार्य देखा

कुरारा। कस्बे में नाला सफाई का काम शुरू कराया जा रहा है। सफाई कार्य को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई कर्मियों को दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नवनिर्मित नाला निर्माण की हकीकत देखी। नाला निर्माण कार्य करवा रहे ठेकेदार को जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए। कस्बे में कालपी हमीरपुर फोरलेन किनारे नाला निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से हो रहा है। ऐसे में दुकानदारों के साथ ग्राहकों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। इसी को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण किया। वहीं सफाई कर्मियों से कहा कि शीघ्र ही नाला सफाई काम पूरा करें। उन्होंने कछुआ गति हो रहे नाला निर्माण को देखकर उन्होंने ठेकेदार से शीघ्र काम पूरा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी अनिरुद्ध पांडे, हरि ओम, संदीप सिंह, दीपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## हार्ट अटैक आने से सिपाही की मौत

राठ। कस्बे के चरखारी रोड? सिकंदरपुरा में किराए के मकान में पत्नी व बच्चे के साथ रह रहे मुस्करा थाने में तैनात कम्प्यूटर आपरेटर दीवान पद तैनात सिपाही की अचानक हालत बिगड़ गई। स्वजन व मौके पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया। जहां रास्ते में सिपाही ने दम तोड़ दिया। स्वजन ने हार्ट अटैक की अशंका जता रहे हैं।

इटावा निवासी आलोक पांडेय 2015 बैंच के सिपाही है। उनकी पहली पोस्टिंग राठ कोतवाली में हुई थी। सात साल तक राठ कोतवाली में तैनात सिपाही की 5 अगस्त 2022 मुस्करा कोतवाली में पोस्टिंग हुई थी। शनिवार की सुबह करीब नौ सिपाही की घर में हालत बिगड़ गई। सिपाही की पत्नी ने कोतवाली राठ में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सिपाही को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया। जहां रास्ते में सिपाही ने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे एक पुत्र चार वर्षीय वैभव को छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी नीतू का रो रोकर बुरा हाल है। डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि हार्ट अटैक से ही अशंका जताई जा रही है।

## एक वर्ष से प्रधानाध्यापक नहीं आया स्कूल, छात्रों की पढ़ाई हो रही बाधित

राठ। विकासखंड के ग्राम इटोरा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात इंचार्ज प्रधानाध्यापक लगभग एक वर्ष से विद्यालय नहीं आ रहे हैं। जिससे छात्रों की पढ़ाई व अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से की है।

इटोरा ग्राम के प्रधान राजेंद्र सिंह ने बताया कि उनके गांव में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात इंचार्ज प्रधानाचार्य बलवंत राय सक्सेना लगभग एक वर्ष से विद्यालय नहीं आ रहे हैं और विद्यालय की सहायक अध्यापिका माया देवी रजिस्टर में उनके हस्ताक्षर कर लेती है। उक्त इंचार्ज प्रधानाध्यापक खंड शिक्षा अधिकारी से सांठ गांठ कर अपना वेतन निकाल लेते हैं। इंचार्ज प्रधानाचार्य की इस लापरवाही से छात्रों के शिक्षण कार्य सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से नहीं चल पाते हैं। जिस पर ग्रामीणों ने एसडीएम सहित उच्चाधिकारियों से शिकायत कर ऐसे लापरवाह इंचार्ज प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## कुल्हाड़ी से हमला कर युवक को किया घायल

राठ। जरिया थाने के चंड़ौत गांव निवासी सत्यवीर पुत्र बाबू सिंह ने बताया कि वह 1 मई दोपहर 1 बजे नदी किनारे लगे अपने कछुआरे को देखकर घर लौट रहा था। तभी रास्ते में गांव निवासी सचिन अपने रिश्तेदार रोहित और उपरंहका गांव के  कल्लू ने रास्ता रोक लिया और बेवजह गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से पीटने लगे। विरोध किया तो तीनों ने एक राय होकर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी की बट से मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में तीन घायल

राठ। कस्बे के उरई मार्ग पर क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल के पास तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच हुई भीषण भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के द्वारा आनन फानन में इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।  जहां चिकित्सकों ने एक घायल बच्चे की हालत नाजुक होने पर उसे नजदीकी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार चिकासी थाने के छोटी बंधौली गांव निवासी मानिकचंद्र 18 पुत्र कंधीलाल क्षेत्र के अमगांव स्थित अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। जो कि आज दिन के समय बाइक से परीक्षा देने के लिए महाविद्यालय जा रहा था। तभी रास्ते में राठ उरई मार्ग पर क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक में सवार युवक की बाइक मानिकचंद्र की बाइक से टकरा गई। जिससे हुए हादसे में दोनों बाइकों में सवार मानिकचन्द्र के अलावा राठ कस्बे के पठानपुरा इलाके का निवासी शाहरुख पुत्र छोटे व उसका भतीजा अयान पुत्र  रहीस सड़क पर गिरकर घायल हो गये। जिन्हें सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल अयान की नाजुक हालत को देखते हुए उसे नजदीकी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

## आकाश सेन ने रक्तदान कर दिया 11 माह के बच्चे को जीवनदान

### वक्त का हर क्षण , और रक्त का हर कण महत्वपूर्ण है, डॉली राजे बुंदेला



**ललितपुर।** प्रगति रक्तदान सेवा समिति रंजि द्वारा आकाश सेन ने 17वी बार निस्वार्थ भाव से किया रक्तदान उन्होंने तालाबपुरा में स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती  11 माह के वेद राजा पिता जीतू राजा दूधई ब्लॉक बिरधा निवासी जिसको वहां के डॉक्टरों ने बच्चे का हीमोग्लोबिन 4,8 बताते हुए परिजनों से बच्चे के लिए जल्द से जल्द ए-बी पॉजिटिव 180एमएल फ्रेश रक्त की व्यवस्था करने के लिए कहा जिस के पश्चात परिवार वालों ने अपना ब्लड ग्रुप चेक करवाने पर किसी का भी ग्रुप मैच नहीं हुआ परिवार वाले काफी चिंतित थे जैसे ही परिजनों ने सम्पर्क द्वारा इसकी जानकारी संस्था की सरंक्षक डॉली राजे बुंदेला को होने पर उन्होंने यह जानकारी अध्यक्ष प्रिंस राठौर दी जिसके बाद प्रिंस ने संस्था से  जुड़े ए-बी पॉजिटिव के रक्तदाताओ से सम्पर्क करना प्रारंभ किया रात्रि का समय होने के कारण कोई रक्तदाता रक्तदान के लिए सहमती नहीं बना पा रहा था  इसी बीच रात्रि करीब 12:15 बजे फरिश्ता बनकर आए तालाबपुरा निवासी आकाश सेन को बच्चे रक्त की अवश्यकता की जानकारी प्रिंस के द्वारा प्राप्त होने पर आकाश ने रात्रि 12 बजे  जिला अस्पताल के ब्लड बैंक पहुंचकर अपना रक्त ए-बी पॉजिटिव 17वी बार किया रक्तदान आकाश ने बताया कि वह पहले भी कई बार संस्था द्वारा जरूरत मंद को रक्तदान कर चुके हैं डॉली राजे बुंदेला ने कहा हमे गर्व है अपने भाइयों पर जो न दिन देखते हैं और न रात पहुँच जाते हैं ।

# शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस का मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया निरीक्षण

## क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण पूर्ण किया जाए: सीएमओ

झाँसी। माह के पहले शनिवार को आयोजित टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी झाँसी डॉ सुधाकर पाण्डेय ने नोडल अधिकारी आरसीएच डॉ एन के जैन, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ विजयश्री शुक्ला और अर्बन कोऑर्डिनेटर  जियाउर्रहमान की टीम के साथ किया। शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के अन्तर्गत घनी बस्ती मदकखाना में स्थित अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर मदकखाना का निरीक्षण किया गया।

चिकित्सालय में डॉ समरीन द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांचें की जा रही थीं , साथ ही ओपीडी में निरीक्षण के समय तक 52 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण भी किया गया था। एएनएम श्रीमती दीपकुमारी ने 11 गर्भवती महिलाओं को टिटेनस टॉक्साइड डिप्थीरिया का टीका लगाया था और 16 बच्चों को टीके लगाये थे। आशाबहू श्रीमती रुकसाना का रजिस्टर व रिकार्ड बहुत अच्छा बना था, जिसकी प्रशंसा की गयी।

अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर डडियापुरा के निरीक्षण में डॉ सृष्टि गुप्ता सहित स्टाफ उपस्थित मिला। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तालपुरा में डॉ रेनू तरैया सहित स्टाफ उपस्थित मिला। डॉ रेनू ने ओपीडी में 62 मरीजों का उपचार किया था।निरीक्षण के समय तक एएनएम श्रीमती रश्मि ने 6 गर्भवती महिलाओं को टिटेनस टॉक्साइड डिप्थीरिया का टीका लगाया था और 15 बच्चों को टीके लगाए थे।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण पूर्ण करने के निर्देश देते हुए बच्चों के माता-पिता से अपील की कि अपने 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं। टीकाकरण से बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों टीबी, टिटेनस,पोलियो, डिप्टीथीरिया, काली खा?सीं,डायरिया, निमोनिया, खसरा, रूबेला, जापानी इन्सेफेलाइटिस आदि से बचाया जा सकता है इसलिए बच्चों को और गर्भवती महिलाओं को समय पर टीका अवश्य लगवाऐं।

# पुलिस कंट्रोल रूम फायर सर्विस एवं एंबुलेंस से संबंधित छात्राओं को जानकारी दी गई

## प्रवक्ता असमा खान व रचना नामदेव द्वारा छात्रों सम्मानित किया गया



*झांसी ! आज सूरज प्रसाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज झांसी के प्रांगण में स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के मई माह के कार्य योजना के तहत एसपीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा, यातायात जागरूकता यातायात संकेत व सतर्कता के ऊपर एसपीसी नोडल प्रवक्ता असमा खान द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, साथ ही शिक्षिका रचना नामदेव ने छात्राओं को यातायात के दौरान करने एवं नहीं करने योग्य बातें, दुर्घटना एवं उनकी रोकथाम के तरीके, दुर्घटना में एक नागरिक की भूमिका क्या होनी चाहिए जैसी बातें बतायी व नाटकीय रूप से प्रदर्शित भी कराई। इसके पश्चात प्रधानचार्या श्रीमती निधि चौहान ने दुर्घटना से संबंधित महत्वपूर्ण सरकारी विभाग, पुलिस कंट्रोल रूम फायर सर्विस एवं एंबुलेंस आदि से संबंधित अति महत्वपूर्ण जानकारी से कैडेट्स को अवगत कराया गया कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा संबंधी भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई, तदुपरांत प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कैडेट्स को प्रधानाचार्या निधि चौहान, प्रवक्ता असमा खान व रचना नामदेव द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसपीसी कैडेट्स सहित विद्यालय की समस्त छात्राएं व शिक्षिकाएं उपस्थिति रही।*

## रामनिवास गोंड बलिया लोकसभा क्षेत्र से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी घोषित

**बलिया ब्यूरो चीफ ओम प्रकाश पाण्डेय**

बलिया ! गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा.तुलेश्वर सिंह मरकाम जी द्वारा जिला- गाजीपुर विधान सभा- मोहम्मदाबाद अन्तर्गत ग्राम- तरांव निवासी- रामनिवास गोंड पुत्र स्व. सर्वदेव गोंड को 72- बलिया लोकसभा क्षेत्र से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया गया है जिनका नामांकन 9 मई 2024 को समय 11 बजे से मिड्ढी चौराहा से सादगीपूर्ण तरीके से पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पहुँच कर, पर्चा दाखिल किया जाएगा ! इस आशय की जानकारी गोंडवाना गनतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री/उत्तर प्रदेश प्रभारी अरविंद गोंडवाना व प्रदेश महासचिव गोपाल जी खरवार ने संयुक्त रूप से दी है ! टिकट लेकर बलिया पहुंचने पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष सुमेर गोंड, जिलासचिव परशुराम खरवार, तहसील इकाई अध्यक्ष संजय गोंड, ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश गोंड, दीपक गोंड, युवामोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज शाह, प्रदेश सचिव सुरेश शाह, उमाशंकर गोंड, सुदेश शाह, कन्हैया गोंड, सूचित, रामचंद्र जेठवंत, उमेश गोंड, प्रदीप गोंड, रंजीत निहाल ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है !

# झुग्गी झोपड़ी अभियान की लोकसभा स्तरीय बैठक संपन्न

## हर समाज के उत्थान के लिए कार्य करती है भारतीय जनता पार्टी : हरीश मेवाफरोश

झांसी। आज भारतीय जनता पार्टी 46, लोकसभा चुनाव कार्यालय में पार्टी द्वारा झुग्गी झोपड़ी अभियान की लोकसभा स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया ,जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि  हरीश मेवाफरोश ( राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अनुसूचित मोर्चा ) जी ने महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया ,मुख्य अतिथि ने झुग्गी झोपड़ी अभियान की लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों से आगामी अभियान कार्यक्रमों की समीक्षा की एवं पार्टी द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत कराया।




उन्होंने कहा कि मोदी जी आधुनिक और विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्पित है उनके कार्यकाल में चार करोड लोगों को आवास वितरण हो चुके हैं और आगामी कार्यकाल में सभी बस्तियों में एक एक गरीब के आवास का निर्माण और राशन का वितरण होगा उन्होंने पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि झांसी ललितपुर लोकसभा प्रत्याशी अनुराग शर्मा को भारी मतों से विजयी  बनाने के लिए पदाधिकारी को कार्य एवं जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करना अति आवश्यक है  पहले सामान्य आम जन मानस ये बोला करता था कि राजनीति से कुछ नहीं बदलेगा ,10 वर्ष के अंदर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राजनीति की परिभाषा और राजनीति की संस्कृति बदल दी है ,पिछले 10 साल के अंदर मोदी जी ने राम मंदिर निर्माण से लेकर जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने तक... सारे वादों को पूरा करने का काम किया है,आज का भारत घर में घुस कर मारता है और मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवाद को रौंदकर सुख चैन का वातावरण बनाने का काम हुआ है मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अर्थ है देश के गरीबों के कल्याण की चिंता करना,देश को विकसित बनाना, जनजातियों के सम्मान की चिंता करना और हमारे  उत्तर प्रदेश को पहले नंबर का राज्य बनाना, डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश के अंदर माफियाओं को समाप्त करने का काम किया है और साथ ही सुशासन का वातावरण बनाया है यही कारण है कि पहले जिस उत्तर प्रदेश में लोग उद्योग और व्यापार करने में हिचकते थे आज उसी उत्तर प्रदेश में देसी ही नहीं बल्कि विदेशी कंपनियां भी लाखों करोड़ों के निवेश कर रही है

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रतनलाल अहिरवार ने कहा कि मोदी जी देश की जन भावनाओं को समझते हुए जनता के लिए योजना बनाकर लोगों को लाभ दे रहे हैं.बैठक को श्री निशांत शुक्ला (क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य युवा मोर्चा) कपिल बिर्सेनिया (जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा) , जगत राजपूत आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन लोकसभा संयोजक झुग्गी झोपड़ी अभियान प्रमुख भूपेंद्र आर्य ने किया वह आभार गोपाल सहरिया ने व्यक्त किया इस अवसर पर  लाल अहिरवार, रानू तिवारी ,राघवेंद्र सिंह ,सूर्य प्रकाश शर्मा ,अरविंद खटीक, श्याम पुरी गोस्वामी ,प्रदीप खटीक ,पार्षद ज्ञानचंद खटीक ,मनीष खटीक ,रामबाबू ,अभिनव यादव रमेश सहरिया, मनोहर सहरिया, दीनदयाल चौरसिया आदि जनसमूह उपस्थित रहे

## माह अप्रैल में मंडल द्वारा टिकट जांच के माध्यम से कमाए 3.52 करोड़

### सीटीआई साजिद अनवर ने माह अप्रैल में जुटाए सर्वाधिक 7.75 लाख



झांसी। मण्डल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक श्री अमन वर्मा की विशेष निगरानी में मंडल द्वारा निरंतर चलाए जा रहे टिकट जांच अभियानों से माह अप्रैल में 3.52 करोड़ का एक बड़ा राजस्व अर्जित कर दिखाया है। माह के दौरान लगभग 53 हजार यात्रियों को अनियमित तौर पर यात्रा / बिना बुक लगेज / धुम्रपान / गंदगी फैलाने हुए पकड़ा गया और नियमानुसार जुर्माना स्वरुप रेल राजस्व वसूल किया गया। अमन वर्मा द्वारा ग्रीष्मकालीन ट्रैफिक को देखते हुए दैनिक रूप से टिकट जांच अभियान की मोनिटरिंग की जा रही है जिसके फलस्वरूप अनियमित यात्रियों की कमी तथा रेल राजस्व में बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। अमन जी के निरंतर प्रोत्साहन के चलते टिकट जांच कर्मियों द्वारा बेहतर से बेहतर परफॉरमेंस दी जा रही है, जिसमें साजिद अनवर द्वारा अप्रैल माह में 1011 प्रकरणों से 7.75 लाख तथा हामिद द्वारा प्रकरण से 949 यात्रियों से 7.05 लाख का रेल राजस्व वसूल किया गया।

## महिलाओं व युवाओं को आर्थिक और सामाजिक शक्ति देगीं कांग्रेस की न्याय गारन्टी



झांसी। आज वार्ड नं. 3 भट्टागांव, खिरकपट्टी एवं सिंगर्रा में कांग्रेस के न्याय गारन्टी पत्र भरवाये गये। इस मौके पर आयोजित न्याय संकल्प सभा का आयोजन हुआ। सभा को संबोधित करते हुये शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस की न्याय गारन्टी योजना समाज की निर्धन महिलाओं व बेरोजगार युवाओं को आर्थिक और सामाजिक शक्ति प्रदान करेंगी। इस दौरान कांग्रेस ( इंडिया गठबंधन ) प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य को विजयी बनने की अपील की। इस मौके पर झांसी विधान सभा प्रभारी अरविंद बब्लू, शहर कोषाध्यक्ष भरत राय, पूर्व प्रदेश सचिव अनु. जाति विभाग अमीर चंद आर्य, विजय नारायण तिवारी, नफीस मकरानी, मानव श्रीवास्तव, शाहनबाज खान, इरफान अहमद, फारुख, सप्पा भाई, रमेश कुण्डलिया, फूल चंद, पवन यादव, दीपक अहिरवार, आकाश अहिरवार, कुनाल अहिरवार, आमिर, सलीम खान, सलमान, निजाम, शादाब, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## बच्चों के लिये समर कैम्प का आयोजन




झांसी। महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित बेतबा नर्सरी स्कूल में दिनांक 13.05.2024 से 18.05.2024 तक 3 वर्ष से 8 वर्ष की आयु तक के समर कैम्प का अयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता दत्ता ने अवगत कराया कि इस समर कैम्प में बच्चों को डांस, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, क्ले वर्क, सैल्फ डिफेन्स, फन गेम तथा नॉन फायर कुकिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कैम्प का आयोजन सुबह 08:00 बजे से 11:00 बजे तक होगा। कैम्प में किसी भी विद्यालय का छात्र हिस्सा ले सकता है, जिसके लिये रजिस्ट्रेशन फार्म स्कूल से प्राप्त किये जा सकते है।

## मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया



झांसी। झांसी रेल मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्ग दर्शन व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन में टिकट चेकिंग, आरपीएफ व जीआरपी स्टाफ के द्वारा संयुक्त रूप से किलाबंदी कर 24 घंटे का मेगा फोर्ट्रेस जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान में वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, बांदा, ललितपुर, उरई आदि मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर अभियान चलाया गया।अभियान में इन स्टेशनों के सभी प्लेटफार्म, वेटिंग रूम, खानपान स्टॉल चेक किए गए व मंडल स्टेशन से गुजरने वाली यात्री गाड़ियों के सभी कोचों को जिनमें महिला व दिव्यांग कोच भी शामिल रहे की सघन जांच की गई। इस दौरान झांसी मंडल में बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, बिना बुक लगेज, धूम्रपान एवं गंदगी फैलाने के 3468 प्रकरण पकड़े गए जिनसे 24.35 लाख रुपए राजस्व अर्जित किया गया।

# बीयू: बीडा क्षेत्र में सर्वेक्षण कार्य हुआ पूर्ण अब होगा आँकड़ों का विश्लेषण

### आर्थिक, सामाजिक, कौशल मानचित्रण, पर्यावरण व जल संसाधनों पर आधारित था सर्वे



झाँसी। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय व बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के संयुक्त तत्वावधान में बीडा क्षेत्र के 33 गाँवों की आर्थिक, सामाजिक, कौशल मानचित्रण, पर्यावरण व जल संसाधनों पर सर्वे किया जा रहा है जिसके रिपोर्ट के आधार पर उक्त गाँवों समग्र विकास हेतु मास्टर प्लान तैयार किया जायेगा। जिसके प्रथम चरण में विश्वविद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा इन 33 गाँवों की आर्थिक, सामाजिक, कौशल मानचित्रण, पर्यावरण व जल संसाधनों पर आधारित प्रश्नावली द्वारा उक्त विषयों के संदर्भ में ग्रामीणों से सघन जानकारी एकत्रित की गई। कुलपति प्रो0 मुकेश पांडेय की अध्यक्षता व कुलसचिव विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में आयोजित बैठक में उक्त सर्वेक्षण कार्य के समन्वयक प्रो0 सुनील कबिया ने प्रथम चरण में एकत्रित आंकड़ों के विषय में विस्तार से बताया। प्रो0 कबिया ने बताया कि कुल तीन टीमों द्वारा सर्वेक्षण कार्य किया गया जिसमें प्रत्येक टीम में दो शिक्षक व छः विद्यार्थियों सहित आठ लोग पूर्व निर्धारित गाँवों में जाकर आंकड़ों का संग्रहण कर रहे थे। इस प्रकार लगभग सप्ताह भर चले सर्वेक्षण कार्य में 1500 से ज्यादा प्रश्नावलियों के माध्यम से वृहद जानकारी एकत्रित की गई है जिनका शोधकर्ताओं द्वारा डेटा फीडिंग किया जा रहा है। अब अगले चरण में इन आंकड़ों का विश्लेषण किया जायेगा जोकि अंतिम रिपोर्ट तैयार करने में सहायक सिद्ध होंगे। इस दौरान सर्वेक्षण कार्य में लगे अन्य शिक्षक व विद्यार्थियों ने भी कुलपति के समक्ष अपने अनुभवों को साझा किया।

इन बैठक के उपरांत बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रो0 सुनील कबिया के नेतृत्व में बीडा के मुख्य कार्यपालक कार्यपालक अधिकारी अमृत त्रिपाठी से मिलकर सर्वेक्षण से सम्बंधित आंकड़ों व सूचनाओं से अवगत कराया। बीडा के सीईओ अमृत त्रिपाठी ने कहा कि बीयू द्वारा जमीनी स्तर पर किये ह्रुगए इस सर्वे से मास्टर प्लान की प्रासंगिकता बढ़ेगी और अकादमी व इंडस्ट्री के परस्पर सहयोग से बीडा क्षेत्र के समग्र विकास को बल मिलेगा। इस अवसर पर डॉ विनीत कुमार, डॉ लवकुश द्विवेदी, डॉ शिल्पा मिश्रा, डॉ ज्योति मिश्रा, डॉ जीके श्रीनिवासन, डॉ चेतन आनंद दुबे, डॉ ग़ज़ाला अहमद, डॉ सत्येंद्र चौधरी, डॉ अंजलि सक्सेना, हेमन्त चंद्रा, हितिका यादव, राज अग्निहोत्री, गंगा तलवार, राधा दुबे, खुशी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## नगर राजभाषा कार्यान्वमयन समितिए झांसी की 73वीं बैठक संपन्न




झांसी। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति झांसी की 73वीं बैठक मंडल रेल प्रबंधक के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में झांसी नगर स्थित विभिन्न केन्द्रीय कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री दीपक कुमार सिन्हा मंडल रेल प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी की लिपि देवनागरी है जो कि व्यीवहारिक उपयोग की दृष्टि से बहुत ही वैज्ञानिक और तर्कसंगत मानी गई है। यही कारण है कि कंप्यूटर साफ्टवेयर एप्लीकेशनों में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग में लाई जा रही है और विभिन्न प्रकार के ई टूल्स में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग किया जा रहा है। झांसी नगर में राजभाषा कार्यान्वयन प्रभावी ढंग से हो रहा है। बैठक में झांसी के केन्द्रीय कार्यालयों, उपक्रमों तथा बैंकों, बीमा कंपनियों के वरिष्ठं अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी केशव त्रिपाठी एवं सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने सदस्य कार्यालयों से प्राप्त छ्माही प्रगति रिपोर्टों की मदवार समीक्षा की और जिन कार्यालयों में इसके प्रचार-प्रसार में कहीं कोई कमी पाई उसे संबंधित कार्यालय को दूर करने के लिए के लिए आग्रह किया बैठक का संचालन केशव त्रिपाठी सचिव नराकास वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय झांसी द्वारा किया गया। अंत में वरिष्ठ अनुवादक भगवान दास राजभाषा विभाग द्वारा बैठक उपस्थित झांसी के केन्द्रीय कार्यालयों उपक्रमों तथा बैंकों, बीमा कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों व प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## हर घर जल तो पहुंचा नहीं सड़के खराब कर जन–जन को पैदल चलना हुआ दूभर

**आखिर शासन कब लेगा संज्ञान**

**सिद्धि सरकार से तहसील संवाददाता आयुष त्रिपाठी**



गुरसरांय। केंद्र और राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली हर घर नल हर घर जल योजना के माध्यम से आम जनता को वर्ष 2024 में लागू करके गुरसरांय समेत पूरे ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जन को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराना था लेकिन प्रदेश सरकार के जल निगम द्वारा जिस कंपनी को यह काम की जिम्मेदारी सौंपी गई थी वह 2024 के पांच माह होने के बाद भी कही भी चालू नही हुई। उल्टा गुरसरांय नगर पालिका क्षेत्र के पूरे के पूरे 25 वार्डों में पाइपलाइन बिछाने के नाम पर पूरी सड़के पिछ्ले 6 माह से अधिक समय से उखाड़ दी गई है इसके दुष्परिणाम स्वरूप आम जनता को पैदल चलना भी दूभर हो रहा है।

वही आए दिन गुरसरांय की इन सड़कों पर स्कूली बच्चों से लेकर आम लोग-बाग गिरते-उठते नजर आते हैं। जल निगम और उनके द्वारा दिये गए ठेकेदारों को उक्त काम के नाम पर समय सीमा से लेकर कार्य की गुणवत्ता पूर्वक हर कीमत पर 2024 में उक्त काम पूरा होकर आम जनता को इसका लाभ मिलना था लेकिन विभागीय अधिकारियों और संबंधित विभाग के आला अधिकारियों की कही न कही काम करने वाले कंपनी के ठेकेदारों से मिलीभगत के चलते इस काम में करोड़ों रुपए का आर्थिक घोटाला होना जहां इशारा कर रहा है वहीं गुरसरांय नगर से लेकर बामौर विकासखण्ड गुरसरांय विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में भी गाँव-गाँव पूरी तरह रास्ते उखड़े पड़े हुए है और आम जनता को पानी भी नही मिल पा रहा है। यहां बता दें तत्कालीन जिलाधिकारी झांसी रविंद्र कुमार ने गुरसरांय में जो टंकी निर्माण हो रही थी।उसका मौके पर जाकर निरीक्षण किया था जिसमें काम में लापरवाही बरतने को मौके पर पाया था।

और इस सबंध में कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्यवाही करने के सख्त निर्देश भी दिए थे। लेकिन उनके स्थानांतरण होने के बाद फिर से संबंधित विभाग से अधिकारी और ठेकेदार जानबूझकर एक और जहां कई करोड़ रुपए का सरकार केंद्र बार राज्य सरकार के खर्च करने के बाद भी दिए गए निर्धारित समय सीमा भीतर काम नहीं कर पाए तो दूसरी ओर जनता के सामने पेयजल की समस्या ने और विकराल रूप धारण कर लिया क्योंकि जल संस्थान द्वारा नियमित आम जन को गुरसरांय में पानी आपूर्ति नहीं की जा रही है तो दूसरी ओर सड़के पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं और यह सड़के मरम्मत इसी विभाग के द्वारा होनी थी।

## पानी की समस्या को लेकर दर्जनों महिलायें पहुँची संघर्ष सेवा समिति कार्यालय

### महिलाओं को जल की समस्या के निराकरण का डॉ. संदीप ने दिया आश्वासन





झाँसी। पानी की समस्या को लेकर इलाहाबाद बैंक चौराहे समीप वार्ड क्रमांक 51 निवासी दर्जनों महिलाएं आज संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंची जहां उन्होंने बताया नगर निगम द्वारा बनाए गए नाले से उनके घर के नलों की पाइपलाइन दब गई है जिससे पानी आना बंद हो गया साथ ही वहां लगे हुए हैंडपंप को नगर निगम द्वारा हटा दिया गया जिससे उनका पानी प्राप्त करने का दूसरा विकल्प भी समाप्त हो गया। महिलाओं के द्वारा बताया गया कि क्षेत्रीय सभासद को सारी जानकारी होने के बाद भी समस्या के निराकरण का कोई प्रयास नहीं किया गया ना ही वैकल्पिक रूप से जल के टैंकर की व्यवस्था की जा रही है जिससे गर्मी के मौसम में उनका जीवन अस्त व्यस्त होता जा रहा है। महिलाएं पानी की व्यवस्था के लिए जगह-जगह भटक रही हैं। क्षेत्रीय निवासियों का दो टूक कहना है कि यदि उनके क्षेत्र में जल की समस्या का निराकरण नहीं किया जाता तो वह चुनाव में अपने मत का प्रयोग नहीं करेंगी। साथ ही उन्होंने बताया कि पूर्व में भी वे संघर्ष सेवा समिति कार्यालय आ चुकी हैं जहां उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। साथ ही उन्होंने यह उम्मीद जताई कि इस बार भी डॉक्टर संदीप द्वारा उनकी सहायता की जायेगी। वहीं संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉक्टर संदीप ने कहा गर्मियों के मौसम में अधिकांशतः पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है क्योंकि हमारा बुंदेलखंड सूखाग्रस्त क्षेत्र है। गर्मियों में जल का स्तर गिर जाने के कारण जमीनी स्त्रोतों से जल आना कम हो जाता है। बहुत जल्द ही संघर्ष सेवा समिति क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के समक्ष यह समस्या रखेगी यदि किसी कारण समस्या के निराकरण में विलंब होता है तो संघर्ष सेवा समिति के माध्यम से उक्त स्थान पर हैंडपंप लगवाने का प्रयास किया जाएगा। अंत में आप सभी से और जनपदवासियों से यह अनुरोध करना चाहूंगा सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए अपने मत का प्रयोग करना अत्यंत आवश्यक है चुनाव के दिन अपने घरों से निकलकर वोट जरूर डालें समस्याओं का दौरा आता जाता रहता है लेकिन हमें अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटना चाहिये।

## मॉडर्न महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने मतदान जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक कर वोट डालने के लिए निमंत्रण पत्र दिया




झांसी। मॉडर्न ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूट के अन्तर्गत मॉडर्न महाविद्यालय के डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं ने मतदान जागरूकता रैली निकालकर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करके 20 मई 2024 को मतदान करने का निमंत्रण पत्र दिया। मतदाता जागरूकता रैली का शुभारम्भ संस्था के फाउण्डर चेयरमैन कैप्टन अरविन्द विश्वनाथन, फाउण्डर चेयरपर्सन श्रीमती शान्ति विश्वनाथन, चेयरमैन डॉ0 रोहिन विश्वनाथन, वाइस चेयरपर्सन श्रीमती अंशिता विश्वनाथन, मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अपूर्व शुक्ला, सेक्रेटरी श्रीमती रत्ना शुक्ला ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर किया।

मॉडर्न महाविद्यालय प्राचार्य श्री नरेन्द्र त्रिपाठी व मॉडर्न कॉलेज प्राचार्य डॉ0 असद अहमद के नेतृत्व में प्रशिक्षुओं ने मॉडर्न ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूट के प्रबंध निदेशक महोदय श्री अपूर्व शुक्ला को लोकसभा चुनाव 2024 का निमंत्रण पत्र देकर मतदान के लिए लोगों को निमंत्रण पत्र देने का शुभारम्भ किया। लोकसभा चुनाव-2024 को सफल बनाने के लिए भारत सरकार लगातार प्रयास कर रही है। अधिक से अधिक मतदाता मतदान में भागीदार हो इसके लिए जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में एक जागरूकता अभियान मॉडर्न महाविद्यालय की ओर से चलाया गया। एक दिवसीय कार्यक्रम में जागरूकता रैली को महाविद्यालय के शिक्षकों के नेतृत्व में प्रशिक्षुओं को कोछाभांवर परिक्षेत्र में भ्रमण कराते हुये लोगो को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

## मऊरानीपुर विधानसभा के विभिन्न गांव में भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने किया ग्रामवासियो के साथ जनसंवाद

**अब जब भारत तेजी से विकसित हो रहा है, तो अब संसदीय क्षेत्र के तेज विकास का यही समय है: अनुराग शर्मा**



झांसी। लोकतंत्र के महापर्व में पूरा देश बहुत ही उत्साह के साथ सम्मिलित होने जा रहा है और प्रत्येक पार्टी के अपने-अपने प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता विभिन्न गांवो में जाकर अपना जनसंवाद और जनसंपर्क कर अपनी-अपनी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी अपने ÷4 जून को 400 पार ÷ के संकल्प को पूरा करने के लिए अथक मेहनत और जनसंपर्क कर रही है, और इसी संकल्प को झाँसी लोकसभा में साकार करने के लिए झांसी ललितपुर के वर्तमान सांसद और भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अनुराग शर्मा जोरदार तरीके से गाँव गाँव जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं।

इसी संदर्भ में झांसी ललितपुर के सांसद और वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने भी मऊरानीपुर विधानसभा के ग्राम बरौरी, कोटरा, अक्सेव, तिलैरा, मंडवा, बम्हौरी, खदरका, सिजारी, ईटायल, बरौरा, चकारा, धवाकर में जाकर ग्राम वासियों से जनसंवाद किया और मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई. उन्होंने कहा कि बल इंजन की सरकार में विकसित बुंदेलखंड का सपना साकार होने जा रहा है, और जिसकी नीव झांसी ललितपुर से ही रखी गई है, झांसी को औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीड़ा) तथा ललितपुर को बल्क ड्रग पार्क की सौगात मिलने से रोजगार की असीम संभावनाएं संसदीय क्षेत्र के लिए उत्पन्न हुई है।

साथ ही सांसद शर्मा की धर्मपत्नी पूनम शर्मा ने झांसी महानगर के वार्ड नंबर 47 रानीमहल, सैयर गेट, तथा वार्ड नंबर 45 छनियापूरा एवं संसदीय क्षेत्र के चिरगांव नगर में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया तथा आगामी 20 में को अनुराग शर्मा को अपना अनमोल मत देकर मोदी सरकार बनाने की अपील की.उन्होंने कहा कि आपके एक वोट की ताकत से आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है, झांसी ललितपुर विकसित होने जा रहा है साथ ही मोदी सरकार सबके साथ, सबके विश्वास और सबके प्रयास से हर क्षेत्र में सबका विकास कर रही है.

वही मऊरानीपुर के विभिन्न गांव में अनुराग शर्मा ने कहा कि ये चुनाव मोदी जी के नेतृत्व में %विकसित भारत% के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है, हम मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं, 10 वर्ष पहले, राजनीति उदासीनता से भरी हुई थी, उन्होंने कहा कि पिछ्ले 5 वर्षों में संसदीय क्षेत्र को विकास की एक नई गति मिली है, तथा पिछले 5 वर्षों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र में रिकॉर्ड सड़कों का निर्माण हुआ है.अटल आवासीय विद्यालय, और एकलव्य मॉडल विद्यालय संसदीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं पहले सामान्य मानवी ये बोला करता था कि राजनीति से कुछ नहीं बदलेगा, 10 वर्ष के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने राजनीति की परिभाषा और राजनीति की संस्कृति बदल दी है, पिछ्ले 10 साल के अंदर मोदी जी ने राम मंदिर निर्माण से लेकर जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने तक... सारे वादों को पूरा करने का काम किया है इसलिए विकास की यही गति को बनाए रखने के लिए तथा जल्द ही बुंदेलखंड को विकसित बनाने के लिए हम सभी को आगामी 20 मई को पुनः कमल खिलाना है

विधायक रश्मि आर्य बोली कि हम निश्चित रूप से 400 पार करने जा रहे हैं... इसमें कोई दो राय नहीं है। 4 जून को देश की जनता मोदी जी को आशीर्वाद देकर बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी, आज देश में दो खेमे हैं एक है वोट फॉर जिहाद का, दूसरा है वोट फॉर विकास इसलिए भाजपा प्रत्याशी को वोट देकर भरी मतो से विजयी बनाना है

जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम ने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अर्थ है -देश को नक्सलवाद और आतंकवाद से मुक्ति दिलाना, देश के गरीबों के कल्याण की चिंता करना, देश को विकसित बनाना, जनजातियों के सम्मान की चिंता करना और हमारे उत्तर प्रदेश को पहले नंबर का राज्य बनाना, साथ ही झाँसी ललितपुर में विकास गति और तेज करना है तो भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा को लाखो मतों के अन्तर से विजयी बनाए 7 इस दौरान उनके साथ पूर्व विधायक प्रागीलाल जी, विधानसभा संयोजक राजेंद्र राहुल, जिला महामंत्री प्रदीप पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आयुष श्रीवास, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर, आरके सिंह अहिरवार, मोनू मौर्य, जय प्रकाश देवलिया, डॉक्टर अनिल राज, यज्ञेश यादव, मलखान सिंह, प्रवेश शर्मा, शकुंतला नायक, कविता, उमा पटेल, विदेशी पटेल, अनीता अहिरवार, आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने गौवंश के खान-पान एवं रखरखाव के संबंध में की एडवाइजरी जारी

### पशु चिकित्सा अधिकारी/ उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी अपने मुख्यालय पर ही रात्रि निवास करना सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी



झांसी। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने ग्रीष्म ऋतु व आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत जनपद के गौ-आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित गौवंश एवं पशुपालकों द्वारा पाले जा रहे गौवंश के खान-पान व रखरखाव सम्बन्धी विशेष महत्वपूर्ण बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि आप सभी अवगत हैं कि वर्तमान में जनपद में भीषण गर्मी हो रही है तथा गर्म हवा व लू के कारण गौ-आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित गौवंशों के स्वास्थ्य एवं प्रबन्धन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है। ऐसी दशा में गौ-आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित गौवंश एवं पशुपालकों द्वारा पाले जा रहे पशुओं के खान-पान व रख-रखाव में विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस सम्बन्ध में पूर्व में भी समय-समय पर दिशा निर्देश निर्गत किये जाते रहे हैं ताकि अस्थाई / स्थाई गौ-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश को सुरक्षित किया जा सके। उन्होंने ग्रीष्मकालीन प्रबन्धन हेतु गौ-आश्रय स्थलों में ग्रीष्म ऋतु एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के निर्देशानुसार गर्मी एवं लू के प्रकोप के दृष्टिगत मूलभूत व्यवस्था किये जाने के विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किए। जिसमें प्रमुख रुप से गर्म हवाओं तथा लू से बचाव के लिये गौवंश शेड को चारों ओर से टाट अथवा बोरे से ढका जाय तथा यदि सम्भव हो तो दिन में टाट के परदों को पानी से भिगोया जाय जिससे गर्म हवा को प्रकोप कम से कम हो। पशुओं के पीने हेतु स्वच्छ जल की व्यवस्था की जाय। हमेशा ताजा जल ही पिलाया जाना उत्तम होगा। इसके अतिरिक्त गर्मी के मौसम में बोये जाने वाले हरे चारे विशेषकर चरी तथा सूडान ग्रास की फसल में पानी की कमी के कारण हाईड्रोसाइनिक एसिड तथा नाइट्राइट विषाक्तता होने की प्रबल सम्भावना रहती है। अतः चरी के खेत में समय समय पर पर्याप्त सिंचाई की जाय तथा हरे चारे के जिस खेत में यूरिया की टॉप ड्रेसिंग की गई हो या यूरिया डाला गया हो उस खेत के हरे चारे का उपयोग सिंचाई के उपरान्त कम से कम एक दिन बाद ही खिलाने हेतु किया जाये। जिलाधिकारी ने एडवाइजरी जारी करते हुए जनपद के समस्त गौशालाओं एवं पशुपालकों को सुझाव देते हुए कहा कि पशुओं को मात्र हरा चारा न खिलाया जाय यह उचित होगा कि पशुओं के आहार में 20 प्रतिशत हरे चारे के साथ 80 प्रतिशत गेंहू के भूसे को मिलाकर खिलाया जाय जिससे नाइट्राइट्र तथा हाइड्रोसाइनिक एसिड की विषाक्तता का प्रभाव न्यूनतम हो।

## संक्षिप्त समाचार

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए बनी स्वीप कार्यक्रमों की रणनीति



**हमीरपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय ने कल्पवृक्ष सभागार विकास भवन में जनपदीय अधिकारियों व स्वीप कमेटी की बैठक ली। सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ने विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा की। आगामी दिनों में प्रत्येक मतदाता तक पहुंच बनाने की रणनीति साझा की। सभी वोटर्स को जागरूक करने के लिए सभी अस्पतालों, मेडिकल स्टोर्स, पैथोलॉजी के पर्चे पर मोहर लगेगी। उसके साथ ही पेट्रोल पंप, गैस सिलेंडर व पर्ची, कोटेदार, विद्यालयों, दुकानों, मिठाई के डिब्बे, झोलों व औद्योगिक क्षेत्र में भी सेल्फी प्वाइंट, बैनर तथा पत्रों में मोहर लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव, साधना दीक्षित परियोजना निदेशक, आलोक सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीपीआरओ जितेंद्र मिश्रा आदि विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा व्यापार मंडल के अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर ने किया।

### पुलिस ने चोरी के आरोपियों को छोड़ा

#### एक ने डीआईजी से शिकायत कर न्याय की लगाई गुहार

सुमेरपुर। थानाक्षेत्र के अतरैया गांव में अवर अभियंता के घर हुई चोरी के मामले में एक आरोपी ने दो अन्य आरोपियों के दबाव में स्वीकार करने बात कही है। पीड़ित ने डीआईजी से न्याय की गुहार लगाई है।

अतरैया गांव निवासी अवर अभियंता पुष्पेंद्र के घर लगभग 20 लाख की जेवरात व नगदी की चोरी हुई थी। जिसका अवर अभियंता के छोटे भाई ज्ञानेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिस पर पुलिस ने बिन्दा,दस्सी व छोटे को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। लेकिन इन तीनों को छोड़ देने का आरोप लगाते हुए ज्ञानेंद्र कुमार ने थानाध्यक्ष की शिकायत पुलिस अधीक्षक की थी।वहीं थाने से छोड़े जाने के बाद शनिवार को आरोपी छोटे ने डीआईजी से शिकायत की है कि आरोपी बिन्दा व दस्सी के बहकावे में आकर उसने घटना को स्वीकार किया था।लेकिन अब यह दोनों घटना न स्वीकार करने से जमकर मारा पीटा है।पीड़ित का कहना है कि अगर किसी अन्य थाने से मामले की जांच कराई जाए।तो घटना का खुलासा तत्काल हो सकता है।पीड़ित का कहना है कि उसका इस घटना से कोई लेना देना नहीं है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार की शाम को आरोपियों को छोड़ा गया है।पूछताछ में किसी प्रकार का क्लू नहीं मिल रहा था।वहीं पीड़ित का कहना है कि पिता पुत्र अब मारपीट कर जबरिया घटना को कबूल करने का दबाव बना रहे है।पीड़ित के प्रार्थना पत्र में गांव के अन्य लोगों के भी हस्ताक्षर हैं।

### नाबालिग पुत्री की बरामदगी के लिए एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

#### एक माह पूर्व नाबालिग पुत्री 50 हजार रुपये लेकर चली गई थी घर से

मौदहा (हमीरपुर)। कस्बा निवासी एक पीड़िता ने नाबालिग पुत्री के द्वारा घर में रखे पैसे ले जाने के मामले में पूर्व में दी गई शिकायत का निस्तारण न होने से आक्रोशित महिला ने उप जिलाधिकारी के कार्यालय में पहुंच न्याय की गुहार लगाई। इसके साथ ही आमरण अनशन एवं भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। कस्बा निवासी पीड़िता ने उप जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर बताया कि बीते 31 मार्च को जब वह घर में स्नान कर रही थी। तभी उसकी नाबालिग पुत्री घर में रखे पचास हजार रुपये लेकर घर से चली गई। खोजबीन करने पर पता चला उजनेड़ी निवासी राजेश ने अब्बास के सहयोग से पुत्री को गुम कर दिया है। कभी भी कोई अप्रिय घटना का शिकार हो सकती है। जिससे आहत होकर 4 अप्रैल एवं 19 अप्रैल को कोतवाली में शिकायत करने के बावजूद अभी तक कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जिससे आहत पीड़िता ने उप जिलाधिकारी कार्यालय में न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने चेतावनी भरे लहजे में बताया कि यदि 20 दिन के अंदर पुत्री की बरामदी नहीं हुई तो मजबूरन भूख हड़ताल एवं आमरण अनशन के लिए बाध्य होगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### डीएम ने गोवंश के भरण-पोषण के लिए दानदाताओ से की अपील

हमीरपुर। शनिवार को जिलाधिकारी राहुल पांडे ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि सभी के समन्वित सहयोग से जनपद में 331 स्थायी/अस्थयी गो आश्रय स्थलों का संचालन किया जा रहा है वर्तमान समय में उक्त गो आश्रय स्थलों में 40510 निराश्रित गोवंश संरक्षित किये गये है। इतनी अधिक संख्या में संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण हेतु वर्ष पर्यन्त भूसे की आवश्यकता बनी रहती है। वर्तमान समय में गेहूं की कटाई चलने के कारण भूसा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि गोवंश के भरण-पोषण हेतु अधिक से अधिक मात्रा में भूसा अपनी निकटस्थ गौशाला में दान करें। 100 कुंतल से अधिक के दान दाताओं को जिलाधिकारी व्यक्तिगत रूप से एवं 50 कुंतल से 100 कुंतल के दान दाताओं को मुख्य विकास अधिकारी सम्मानित करेंगे। इस पुनीत कार्य में किसी भी सहयोग /समन्वय के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है। दानः चेक/नकद /सामग्री के रूप में कर सकते है।

## दो प्रत्याशीयों के नामांकन पत्र निरस्त, चुनाव मैदान में रह गए 11 उम्मीदवार

### सोमवार को होंगे नाम वापसी



हमीरपुर।हमीरपुर महोबा व तिंदवारी लोकसभा सीट की नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई, जिसमे एक राजनीतिक दल व एक निर्दलीय प्रत्याशी का नामांकन ख़ारिज हुआ है।इस दौरान 11 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए।इन सभी की सूची जारी कर दी गई है।

47 लोकसभा सीट में पांचवे चरण में 20 मई को मतदान किया जाएगा। मतदान प्रक्रिया के तहत नामांकन कार्य पूरा कर लिया गया है। हमीरपुर, महोबा व तिंदवारी सीट के लिए कुल 24 नामांकन दाखिल किए गए थे। शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय की मौजूदगी में नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान 11 उम्मीदवारों के 18 नामांकन पत्र सही पाए गए, जिसमें भाजपा के कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, सपा के अजेंद्र सिंह, बसपा के निर्दोष दीक्षित, एकलव्य समाज पार्टी से सुरेश कुमार, अल हिन्द पार्टी से धर्मराज, राष्ट्र उदय पार्टी से बृजेश कुमार पाल, स्पष्टवादी जन आधार पार्टी से संजीव कुमार, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से अनुपम, निर्दलीय संतोष कुमार, निर्दलीय राजेश सिंह, निर्दलीय भूवेन्द्र नारायण सिंह शामिल हैं। वहीं रिटर्निंग ऑफिसर राहुल पाण्डेय ने नामांकन पत्रों खामी पाए जाने पर राष्ट्रीय बुंदेलखंड विकास पार्टी प्रत्याशी पारथ सिंह व निर्दलीय प्रत्याशी सारथ सिंह का नामांकन रिजेक्ट कर दिया है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर ने विधिमान्य नाम निर्देशित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। आगामी सोमवार को नाम वापसी का दिन तय किया गया है।

## बंदियों की मदद के लिए जेल में बना लीगल एड क्लीनिक-गीतांजलि गर्ग



**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आपराधिक मामलों में जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसके लिए अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु शर्मा के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउन्सिल ने निःशुल्क मामलों की पैरवी की जा रही है। ऐसे बंदी जो पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं कर सकते वो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में अपने आवेदन प्रेषित कर निःशुल्क विधिक सहायता पा सकते है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीतांजलि गर्ग ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। जेल की सभी बैरकों में जाकर कैदियों से जानकारी ली। जेल में आयोजित साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए सचिव ने कहा कि बंदियों की मदद के लिए जेल में लीगल एड क्लीनिक बनाया गया है।इसमें पराविधिक स्वयंसेवक भी नियुक्त किए गए हैं।

चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल आनन्द कुमार सक्सेना ने बंदियों को बताया कि बंदियों की समय-समय पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम द्वारा पैरवी की जायेगी। इस दौरान जेल अधीक्षक जे0आर0 वर्मा जेलर, के0पी0 चन्दीला, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल हरीनाम सिंह, व असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल फिरोज आलम अन्य मौजूद रहे।

## दूषित पानी पीकर ग्रामीण हो रहे बीमार



कुरारा।विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव में पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति के दौरान गंदा पानी मिल रहा है। ग्राम प्रधान द्वारा इसकी सूचना जल संस्थान विभाग को दी गई है। लेकिन लापरवाही के चलते अभी तक गांव में लीकेज पाइप लाइन को ठीक नही कराया गया है। इस से ग्रामीण बीमार हो रहे हैं।

क्षेत्र के झलोखर गांव में ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति के लिए जल संस्थान द्वारा दो नलकूप संचालित किए जा रहे हैं। इनसे ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति मिल रही है। गांव में पंद्रह स्थान पर पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन क्षति ग्रस्त हो गई है। जिससे पेयजल आपूर्ति के दौरान हजारों लीटर पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। ग्राम प्रधान गायत्री शिवहरे ने बताया कि पेयजल आपूर्ति के दौरान पाइप लाइन क्षति ग्रस्त होने के कारण गंदा पानी आ रहा है। जिससे ग्रामीण बीमार हो रहे हैं।

उन्होंने जल संस्थान विभाग कुरारा को पत्र देकर अवगत कराया है। तथा जल संस्थान के अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। लेकिन अधिकारियों व जल संस्थान कर्मचारियों द्वारा इन लीकेज को ठीक कराए जाने की व्यवस्था नहीं कराई जा रही है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। तथा पेयजल की बर्बादी हो रही। पाइप लाइन लीकेज होने के चलते रास्ता भी पानी से खराब हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है।

## तत्क्षण फिल्म के हीरो विक्रांत राय का कस्बे में हुआ जोरदार स्वागत

### फिल्म प्रमोशन के लिए बाइक से पहुंचे लखनऊ

सुमेरपुर। यूपी पुलिस सब इंस्पेक्टर की भूमिका पर बनी फिल्म तत्क्षण के रिलीज होने के बाद बाइक से लखनऊ से वापस मुंबई जा रहे फिल्म के हीरो विक्रांतराय का कस्बे में जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वाधान में पौधे को रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।



प्रदेश के आजमगढ़ निवासी विक्रांत राय की फिल्म तत्क्षण बीते 19 अप्रैल को प्रदेश के विभिन्न जिलों में रिलीज हुई।फ़िल्म के प्रमोशन के लिए वह मुंबई से लखनऊ का सफर बाइक से तय किया। उनके साथ फिल्म के डायरेक्टर वैभव वर्मा भी बाइक में साथ आए। इस फिल्म के रिलीज होने के बाद वह लखनऊ से मुंबई वापस जाते समय कस्बे से गुजरे। जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। कस्बे के प्रकाश लाज में उन्होंने प्रेस वार्ता में बताया कि बीते 19 अप्रैल को उनके फिल्म रिलीज हुई है। जो प्रदेश के लखनऊ, कानपुर, गोंडा, बस्ती, अकबरपुर, अयोध्या, हरदोई, लखीमपुर सहित अन्य जनपदों पर बड़े पर्दे में दिखाई जा रही है। उन्होंने बताया कि वह फिल्म के प्रमोशन के लिए डायरेक्टर वैभव वर्मा के साथ बाइक से लखनऊ पहुंचे। इससे रास्तों में तमाम तरह की संस्कृतियों से परिचय हुआ और बहुत कुछ जानने और सीखने को मिला। बताया कि उनकी अगली फिल्म कजन ईशा की शूटिंग नवंबर माह में शुरू होगी। जो उन्नाव जनपद के भगवंत नगर, बक्सर घाट व डौडियाखेर में की जाएगी। यह फिल्म पूरी तरह से लव स्टोरी है।बताया कि इसके पहले उन्होंने कई धारावाहिक व फिल्मों में काम कर चुके हैं। जिसमें धारावाहिक काव्यांजलि, घर की लक्ष्मी बेटियां,मायका शामिल है। वर्ष 2015 में फिल्म स्टार ओम पुरी आदि के साथ फिल्म युवा, 2017 में आदित्य पंचोली रघुवीर यादव के साथ भौरी, 2018 में रजित कपूर,राकेश बेदी, दयाशंकर पांडेय लुच्चे लफंगे में अभिनय कर चुके है।

## सामान्य प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम सहित व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सुमेरपुर। लोकसभा चुनाव के लिए नामित सामान्य प्रेक्षक ने जिलाधिकारी के साथ कस्बे के गल्ला मंडी का निरीक्षण कर स्ट्रांग रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके साथ पुलिस प्रेक्षक व पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।



शनिवार को शाम करीब 5ः00 बजे लोकसभा चुनाव के लिए नामित सामान्य प्रेक्षक प्रियंका दास ने जिलाधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस प्रेक्षक तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा के साथ कस्बे की गल्ला मंडी का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने चुनाव के लिए बनाए गए स्थलों का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओ को देखा। उन्होंने पोलिंग पार्टियों के रवाना होने व मतदान के बाद ईवीएम मशीनों के जमा करने आदि की जानकारी ली।निरीक्षण के बाद उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम न्यायिक डा. नागेंद्र नाथ,सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, डिप्टी कलक्टर शांतुन कुमार सिनसिनवार, सीओ सदर राजेश कमल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों से रिहायशी मकान में लगी आग

### खाने पीने के सामान के साथ अनाज, कपड़े व गृहस्थी आदि का सामान जलकर राख

*मौदहा। क्षेत्र के भुलसी गांव में शनिवार की दोपहर बाद लगी आग से एक मकान व गृहस्थी का सामान सहित खाने पीने का सामान जलकर राख हो गया। आग की घटना में करीब ढाई लाख की क्षति का अनुमान है। राजस्व विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच क्षति का आंकलन किया। उधर अरतरा गांव के निकट कटे हुए खेतों की पराली में भीषण आग लग गई। जबकि बीती देर शाम मौदहा सब्जी मंडी परिसर में आग लगने से कई घंटे तक अग्निशमन की मशीन आग बुझाने में लगी रही। जिससे बड़ा नुकसान होते-होते टल गया।*

*तहसील क्षेत्र के भुलसी गांव में शनिवार को दोपहर बाद अज्ञात कारणों से रामकिशोर धुरिया के मकान में आग की लपटे उठने लगी। जिस समय यह आग लगी घर के अंदर सिर्फ उसकी बहु थी। बेटा काम से बाहर निकल गया था और परिवार का मुखिया एक बीमार बेटी को दिखाने के लिए अस्पताल गया हुआ था। बहू के शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्र हुए और घर से बहू को बाहर निकाला। लेकिन जब तक आग अपना विकराल रूप धारण कर लिया था। ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। लेकिन मकान में आग लपटे बढ़ती गई, जिससे दो बड़ी अटारिया और नीचे के मकान तथा अन्य लगे हुए मकान भी आग की चपेट में आ गए। जब तक आग पर काबू पाया गया। तब तक 10 क्विंटल से अधिक गेहूं, चना अन्य खाद्य सामग्री एक अटारी में भरा हुआ भूसा व गृहस्थी का सामान फ्रीज, कूलर आदि जल गए। यहां तक की जिस अलमारी में जेवर रखा था, वह अलमारी भी बुरी तरह जल जल गई। जिससे फिलहाल अनुमान लगाया जा रहा है कि उसमें रखा जेवर भी खराब हो गया। खाने पीने का सामान व कपड़े भी जलकर खाक हो गए हैं। गृहस्वामी रामिकशोर धुरिया ने बताया कि आग की घटना में करीब ढाई लाख से अधिक क्षति होने का अनुमान है। सूचना पर राजस्व लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आंकलन किया।*

## चोरों ने घर में घुसकर चोरी की वारदात को दिया अंजाम

हमीरपुर।मुस्करा थाना क्षेत्र के गांव गौरा में चोरों ने एक घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर लाखों के गहने व नकदी चोरी कर ली। पीड़ित ने मुस्करा थाना पुलिस में चोरी की शिकायत दी है।



मुस्करा थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव गौरा वासी लक्ष्मी प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि बीते शुक्रवार की शाम वह अपने कुत्ते को टहलाने के लिए घर से बाहर गए थे और उनकी पत्नी बगल वाले मकान में जानवरो को भोजन की व्यवस्था में लगी थीं।ज़ब वह घर वापस लौट आया तो उसने देखा कि चोरों ने कमरे रखी अलमारी का ताला टूटा है उसमे रखे गहने व नकदी पर हाथ साफ कर रखा था।पीड़ित लक्ष्मी प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि चोरों ने उसके घर से तीन तोले सोने के आभूषण और 87 चांदी के सिक्के, चार जोड़ी तोड़ियां आठ जोड़ी बिछियाँ 350 ग्राम टूटी हुई चांदी व 95 हजार नगदी चोरी कर लिया।

लक्ष्मी प्रसाद ने तुरंत चोरी की सूचना मुस्करा थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही एसआई गौरव चौबे ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और आवश्यक जांच शुरू कर दी।

## *दामों में उछाल आने से किसान व्यापारियों को बेंच रहे हैं गेहूं*

*कुरारा( हमीरपुर )। कस्बा में खुले बाजार में गेहूं के दामों में उछाल आने पर किसानों ने गेहूं खरीद केंद्रों में न जाकर व्यापारियों को बेंच रहे हैं। जिससे सरकारी खरीद केंद्रों में सन्नाटे में बैठे गेहूं खरीद केंद्र प्रभारी किसानों के आने का इंतजार कर रहे हैं।*

*कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित साधन सहकारी समितियां में सहित आठ गेहूं खरीद केंद्र जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदने के लिए खोले गए थे। वहीं 15 मार्च से खोले गए केंद्रों में विपणन शाखा कुरारा ने 78 किसानों का 3362 क्विंटल, कुरारा ए ने 82 किसानों का 3300 क्विंटल, पीसीएफ केंद्र ने 40 किसानों का 2000 क्विंटल, कुरारा साधन सहकारी समिति ने 18 किसानों का 1282 क्विंटल, कुसमरा साधन सहकारी समिति 17 किसानों का 1150 क्विंटल, शेखूपुर साधन सहकारी समिति 15 किसानों का 1000 क्विंटल, मिश्रीपुर ने 13 किसानों का 1000 क्विंटल, बेरी साधन सहकारी समिति 27 क्विंटल गेहूं खरीदा गया है। मंडी में गेहूं के भाव में समर्थन मूल्य के आसपास आने से किसानों ने अपना गेहूं खुले बाजार में बेच रहे हैं। जिससे गेहूं खरीद केंद्रों में प्रभारी किसानों के आने का बैठे इंतजार करते हैं। व्यापारियों के यहां किसानों की चहल-पहल शुरू हो गई है। कुछ व्यापारी गांव में जाकर किसानों से 2250 प्रति क्विंटल खरीद कर रहे हैं। पीसीएफ के केंद्र प्रभारी जितेंद्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि खुले बाजार में गेहूं के दामों में उछाल आने से इक्का-दुक्का ही किसान अपना गेहूं लेकर आ रहे हैं।*

## पीएम के रोड़ शो के लिए रोके गए भारी वाहन

### कस्बे से मौदहा की ओर हजारों की संख्या में खड़े रहे वाहन



सुमेरपुर। कानपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के चलते भारी वाहनों को कस्बे से आगे गुजरने पर रोक लगा दी गई। जिससे कस्बे की फैक्टरी एरिया से लेकर मौदहा की संख्या में भारी वाहन कतार में खड़े रहे।

शनिवार को कानपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के लिए रोड शो कर रहे हैं। इसी के तहत शुक्रवार की रात 11ः00 बजे से शनिवार की रात 11ः00 बजे तक कानपुर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। साथ ही कुछ स्थानों पर डायवर्जन लागू कर दिया गया था। इसी के तहत यहां से गुजरने वाले भारी वाहनों को फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी के पास इन वाहनों को पूरी तरह से रोक दिया गया। जिससे भारी वाहनों की मौदहा की और लंबी लाइन लग गई। इन वाहनों के चालक अब रात के 11ः00 बजने का इंतजार कर रहे हैं कि कब यह रोक हटाई जाए और उन्हें आगे जाने का मौका मिल सके।

# संपादकीय

## धमकी भरे आतंकी ईमेल, स्कूली आपातकाल और दहशतजदा छात्र-अभिभावक



जब पूरा देश मजदूर दिवस मनाने की तैयारियों में जुटा हुआ था, तब दिल्ली एनसीआर के छात्र-अभिभावक महज इस बात पर दहशतजदा हो गए कि एक धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद स्कूलों में आपातकाल लागू कर दिया गया और छात्रों को वापस घर ले जाने के लिए अभिभावकों में अफरातफरी मच गई। हालांकि, दिल्ली-यूपी पुलिस ने सूझ-बूझ से काम किया और फौरन 200 से ज्यादा प्रतिष्ठित स्कूलों की तलाशी ली गई। लेकिन इस दौरान जो महसूस किया गया, वह हमारे अभिजात्य वर्गीय स्कूलों और सुशिक्षित अभिभावकों की मानसिकता पर कई सवाल खड़ा करते हैं।

पहला, क्या दिल्ली-एनसीआर के हाई पेड स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था इतनी लचर है कि वहां बम प्लांट किया जा सकता है? यदि ऐसा है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है! स्कूल प्रबंधन को स्थानीय पुलिस से तालमेल बिठाकर अपनी सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे स्कूली आपातकाल की नौबत नहीं आए और छात्रों व उनके अभिभावकों को उन स्थितियों का सामना नहीं करना पड़े, जैसा कि मई दिवस के दिन देखा व महसूस किया गया। क्योंकि ऐसी अप्रत्याशित सूचनाओं से, घटनाओं से बाल मन पर जो बुरा प्रभाव पड़ता है, उससे होने वाली क्षति कल्पना से परे है और मनोवैज्ञानिक ही इसकी सटीक व्याख्या कर सकते हैं।

वहीं, अभिजात्य अभिभावकों का भी यह कर्तव्य है कि पीटीएम में इस विषय को उठाएं और भविष्य में अपने बच्चों की सुरक्षा की गारंटी लें, भले ही इसके लिए उन्हें अतिरिक्त फीस क्यों नहीं अदा करनी पड़े। क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली से पहले बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता में बड़ी संख्या में स्कूलों को फर्जी धमकियां भेजी जा चुकी हैं। गत वर्ष 1 दिसंबर 2023 को बेंगलुरु के 48 स्कूलों को बम होने की सूचना दी गई थी। इसी वर्ष फ़रवरी 2024 में चेन्नई के 13 स्कूलों को और अप्रैल 2024 में कोलकाता के स्कूलों को इस तरह की मेल भेजी गई थी। ज्यादातर मामलों में यही पता चला कि मेल विदेश से भेजे गए थे। जाहिर है कि इसके पीछे कोई संगठित गैंग काम कर रहा है, जिसका इरादा बाल मनोमस्तिष्क को प्रभावित करना है, जो पूरी तरह से गलत है।

दूसरा, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने इस पूरे प्रकरण पर दिल्ली के पुलिस कमिश्नर से बातकर दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में बम थ्रेट्स यानी बम की धमकी पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जो सही दिशा में उठाया हुआ एक जरुरी कदम है। इससे छात्रों-अभिभावकों में सुरक्षा का भाव मजबूत होगा। इतना ही नहीं, उपराज्यपाल सक्सेना ने दिल्ली पुलिस को स्कूल परिसर में गहन तलाशी लेने, दोषियों की पहचान करने और कोई चूक न हो, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, जो बहुत बड़ी बात है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय दिल्ली से 13, नई दिल्ली से 6, पूर्वी दिल्ली के 24, उत्तरपूर्वी दिल्ली से 2, दक्षिणी दिल्ली के 18, दक्षिण पूर्वी दिल्ली से 10, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली से 20, पश्चिमी दिल्ली के 21 उत्तरपश्चिमी दिल्ली से 29, उत्तरी दिल्ली से 3, बाहरी उत्तरी दिल्ली से 4, शहादरा में 22, रोहिणी से 10, द्वारिका से 24, बाहरी दिल्ली से 16 समेत कुल 222 स्कूलों को धमकी वाला ईमेल मिला। इससे स्पष्ट है कि साजिश करने वाला किसी बड़े गेमप्लान का हिस्सा है, जिसका पर्दाफाश करना बहुत जरूरी है।

तीसरा, स्कूली आपातकाल प्रकरण पर दिल्ली पुलिस की जितनी तारीफ़ की जाए, वह कम है। क्योंकि एक साथ दिल्ली के 100 से ज़्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की कॉल से जब हड़कंप मच गया, तब दिल्ली पुलिस ने एक साथ दिल्ली के सभी स्कूलों में बम स्क्वाड, डॉग स्क्वाड, स्निफर डॉग,फायर ब्रिगेड और अपनी विशेष टीमें भेज कर अपनी ततपरता का परिचय दिया। आलम यह रहा कि दिल्ली के बड़े बड़े अधिकारी यहाँ तक कि ख़ुद दिल्ली के एलजी भी सड़कों पर उतर कर मुआयना कर रहे थे। यही वजह है कि सभी स्कूलों की कुछ ही घंटे में चेकिंग संभव हो पाई और बच्चे तथा टीचर से लेकर सभी स्कूलकर्मियों को सुरक्षित घर पहुँचाया जा सका। इससे साफ है कि दिल्ली पुलिस किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निबटने में पूरी तरह सक्षम है। यह हम सभी के लिए सुकून का विषय होना चाहिए।

चौथा, जिस तरह से दिल्ली, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के करीब 200 से ज्यादा स्कूलों में बुधवार को धमकी भरा ई मेल भेजकर यह कहा गया कि इन स्कूलों में बम प्लांट किया गया है, किसी गहरी साजिश का नतीजा है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि देशद्रोही ताकतें हमारे नौनिहालों के मन में दहशत पैदा करने की कोशिश कर हैं, या फिर कहीं पर निगाहें, कहीं पर निशाना साधने की जुर्रत कर रहे हों। यही वजह है कि स्कूलों को मिले ई-मेल की सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस समेत तमाम एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। उम्मीद है कि इसके शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में बम वाला ईमेल भेजने के लिए रूस के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) का इस्तेमाल किया गया है। पुलिस अफसरों ने बताया कि इंटरनेट तो रूसी है, लेकिन इसका इस्तेमाल दुनिया के किसी भी कोने से किया जा सकता है। इसलिए जिस डिवाइस से इसे भेजा गया है, उसके आईपी एड्रेस का भी पता लगाया जा रहा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को पूरे मामले की जांच सौंपी गई है। धमकी वाला ईमेल savariim@mail.ru की आईडी से भेजा गया है। सवारीइम एक अरबी शब्द है, जिसका मतलब तलवारें टकराना है। इसे इस्लामिक स्टेट ने 2014 से इस्तेमाल करना शुरू किया था। धमकी भरा ईमेल भेजने के लिए प्रॉक्सी एड्रेस का प्रयोग हुआ।

पांचवां, बुद्धवार को जिस अफरातफरी में माता-पिता- रिश्तेदार अपने-अपने बच्चों को स्कूल से लेने के लिए पहुंचे, उसकी वजह से दिल्ली की सड़कों पर जाम जैसी स्थिति पैदा हो गई है। हालांकि तब तक जिन स्कूलों की जांच की गई, वहां कुछ भी संदिग्ध जैसा नहीं मिला। इस पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साफ कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह फर्जी कॉल है। दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां प्रोटोकॉल के मुताबिक जरूरी कदम उठा रही हैं।

दसवां, दिल्ली के शिक्षा निदेशालय ने ठीक ही निर्देश दिया है कि सभी स्कूल प्रमुख आधिकारिक ईमेल आईडी पर प्राप्त होने वाले संदेशों को समय पर जांचेंगे। यदि कुछ अवांछित दिखता है तो उसे तुरंत सम्बन्धित जिले/क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक और दिल्ली पुलिस को तुरन्त सूचित करेंगे। बच्चों की सुरक्षा को लेकर समय रहते उचित कदम उठाएं। स्कूल कानूनी प्राधिकरण को सूचना देंगे। क्योंकि कुछ सरकारी स्कूलों ने भी इस धमकी भरे मेल के मिलने की कॉल पुलिस को की है। वहीं, दिल्ली सरकार की शिक्षा मंत्री आतिशी ने ठीक ही कहा है कि स्कूलों में बम की सूचना को लेकर शुरुआती जांच में कुछ नहीं मिला, लेकिन यह शर्मनाक है। उम्मीद है कि दिल्ली पुलिस मामले को गम्भीरता से लेते हुए जांच करेगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेगी।

- कमलेश पांडेय/ वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार

---

## पर्दे के पीछे से विचारधारा आगे बढ़ाकर,पैंठ जमाकर जबरदस्त वोट बैंक की राजनीति का प्रचलन बढ़ा

# राजनीतिक पार्टीबाजी-जाति समाज से लेकर व्यापार व्यवसाय संगठनों तक व स्कूल कॉलेज से लेकर आध्यात्मिक स्थलों तक

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि पर्दे के पीछे से विचारधारा आगे बढ़ाकर,पैंठ जमाकर जबरदस्त वोट बैंक की राजनीति का प्रचलन बढ़ा। राजनीतिक पार्टी बाजी-जाति समाज से लेकर व्यापार व्यवसाय संगठनों तक व स्कूल कॉलेज से लेकर आध्यात्मिक स्थलों तक। सामाजिक संगठनों शैक्षणिक संस्थानों, व्यापार व्यवसाय संगठनों व आध्यात्मिक स्थलों सहित हर स्तर के संगठनों में राजनीतिक पार्टी विचारधारा की दखल अंदाजी बढ़ी।

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में भारत जहां एक ओर सबसे बड़ा लोकतंत्र सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश व सबसे पुराना बड़ा आध्यात्मिक मान्यताओं संस्कारों रीति रिवाजो सहित अनेक पौराणिक आधुनिक विशेषताओं वाला देश है, तो वहीं कुछ हद तक सबसे बड़ी संस्थाओं धार्मिक स्थलों संगठनों व विचारधाराओं वाला देश होने की बात भी मीडिया के हर प्लेटफार्म पर कही जाती रही है जिसका कुछ हद तक उपयोग राजनीतिक पार्टियां अपने फायदे के लिए भी यानें वोट बैंक सुनिश्चित करने के लिए भी करती है, जो मैंने अपनी गोंदिया राइस सिटी में पहले चरण 19 अप्रैल 2024 को हुए लोकसभा चुनाव में देखा व कई संगठनो के अंदर यह महसूस भी किया, जिसके आधार पर मैं सटीकता से कर सकता हूं कि यही स्थिति दूसरे चरण में भी हुई होगी और आगे भी बाकी बचे पांच चरणों में पूरे देश में होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। परंतु ध्यान देने योग्य बात यह है कि यह सब पर्दे के पीछे होताहै। हालांकि हर संगठन, संस्थान, समाज प्रमुख आध्यात्मिक स्थल प्रमुख अपने नियंत्रण व नेतृत्व से उस संगठन का संचालन करते हैं, परंतु उनके पीछे दखलअंदाजी किन्हीं और राजनीतिक पार्टी से संबंधित नेतृत्व की होती है जो मैंने अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र गोंदिया भंडारा में देखा कि कुछ पंचायतें संगठनो के मुखिया साहब शैक्षणिक संस्थाओं के कुछ लोग व्यापारिक व्यावसायिक संगठनों से संबंधित कुछ लोग अपने-अपने स्तर पर एक प्रमुख पार्टी का प्रचार कर रहे थेहालांकि मुझे मालूम था यह सभी संगठन संस्थाएं उस पार्टी की विचारधारा से जुड़ी है। यहां एक ऐसी कुछ कदमों की सेवा समिति भी है जो एक पार्टी की विचारधारा से जुड़ी है जहां सिर्फ संस्थापक कीचलती है और उसके अनेक सदस्य अन्य संस्थाओं, संगठनों एजुकेशन सोसाइटी क्षेत्रीय पंचायतों में भी मेंबर उनको बनाए रखा है जो उन संस्थाओं के निर्णयोंट में दखलअंदाजी करते हैं जो रेखांकित करने वाली बात है। चूंकि आज दिनांक 2 मई 2024 को अमेरिका के 30 से अधिक विश्वविद्यालयों में छात्रों के उग्र आंदोलन की खबरें पूरे दिन मीडिया में छाई रही इसलिए आज मैंने अपने आर्टिकल के लिए यह विषय चुना कि परदे के पीछे विचारधारा आगेबढ़ाकर पैंठ जमाकर जबरदस्त वोट बैंक की राजनीति का प्रचलन बढ़ रहा है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी केसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,राजनीतिक पार्टीबाज़ी जाति समाज से लेकर व्यापार व्यवसाय संगठनों तक व स्कूल कॉलेज से लेकर आध्यात्मिक स्थलों तक पैंठ का प्रचलन बढ़ गया है।

साथियों बात अगर हम जाति समाज से लेकर व्यापारिक संगठनों व स्कूल कॉलेजों से लेकर




आध्यात्मिक स्थलों तक राजनीतिक पार्टी की पैंठ की करें तो, आजउपरोक्त क्षेत्रों में सुधार लाने की बजाय हर राजनैतिक दल सभी संगठनो संस्थानों में अपनी विचाराधारा आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक दखलंदाजी में लग जाते है, चाहे वह कुलपति व दूसरे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति का मामला हो या शिक्षण सामग्री सामाजिक रीति रिवाज स्थितियों में बदलाव।देश के उज्ज्वल भविष्य की पौध तैयार करने वाले शिक्षण संस्थान आज राजनीतिक प्रोपेगेंडे का अड्डा बनते जा रहे हैं और छात्र इस राजनीति का शिकार हो रहे हैं। हमारे शिक्षण संस्थानों,समाज में कौन से विचारों पर चर्चा होनी चाहिए और किन पर नहीं, यह सवाल आज एक गंभीर मुद्दा बन चुका है। शिक्षण संस्थानों का राष्ट्र निर्माण में एक अमूल्य योगदान होता है। यहाँ देश के युवा अलग अलग राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर कई नजरिए से सोचना सीखते हैं। ऐसे में अगर हमारी राजनीतिक दलें इन संस्थानों में घुसपैठ कर अपनी , वोटबैंक की राजनीति और संकीर्ण विचारधारा के लिए इन छात्रों का इस्तेमाल करने लगेगें तो इनका सही दिशा में विकास होना असंभव है। शिक्षण संस्थानों का राजनीतिकरण होने लगेगा। छात्र जो शिक्षण संस्थानों में पढने की बजाय अलग अलग राजनीतिक दलों से जुड़कर एक दुसरे के ऊपर अपना अधिकार जमाने के लिए प्रयास करते हैं जिसके फलस्वरूप इन दलों के बीच वर्चस्व की लड़ाई होने लगेगी। इसका लाभ देश के बाहर की विघटनकारी शक्तियां भी उठाने लगेगी। आजकल जिस प्रकार से देश की शिक्षण संस्थाओं संगठनों संस्थाओं का राजनीतिक हित के लिए उपयोग किया जाने लगा है, उससे यही लग रहा है कि छात्रों के दिल और दिमाग में देश के विरोध में भ्रम भरने का कार्य सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। आज विश्वविद्यालय में छात्रों के कई वर्ग हैं जो केवल अपनी दलगत निष्ठा को साबित करने के लिए राजनेताओं के अनुचित कृत्यों को सही साबित करने लगते हैं और इन घटकों में आपस में हिंसात्मक झड़पें भी होने लगी है। इन शिक्षण संस्थानों की आँगन जंग का मैदान हो गए हैं जहाँ पुलिस ज्यादा नजर आने लगी है। सोशल मीडिया के जरिये खुद को अभिव्यक्त करने वाली यह युवा पीढ़ी शिक्षा और रोजगार जैसे स्थायी मुद्दों को लेकर नहीं, बल्कि देश की नींव को बर्बाद करने वाले मुद्दों को ज्यादा तरजीह देती नजर आ रही है। शायद इसकी एक बड़ी वजह यह है कि आज देश के ज्यादातर विश्वविद्यालयों में छात्र नेता खुद अराजकता के प्रतीक बन गए हैं। धरना देना, प्रदर्शन करना, नारे बाजी करना ,क्या शिक्षण संस्थान इसके लिए है ?

साथियों बात अगर हम भारत में छात्र राजनीति की करें तो भारत में छात्र राजनीति विश्वविद्यालयीय शिक्षण व्यवस्था का अहम घटक रही है।चाहे वो जेएनयू हो, डीयू हो, एएमयू हो या फिर लखनऊ, इलाहाबाद या बनारस हिंदू

विश्वविद्यालय शिक्षा के इन महत्वपूर्ण केंद्रों में आज़ादी के बाद से छात्र राजनीति ने न केवल छात्रों की समस्याओं को केंद्र में रखकर अपनी गतिशीलता बनाए रखी है बल्कि छात्र राजनीति से निकले नेताओं ने देश की राजनीति के वृहत्तर फलक पर भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई है। अभी एनएसयूआई एबीवीपी भी है, इस बीच एक विचार और ज़ोर पकड़ने लगा कि छात्र राजनीति की जरूरत ही क्या है। विश्वविद्यालय तो पढ़ने के लिए होते हैं वहां छात्र राजनीति कर बेवजह अपना वक्त ख़राब करते हैं।जेएनयू के पूर्व कुलपति बीबी भटटाचार्य कहते हैं कि कैंपस में राजनीति होनी ही नहीं चाहिए।राजनीति और विश्वविद्यालय दुनिया में कहीं एक साथ नहीं चलते, ऑक्सफ़ोर्ड में भी यूनियन नहीं है,डिबेटिंग सोसायटी है केंब्रिज में यूनियन होती ही नहीं है आज शिक्षक की पहचान भी राजनीतिक दलों से होने लगी है। मेरे हिसाब से शिक्षा का भला इसी में है कि कैंपस में राजनीति न हो, छात्र वहां पढ़ने के लिए आते हैं, उन्हें पढ़ाई ही करनी चाहिए।शायद इन्हीं सब वजहों से आज भारत के तमाम विश्वविद्यालयों में छात्र राजनीति का अस्तित्व तो है लेकिन उसमें वैसी धार नज़र नहीं आती जैसी पहले देखने को मिलती थी।भारत सरकार के उच्च शिक्षा सचिव इस बारे में कहते हैं, लिंग्दोह कमेटी के सुझावों के दायरे में छात्रसंघ चुनाव एक सही क़दम है और इसका समर्थन किया जाना चाहिए, हो सकता है कि किसी-किसी विश्वविद्यालय में छात्र राजनीति की दिशा सकारात्मक न रही हो और वहां के कुलपति ने विश्वविद्यालय के वृहत्तर हित के लिए उसपर रोक लगा दी, लेकिन मेरा मानना है कि यदि सही स्पिरिट में छात्र राजनीति की जा रही है तो ये बहुत अच्छी चीज़ हैबहरहाल, आज भारत के तमाम विश्वविद्यालयों में छात्र राजनीति की वस्तुस्थिति यही है कि उनका अस्तित्व तो है लेकिन उसमें वैसी धार नज़र नहीं आती जैसी पहले देखने को मिलती थी। हालांकि बीएचयू के संस्थापक मदन मोहन मालवीय ने छात्र और राजनीति नामक लेख में लिखा था कि जब तक राष्ट्र पर कोई बड़ा संकट न हो तब तक छात्रों को राजनीति से दूरी रखनी चाहिए और अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित करना चाहिए ताकि वो एक बुद्धिजीवी नागरिक बन सकें और देश की उन्नति में ज़्यादा बेहतर योगदान दे सकें।

साथियों बात अगर हम दिनांक 2 मई 2024 को अमेरिका में कई विश्वविद्यालयों के कैंपस में विशाल विरोध प्रदर्शन की करें तो,अमेरिका के कई यूनिवर्सिटी कैंपस में गाजा के समर्थन में शुरू विरोध-प्रदर्शन बड़ा रूप लेता जा रहा है। फिलिस्तीन में इजरायली हमले के खिलाफ आंदोलन का गढ़ अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी बनी है. यहां एक बार फिर सैकड़ों छात्रों को हिरासत में लिए जाने से कॉलेज कैंपस और उसके बाहर तनाव और बढ़ गया है। न्यूयॉर्क में गिरफ्तारी और कैलिफोर्निया में झड़पों की घटनाओं के बीच छात्र घुटने टेकने और आंदोलन खत्म करने से इनकार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन के बलप्रयोग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस के हेलीकॉप्टर कैंपस के ऊपर मंडराते देखे गएफ्लैश-बैंग्स की तेज आवाजें भी सुनी गईं। इसकी मदद से पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास करती है। अधिकारियों के पास आने पर प्रदर्शनकारियों ने सवाल किया कि पुलिस ने जरूरत के समय कार्रवाई क्यों नहीं की? प्रदर्शनकारियों ने पीछे न हटने का इरादा जाहिर करते हुए दो टूक लहजे में कहा कि प्रशासन शांति चाहता है, लेकिन हम इंसाफ की मांग कर रहे हैं। टीवी चैनलों पर फेस शील्ड और सुरक्षा जैकेट से लैस पुलिसकर्मियों को डंडों, हेलमेट और गैस मास्क से भी लैस देखा गया।अमेरिका में पुलिस की सख्ती के बावजूद फिलिस्तीन के समर्थन में छात्र आंदोलन जारी है। अमेरिकी मीडिया हाउस के मुताबिक अब तक 30 यूनिवर्सिटीज से 1300 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार हो चुके हैं। बुधवार को यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स ने आदेश दिया है कि प्रदर्शनकारी छात्र या तो कैंपस छोड़ दें या गिरफ्तारी के लिए तैयार रहें।

• लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र (उपरोक्त दिए गए विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं)

---

# यौन शोषण का जन-सेवक

प्रथमद्रष्ट्या जेहन में सवाल उठता है कि वह इनसान है या भेड़िया अथवा कोई हवसी जानवर है? हालांकि अभी आरोप हैं। यही कानून की अधूरी भाषा है, लेकिन क्या सभी 2976 वीडियो फर्जी, संपादित हो सकते हैं? ये वीडियो एक पेन ड्राइव में उपलब्ध हैं। जिन महिलाओं का यौन-शोषण किया गया है या मानसिकता अश्लील थी, वे सभी घर की सेविकाएं थीं। यानी घर के भीतर ही दुराचार, जघन्य अपराध किया जाता रहा। ये हरकतें अक्षम्य हैं। देश के पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा के चेहरे और चिर संचित प्रतिष्ठा पर भी कालिख पोत दी गई है, क्योंकि उनका बड़ा बेटा एच.डी. रेवन्ना और पौत्र प्रज्ज्वल रेवन्ना दोनों पर ही पाशविकता का कलंक लगा है। दोनों ही जन-प्रतिनिधि हैं। प्रज्ज्वल ने तो जद-एस और भाजपा के साझा उम्मीदवार के तौर पर कर्नाटक की हासन सीट से चुनाव लड़ा है। बीती 26 अप्रैल को मतदान हुआ और 27 अप्रैल को भगोड़े की तरह जर्मनी चले जाना, यह साफ दर्शाता है कि वह अपराधी, बलात्कारी, यौन-शोषक के किरदार में है। यदि वह सिर्फ आरोपित होता, तो यहीं रहकर उसे कानूनी लड़ाई लडऩी चाहिए थी। सवाल कर्नाटक राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी है कि जब यौन-शोषण के अश्लील वीडियो सार्वजनिक हो चुके थे, तो प्रज्ज्वल को हिरासत में लेकर पूछताछ क्यों नहीं की गई? उसे तब तक हिरासत में रखा जाना चाहिए था, जब तक अधिकतर पीड़िताओं के पक्ष दर्ज नहीं होते।

ऐसा लगता है कि सभी राजनेता और दल एक-दूसरे के 'कवच' हैं। कमोबेश ऐसे मामलों में आपस में रक्षा करते हैं! चूंकि निवर्तमान सांसद प्रज्ज्वल जर्मनी भाग गया है, तो विशेष जांच दल की पड़ताल भी अधूरी रहेगी। लगातार सवाल उठते रहेंगे कि विदेश भागने में किसने मदद की? भाजपा की तरफ ही उंगली उठती रहेगी। दरअसल ये शर्मनाक पल भाजपा-जद (एस) दोनों के लिए हैं, क्योंकि उनके नेतृत्व को दिसंबर, 2023 से ही जानकारी थी कि प्रज्ज्वल के अश्लील वीडियो कांग्रेस के हाथों में पहुंच चुके हैं और वह उन्हें 'ब्रह्मास्त्र' की तरह इस्तेमाल कर सकती है। बताया जा रहा है कि प्रज्ज्वल ने कुल 200 महिलाओं का यौन-शोषण किया और खुद ही वीडियो शूट करता रहा। कितना मनोविकारी लगता है वह! उसकी हरकतें कितनी खौफनाक और आपत्तिजनक रही होंगी कि सेविकाएं उसे देखकर घर के स्टोर रूम में छिप जाती थीं! यह देवगौड़ा परिवार का घर था अथवा कोई जबरन हरम था! बहरहाल नेताओं में यौन-उत्पीडऩ का एक और मामला सार्वजनिक हुआ है, तो वह न्यायिक निष्कर्ष तक पहुंचना चाहिए। प्रथमद्रष्ट्या सब कुछ प्रज्ज्वल और उसके पिता रेवन्ना की 'काली करतूतों' पर ही केंद्रित है। भारत सरकार ने तीन महत्वपूर्ण कानूनों में जो संशोधन कर एक नई न्याय प्रणाली बनाई है, तो उसी के तहत, अपराध के मुताबिक, दंडात्मक कार्रवाई भी की जानी चाहिए। लीपापोती और टालने की कुछ भी गुंजाइश नहीं है। कर्नाटक महिला आयोग ने इसे 'सबसे बड़ा सैक्स स्कैंडल' करार दिया है। अब संस्कृति और धर्म-शास्त्रों की दुहाई देना भी छोड़ देना चाहिए कि देश में महिलाओं को 'देवी' का दर्जा प्राप्त है। उनके बिना कोई भी यज्ञ सम्पन्न नहीं हो सकता।

जहां औरतों को पूजा जाता है, वहीं देवता वास करते हैं। यह भी भूल जाना चाहिए कि महिलाओं को पंचायत, स्थानीय निकायों, विधानसभा और संसद में 33 फीसदी आरक्षण देने से उनका दर्जा बढ़ेगा और वे पुरुष के समकक्ष होती जाएंगी। इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए, क्योंकि इस अश्लील संदर्भ से साबित होता है कि घर की सेविकाएं भी 'उपभोग की वस्तु' हैं। बेशक आजादी के साढ़े 76 सालों के बाद आधी आबादी की स्थिति में बहुत सुधार भी हुआ है।

---


## टेक्नोलॉजी

# चोरी न हो जाए फोन का पूरा डेटा, खतरे में करोड़ों यूज़र्स, सरकार ने कहा- तुरंत करें ये काम

CERT-In ने क्रोम यूजर्स को उपलब्ध सिक्योरिटी अपडेट को तुरंत अपडेट करने की सलाह दी है. जब भी कोई नए सिक्योरिटी पैच जारी किए जाएं तो अपने ब्राउजर को अपडेट करें.

इस्तेमाल कर रहे है करोड़ों यूजर्स पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है. भारत सरकार ने इसको लेकर चेतावनी जारी की है. दरअसल, कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (CERT-in) ने Google Chrome वेब ब्राउजर के कुछ वर्जन में पाई गई सुरक्षा खामियों को लेकर चेतावनी जारी की है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन खामियों का उपयोग कर हैकर्स संभावित रूप से मनमाने कोड को एग्जीक्यूट करने, डिनायल ऑफ सर्विस (डिओएस) की स्थिति को ट्रिगर करने, संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने और टारगेट सिस्टम पर प्रतिबंधों को बायपास करने के लिए किया जा सकता है.

हैकर्स इन कमजोरियों का फायदा उठाकर आपके सिस्टम का डेटा निकाल सकते हैं. इन




डेटा में लॉगिन क्रेडेंशियल और फाइनेंशियल डिटेल्स शामिल हैं. विंडोज और मैक के लिए 124.0.6357.78/.79 से पहले के गूगल क्रोम वर्जन Linux के लिए 124.0.6367.78 से पहले के गूगल क्रोम वर्जन प्रभावित हुए हैं. हैकर्स कहीं से भी इन कमजोरियों का फायदा उठा सकते हैं. ऐसे में सतर्क रहने की बेहद जरूरत है.

सेफ रहने के लिए तुरंत कर लें ये काम - CERT-In ने क्रोम यूजर्स को उपलब्ध सिक्योरिटी अपडेट को तुरंत अपडेट करने की सलाह दी है. आपको इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि जब भी कोई नए सिक्योरिटी पैच जारी किए जाएं तो अपने ब्राउजर को अपडेट करें. आप इसे मैनुअली भी अपडेट कर सकते हैं.

जानें कैसे खुद से कर सकते हैं अपडेट - सबसे पहले गूगल क्रोम लॉन्च करें

इसके बाद ड्रॉप-डाउन-मेनू तक पहुंचने के लिए टॉप-राइट कॉर्नर में दिए थ्री वर्टिकल डॉट पर क्लिक करें.

इसके बाद 'हेल्प' ऑप्शन चुनें.

सबमेनू से 'About Google Chrome' चुनें

अब गूगलगू क्रोम ऑटोमेटिक अपडेट चेक करेगा और अपडेट उपलब्ध होने पर इंस्टॉलेशन प्रोसेस शुरू कर देगा.

एक बार अपडेट समाप्त हो जाने पर, Google Chrome को लेटेस्ट वर्जन को यूज करने के लिए री-लॉन्च पर क्लिक करें

अगर आप फोन में गूगल क्रोम यूज कर रहे हैं, तो प्ले स्टोर में जाकर भी गूगल क्रोम को अपडेट कर सकते हैं.

---

## जनरल नॉलेज

# नकली अंडों के बारे में सुना होगा, यह सच है तो ऐसा अंडा कितने रुपये में मिल जाएगा?




**अंडा को प्रोटीन का सबसे बड़ा स्त्रोत माना जाता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि बाजार में अब नकली अंडा भी मौजूद है. जानिए असली और नकली अंडा की पहचान कैसे की जाती है, दोनों में क्या अंतर है.**

अंडा प्रोटीन का सबसे अच्छा सोर्स है. अंडों की डिमांड पूरे देशभर में हर मौसम में होती है. हालांकि ठंड आने के साथ ही इसकी डिमांड बढ़ भी जाती है. लेकिन सोचिए कि अगर यही अंडा नकली बनने लगेगा तो आप क्या करेंगे. क्योंकि बाजार में नकली अंडा भी मौजूद है. आज हम आपको बताएंगे कि आप असली और नकली अंडा की पहचान कैसे कर सकते हैं.

देशभर में अंडों की सबसे ज्यादा डिमांड होती है. रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत दुनिया का तीसरा सबसे ज्यादा अंडे का उत्पादन करने वाला देश है. जहां अमेरिका टॉप पर हैं, वही चाइना दूसरे नंबर पर है. भारत में सबसे ज्यादा अंडे का उत्पादन तमिलनाडु में होता है, वहीं सिर्फ हैदराबाद में ही हर रोज 75 लाख अंडे खपत हो जाते हैं. अब अंडों का कारोबार बड़ा है, तो नकली अंडे भी मार्केट में आएंगे.

असली और नकली अंडा - सवाल ये है कि आखिर आप नकली अंडा खा रहे हैं या असली इसकी पहचान कैसे होगी. सोशल मीडिया पर अक्सर इस बात की चर्चा होती है कि कैसे नकली अंडे बाजार में धड़ल्ले से बिक रहे हैं. इस तरह के तो कई वीडियो भी अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हैं, जिनमें लोग नकली और असली अंडे के बीच फर्क बता रहे हैं.

नकली अंडे को लेकर कहा जाता है कि इसे बनाने में प्लास्टिक और रबर का इस्तेमाल होता है. इसलिए फायर टेस्ट के जरिए हम असली और नकली का पता तुरंत लगा सकते हैं. बता दें ज्यादातर फूड प्रोडक्ट्स में फायर टेस्ट करके ही असली-नकली की पहचान होती है. अगर आप अंडे की बाहरी परत को जलाते हैं, तो असली अंडा सिर्फ काला पड़ेगा, जबकि नकली अंडे से आंच निकलने लगती है. क्योंकि प्लास्टिक होने के कारण नकली अंडों में आग पकड़ लेती है. हालांकि इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि नकली अंडों में प्लास्टिक होता है.

अंडों का रेट - बाजार में अंडों का रेट अलग-अलग है. हालांकि होल सेल मार्केट में अंडों का रेट 4 रुपये पीस है, लेकिन मौसम के मुताबिक इसका रेट घटता और बढ़ता रहता है. नकली अंडों का रेट नेचुरल अंडों से कम होता है और होलसेल मार्केट में इसका रेट और कम हो जाता है. हालांकि दुकानदार नकली और असली दोनों अंडों को ग्राहकों को एक ही रेट पर देते हैं. जिससे ग्राहकों को दुकानदार पर शक भी नहीं होता है.

# टी-20 वर्ल्डकप के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित, शामार जोसेफ को मिली जगह

**नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज ने 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। टीम रोवमैन पोवेल की अगुआई में इस वैश्विक टूर्नामेंट में खेलने उतरेगी। टीम में तेज गेंदबाज शामार जोसेफ को भी जगह दी गई है।**

जोसेफ ने अब तक वेस्टइंडीज के लिए एक भी टी20 मैच नहीं खेला है, लेकिन वह आईपीएल का हिस्सा हैं और लखनऊ सुपरजाएंट्स के लिए खेल रहे हैं। जोसेफ ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में प्रभावित किया था।




### विंडीज टीम में कई पावर हिटर शामिल

सह मेजबान वेस्टइंडीज ने अपनी टीम में कई पावर हिटर को शामिल किया है जिनमें निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल और शिमरॉन हेत्मायर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले रोमारियो शेफर्ड, कोलकाता नाइड राइडर्स (केकेआर) के शेरफाने रदरफोर्ड और दिल्ली कैपिटल्स के शाई होप भी टीम का हिस्सा हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलने वाले तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ टीम के उपकप्तान हैं, जबकि अनुभवी ऑलराउंडर रोस्टन चेज, जेसन होल्डर, जॉनसन चार्ल्स और ब्रैंडन किंग को भी टीम में जगह दी गई है। हालांकि, टीम में ओशाने थॉमस को जगह नहीं मिली है।

### ग्रुप-सी में शामिल है वेस्टइंडीज

दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज की टीम पापुआ न्यू गिनी, युगांडा, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के साथ ग्रुप-सी में शामिल है। वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप में अपना पहला मुकाबला दो जून को पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ खेलगी। वेस्टइंडीज ने 2012 और 2016 में इस वैश्विक टूर्नामेंट का खिताब जीता था। 2021 में कीरोन पोलार्ड की अगुआई में वेस्टइंडीज का सफर अच्छा नहीं रहा था और टीम ग्रुप चरण में सिर्फ एक मैच ही जीत सकी थी और नॉकआउट में भी नहीं पहुंच पाई थी। हाल के वर्षों में वेस्टइंडीज का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और टीम पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई नहीं कर पाई थी।

#### टीम इस प्रकार है

रोवमैन पोवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उपकप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरॉन हेत्मायर, शामार जोसेफ, ब्रैंडन किंग, निकोलस पूरन, शाई होप, आंद्रे रसेल, रोमारियो शेफर्ड, जेसन होल्डर, अकील हुसैन, गुडाकेश मोती, शेरफाने रदरफोर्ड।

# सुनील नरेन के आगे घुटने टेक देते हैं रोहित शर्मा

## टी20 क्रिकेट में 10वीं बार हुए आउट, आईपीएल में सुनील ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में एक बार फिर सस्ते में पवेलियन लौट गए हैं। कोलकाता के स्टार ऑलराउंडर सुनील नरेन ने उन्हें टी20 क्रिकेट में 10वीं बार आउट किया है, जबकि आईपीएल में रोहित शर्मा सुनील नरेन के खिलाफ सबसे ज्यादा बार आउट होने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। आईपीएल में नरेन ने रोहित को आठवीं बार पवेलियन का रास्ता दिखाया है।

टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार एक बल्लेबाज को आउट करने का रिकॉर्ड कीरोन पोलार्ड के नाम है। उन्होंने ड्वेन ब्रावो को 10 बार आउट किया है। सुनील नरेन ने पोलार्ड के इस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। उन्होंने सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को 10वीं बार टी20 क्रिकेट में आउट किया। सुनील नरेन का नाम इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर भी है, उन्होंने शेन वॉट्सन को नौ बार आउट किया है। रोहित शर्मा ने सुनील नरेन के खिलाफ आईपीएल में 131 गेंद में 141 रन बनाए हैं।

# इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलने उतरे रोहित, पीयूष चावला ने किया खुलासा




**मुंबई।** भारतीय कप्तान और मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलने उतरे थे। इसे लेकर काफी सवाल उठ रहे थे, लेकिन अब यह कारण सामने आ गया है कि वह किस कारण इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलने उतरे थे। टीम के स्पिनर पीयूष चावला ने बताया कि रोहित को पीठ में हल्का दर्द था इसलिए वह प्लेइंग-11 में शामिल नहीं थे। इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलने उतरे रोहित लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 गेंदों पर 11 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई को केकेआर के हाथों 24 रनों से हार का सामना करना पड़ा जिससे पांच बार की चैंपियन टीम इस सीजन नॉकआउट चरण की दौड़ से लगभग बाहर हो गई। मुंबई की 11 मैचों में यह आठवीं हार है। चावला ने मैच के बाद, रोहित को पीठ में हल्का दर्द था और वह बस एहियातन इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे। हम गर्व और सम्मान के लिए उतरे क्योंकि कई बार आप मैदान पर यह सोचकर नहीं उतरते कि आप क्वालीफाई करोगे या नहीं। आप अपने नाम के लिए खेलते हो, हम भी इसके लिए खेल रहे हैं। हम सभी ने यह सुना है कि टी20 लय का खेल है और हम इस सीजन लय हासिल नहीं कर सके। यह किसी भी टीम के साथ हो सकता है।

# मिलर-शाहरुख ने संभाला मोर्चा, दोनों के बीच हो रही अच्छी साझेदारी, स्कोर 70 रन के पार

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल 2024 का 52वां मुकाबला खेला जा रहा है। बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। पावरप्ले में तीन विकेट गंवा चुकी गुजरात को अब डेविड मिलर और शाहरुख खान का सहारा है। दोनों के बीच अच्छी साझेदारी हो रही है। पिछली 21 गेंदों में दोनों ने 30 रन बना लिए हैं। मिलर 12 और शाहरुख 23 रन बनाकर नाबाद खेल रहे हैं। नौ ओवर के बाद टीम का स्कोर 49/3 है।

पावरप्ले में गुजरात की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। टीम को आरसीबी के गेंदबाजों ने तीन झटके दिए। सिराज ने साहा और गिल को आउट किया। वहीं, ग्रीन ने सुदर्शन को पवेलियन भेजा। इसी के साथ गुजरात के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। इस सीजन में गुजरात ने सबसे कम स्कोर बनाया। छह ओवर के बाद टीम का स्कोर 23/3 है।

गुजरात को तीसरा झटका कैमरन ग्रीन ने दिया। उन्होंने साई सुदर्शन को विराट कोहली के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ छह रन बना सके। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए डेविड मिलर उतरे हैं। छह ओवर के बाद टीम का स्कोर 23/3 है।

गुजरात के कप्तान शुभमन गिल दो रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें सिराज ने चौथे ओवर में विशक के हाथों कैच कराया। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए शाहरुख खान उतरे हैं। चार ओवर के बाद टीम का स्कोर 14/2 है।

गुजरात को पहला झटका मोहम्मद सिराज ने दिया। उन्होंने पारी के दूसरे ओवर में ऋद्धिमान साहा को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ एक रन बना सके। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए साई सुदर्शन उतरे हैं। दो ओवर के बाद टीम का स्कोर 3/1 है।




टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए गुजरात टाइटंस तैयार है। सलामी बल्लेबाजी के लिए शुभमन गिल और ऋद्धिमान साहा क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों अच्छी फॉर्म में नजर आ रहे हैं। पारी का पहला ओवर स्वप्निल सिंह फेंक रहे हैं।

# हॉकी इंडिया ने घोषित की भारतीय जूनियर पुरुष टीम, रोहित करेंगे टीम की अगुआई



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम घोषित कर दी है। टीम रक्षापंक्ति के खिलाड़ी रोहित की अगुआई में 20 से 29 मई तक यूरोप दौरे पर पांच मैच खेलेगी। इस 20 सदस्यीय टीम में शारदानंद तिवारी को उपकप्तान बनाया गया है। हॉकी इंडिया के खिलाड़ियों को अनुभव दिलाने के साथ प्रदर्शन को बेहतर करने की पहल के तहत भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में पांच मैच खेलेगी।

### एक दूसरे के खेलने के तरीके को समझ रहे हैं

हॉकी इंडिया के हवाले से कप्तान रोहित ने कहा, हम अपने शिविर में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं और एक-दूसरे के खेलने के तरीके को समझ रहे है। अन्य देशों की टीमों के खिलाफ एक साथ खेलना अद्भुत होगा, जिससे हमें अपने खेल को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

### बेल्जियम के खिलाफ होगी दौरे की शुरुआत

भारत इस दौरे का आगाज 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद 22 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में फिर से बेल्जियम से भिड़ेगी। इसी स्थल पर टीम 23 मई को नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी।

# मयंक यादव और दीपक चाहर की वापसी मुश्किल, आईपीएल 2024 से हो सकते हैं बाहर





**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज दीपक चाहर और मंयक यादव आईपीएल 2024 के दौरान चोटिल होने की वजह से मैच नहीं खेल रहे हैं। इन दोनों गेंदबाजों की चोट को लेकर बड़ी अपडेट सामने है। दीपक चाहर और मयंक यादव के लिए आगे के मैचों में खेलने पर संशय बरकरार है। शायद दोनों खिलाड़ी आईपीएल के जारी सीजन से बाहर हो सकते हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक एक महीने के अंदर दो बार चोटिल हुए हैं, ऐसे में उनकी वापसी काफी मुश्किल है।

चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने दीपक चाहर के हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के बारे में कहा, दीपक की चोट अच्छी नहीं लग रही है। मैं यह नहीं कहूंगा कि वह सीजन से बाहर हो गए हैं, लेकिन संशय है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान दीपक चाहर दो गेंद डालने के बाद मैदान के बाहर चले गए थे।

चेन्नई की टीम रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ फिर से खेलेगी। लेकिन तेज गेंदबाज दीपक चाहर टीम के साथ हिमाचल नहीं गए हैं। सीईओ ने कहा, वह चेन्नई में ही है।

हम मेडिकल टीम से उसके रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने दीपक चाहर को 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। चेन्नई सुपर किंग्स के अन्य खिलाड़ी भी फिटनेस की समस्या से जूझ रहे हैं। तुषार देशपांडे बीमार हैं लेकिन वह टीम के साथ धर्मशाला गए हुए हैं। मथीष पथिराना भी चोटिल हैं। उन्होंने पिछला मैच नहीं खेला था।

मयंक यादव पिछले एक महीने के अंदर दो बार चोटिल हो गए हैं। वह अपने शुरुआती मैचों में दमदार प्रदर्शन की बदौलत प्लेयर ऑफ द मैच भी बने थे। उन्होंने लगातार मैचों में विकेट चटकाए थे लेकिन चोट के कारण वह कुछ मैच नहीं खेल सके।

# इंपैक्ट प्लेयर नियम पर फूटा स्टार्क का गुस्सा




**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर बड़ी बात कही है। स्टार्क का कहना है कि इस नियम से गेंदबाजों के आंकड़े पर प्रभाव पड़ रहा है। आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार्क का मौजूदा आईपीएल में प्रदर्शन मिलाजुला रहा है। मुंबई के खिलाफ मैच को छोड़ दें तो वह अब तक संघर्ष करते ही दिखे थे। तीन बार ऐसा हुआ है जब स्टार्क ने 50 या उससे अधिक रन खर्च किए हैं।

### इंपैक्ट प्लेयर नियम ने चीजों को बदला

स्टार्क ने कहा, गेंदबाजों के खराब आंकड़ों के पीछे का कारण इंपैक्ट प्लेयर नियम है। इस नियम ने चीजों को बदला है, इसके कारण बल्लेबाजी क्रम बड़ा हो गया है और ज्यादा रन बन रहे हैं। इसमें पिच का स्वभाव और मैदान का भी असर पड़ता है। पावरप्ले में कोई डर नहीं होता क्योंकि किसी भी बल्लेबाज को रन निकालने के लिए बस गेंद 30 यार्ड सर्कल के पार पहुंचानी होती है। निश्चित तौर पर बल्लेबाजी भी काफी अच्छी हो रही है और ऐसा सिर्फ इंपैक्ट प्लेयर नियम के कारण नहीं हो रहा है। इस सीजन कुछ शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन भी देखने मिले हैं।

### स्टार्क को वर्कलोड की चिंता नहीं

आईपीएल 2024 सीजन और टी20 विश्व कप की शुरुआत में सिर्फ एक सप्ताह का अंतर है, लेकिन स्टार्क को वर्कलोड की चिंता नहीं है। टी20 विश्व कप का आयोजन एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होना है और स्टार्क इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं।

# भारत के 7 बैडमिंटन खिलाड़ियों को ओलिंपिक टिकट

## तीन सिंगल्स और दो डबल्स इवेंट में लेंगे भाग, सिंधू से तीसरे मेडल की उम्मीद

**नई दिल्ली।** इस साल जुलाई में पेरिस में होने वाली ओलिंपिक गेम्स में बैडमिंटन में भारत के सात खिलाड़ी अपनी रैंकिंग के आधार पर 5 इवेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु, पूर्व वर्ल्ड नंबर वन एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने सिंगल्स इवेंट के लिए अपनी जगह पक्की की है।

वहीं मेंस डबल्स में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी और विमेंस डबल्स में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करने में सफल हुए हैं।

### ओलिंपिक के लिए क्वालिफाइंग के लिए क्या नियम थे

ओलिंपिक में बैडमिंटन के टॉप 16 खिलाड़ी भाग लेते हैं। साथ ही एक देश से एक इवेंट में दो खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। जुलाई में होने वाले पेरिस ओलिंपिक के लिए 30 अप्रैल तक की रैंकिंग को निर्धारित किया गया था। इसके के आधार पर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करने में सफल हुए हैं।




### भारतीय खिलाड़ियों की क्या रही रैंकिंग

पूर्व वर्ल्ड चैंपियन और ओलिंपिक की सिल्वर तथा ब्रॉन्ज मेडलिस्ट पीवी सिंधू 30 अप्रैल को जारी रैंकिंग में 14वें स्थान पर थी। हालांकि चीन की चार खिलाड़ी उनसे ऊपर रैंकिंग में थी और ओलिंपिक में एक देश से 2 खिलाड़ी ही भाग ले सकती हैं, ऐसे में सिंधू की रैंकिंग 12 हो गई। जबकि पुरुष सिंगल्स में प्रणय 9 वें और और लक्ष्य 13वें स्थान पर रहे।

जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की डबल्स जोड़ी तीसरे स्थान पर रही। वहीं विमेंस डबल्स की जारी रैंकिंग में तनीषा और अश्विनि पोनप्पा की रैंकिंग 21वीं थीं। पर चीन के 4, जापान के 5 और कोरिया की 3 जोड़ी होने टॉप -16 में शामिल रही। चूंकि एक देश एक इवेंट में दो टीम या खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। ऐसे में तनीषा और अश्विनि की जोड़ी 13 पर पहुंच गई।

# हार्दिक पांड्या थक गए हैं: आरोन फिंच



*__नई दिल्ली।__ ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर आरोन फिंच का मानना है कि मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या थके हुए और दबाव में दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं खुद भी ऐसी स्थिति से गुजर चुका है। एमआई आईपीएल 2024 में 11 मैचों में से 8 गंवा चुकी है और पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर है। एमआई प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर है। मुंबई को शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइर्स (केकेआर) ने 24 रन से मात दी। ऑलराउंडर हार्दिक को वानखेड़े में फिर हूटिंग का सामना करना पड़ा। बता दें कि रोहित शर्मा की जगह एमआई की कमान संभालने के बाद से हार्दिक को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। पूर्व कप्तान फिंच ने स्टार स्पोर्टस से कहा, वह इस समय काफी निराश और थके हुए दिख रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि वह काफी दबाव महसूस कर रहे हैं। मुझे ऐसा लगता है। मैं खुद ऐसी स्थिति में रहा हूं जहां आप व्यक्तिगत रूप से कुछ भी कोशिश करो लेकिन यह कारगर होता हुआ नहीं दिखता।*

# मनुष्य अपनी कीमत नहीं आंक पा रहा: मुनिश्री अचलसागर जी महाराज

कुंडलपुर दमोह। सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र जैन तीर्थ कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से मुनिश्री अचलसागर जी महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कोई भी व्यक्ति जब वस्तु खरीदने के लिए बाहर जाता है दुकान पर जाता है तो उस वस्तु पर वह मुख्यतः तीन बातें देखा करता है एक उस वस्तु की मैन्युफैक्चरिंग डेट क्या है ,दूसरा उस वस्तु की कीमत क्या है, तीसरा उसकी एक्सपायरी डेट क्या है ।वस्तु को देख लिया मैन्युफैक्चरिंग एक्सपायरी क्या है और कीमत क्या है। हम सभी ने जन्म लिया हमारी मैन्युफैक्चरिंग डेट क्या है हमारी कीमत क्या है और हमारी एक्सपायरी डेट क्या है यदि इस ओर हम ध्यान दें तो हमारे जीवन जीने की जो कला है वह सामने आ जाएगी। व्यक्ति जन्म ले रहा है मर भी रहा है पर कैसे जीना है इसका कोई भान नहीं है उस व्यक्ति ने अपनी कीमत समझी ही नहीं है ।



जब तक हम अपनी कीमत नहीं समझेंगे जन्म लिया मरण किया अनादि काल से अनंत काल तक की यात्रा हो रही है और वह यात्रा होती ही रहेगी ।आखिर क्यों कीमत नहीं समझ पा रहे हैं तो व्यक्ति अपनी ओर दृष्टि न करके व्यक्ति की दृष्टि बाहर की ओर है, और जब तक हम दूसरी वस्तुओं की कीमत समझते रहेंगे तब तक हम अपनी कीमत को आंक ही नहीं पाएंगे कि हमारी कीमत क्या है ।सनत कुमार चक्रवर्ती का उदाहरण आप लोगों के सामने आया है अपने सभी ने पढ़ा होगा जब सनत कुमार चक्रवर्ती उनके रूप लावण्य की इंद्रसभा में चर्चा हो रही थी की मृत्यु लोक में सबसे रूपवान सनत कुमार चक्रवर्ती है। सनत कुमार चक्रवर्ती अपनी व्यायाम शाला में व्यायाम कर रहे थे जब उनके रूप की चर्चा की गई तो उनके मन में भी गुदगुदी हुई देखना है तो राज्यसभा में देख लें जब दोनों देव राज्य सभा में देखते आभूषणों से सनत कुमार चक्रवर्ती सुसज्जित हैं ।कहते हैं महाराज पहले जैसी बात नहीं रही पानी मंगवाया गया इसमें थूक दो सनत कुमार चक्रवर्ती ने थूका कीड़े बिल बिलाने लगे महाराज आपको कुष्ठ रोग हो गया है ।

इतनी बात सुनी और उन्हें जीवन की नश्वरता का भान हो गया वन में जाकर दीक्षा ग्रहण कर ली ।पृथ्वी लोक पर सनत कुमार मुनिराज बैठे हुए थे देवलोक से देव आते हैं और कहते हर बीमारी का इलाज करा लो ।सनत कुमार मुनिराज कहते हमारी बीमारी तो जन्म जरा मृत्यु रूपी बीमारी है इसका इलाज हो तो इलाज कर दो ।

देव कहते इसका इलाज तो आपके पास है रत्नत्रय जो जन्म जरा मृत्यु रूपी बीमारी को दूर कर सकता है। आज के समय में हर व्यक्ति इस शरीर की नश्वरता को समझ रहा है कब क्या घटना घट जाए कोई व्यक्ति समझ नहीं पा रहा ।हर व्यक्ति जीवन चाह रहा है और अपने जीवन से खिलवाड़ करता चला जा रहा है। खाओ पियो ऐश करो की भावना हो गई है। जब तक खाओ पियो ऐश करो की भावना रहती तब तक संस्कृति विकृत हो गई है। चार बातें दुर्लभ है कौन सी चार बातें दुर्लभ हैं पहले मनुष्य पर्याय बहुत दुर्लभ है दूसरी धर्म श्रवण उससे और भी दुर्लभ है धर्म श्रवण करने वाले यहां कितने व्यक्ति बैठे हैं गिनती के हैं ।

# भारतीय खाद्य निगम के जिले में सूरजगंज डिपो एवं बीएससी विपुल भंडारण डिपो

## क्षमता के अनुरूप पूर्णतः भंडारित

संवाददाता - शेख़ जावेद

नर्मदापुरम/ रबी उपार्जन वर्ष 2024-25 अंतर्गत 18 मार्च से जिले में उपार्जन कार्य निरंतर रूप से जारी है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं एफसीआई भंडारण के लिए जिला उपार्जन समिति की उपार्जन, परिवहन एवं भंडारण की सुव्यवस्थित कार्ययोजना के माध्यम से नर्मदापुरम जिले में एफसीआई के दोनों डिपो जिसमें सूरजगंज डिपो एवं बीएससी विपुल भंडारण डिपो प्रदेश में सर्वप्रथम पूर्णता भंडार हो चुके हैं। भारतीय खाद्य निगम के सूरजगंज डिपो की पूर्ण 8190 मेट्रिक टन क्षमता के अनुरूप उसमे 8190 मेट्रिक टन उपार्जित स्कंद भंडारित किया जा चुका है। इसी प्रकार बीएससी विपुल भंडारण डिपो की क्षमता 30850 मेट्रिक टन के अनुरूप उसमें भी 30850 मेट्रिक टन उपार्जित स्कंध भंडारित हो चुका है। उल्लेखनीय है कि भारतीय खाद्य निगम को 2 अप्रैल 2024 से परिदान प्रारंभ किया गया था एवं 2 मई 2024 तक एक माह की अवधि में भारतीय खाद्य निगम के उक्त दोनों डिपो में प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप उपार्जित स्कंद भंडारित किया जा चुका है। एमपीएससीएससी नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा सर्वप्रथम 100 समिति स्तरीय केंद्र निर्धारित किए गए जिनको भारतीय खाद्य निगम से मैप किया गया तत्पश्चात अनुमानित 72 केंद्र निर्धारित किए गए इस प्रकार भारतीय खाद्य निगम के डिपो में लगभग 145 समितियां को मैप किया गया जिसके आधार पर लक्ष्य पूर्ति की गई।

# मीरा एसोसिएट वेयरहाउस बानापुरा हुआ ब्लैकलिस्टेड

## कलेक्टर सोनिया मीना के जांच उपरांत प्रस्ताव के आधार पर मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन के द्वारा की गई कार्रवाई

संवाददाता - अजय सिंह राजपूत

नर्मदापुरम/ नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा तहसील के कृषि उपज मंडी परिसर बनापुरा में स्थित मीरा एसोसिएट्स वेयरहाउस को क्षेत्रीय प्रबंधक, मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन नर्मदापुरम द्वारा जेबीएस योजना के तहत अनुबंध में दर्शित शर्तों का उल्लंघन किए जाने के लिए नियम अनुसार एक वर्ष के लिए ब्लैकलिस्टेड किया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में मीरा एसोसिएट्स वेयरहाउस के द्वारा अवैध रूप से गोदाम में भंडारित चना का परिवहन किए जाने के संबंध में कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने जिला स्तरीय जांच दल गठित किया था। जांच दल द्वारा मौका निरीक्षण उपरांत तथा तथ्यों के आधार पर जांच कर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नर्मदापुरम को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसके आधार पर कलेक्टर द्वारा मीरा एसोसिएट वेयरहाउस को ब्लैकलिस्ट करने के लिए प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन भोपाल को प्रस्ताव भेजा गया था। क्षेत्रीय प्रबंधक मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन नर्मदापुरम संभाग ने जानकारी देते हुए बताया है कि उक्त प्रस्ताव के आधार पर मीरा एसोसिएट वेयरहाउस कृषि उपज मंडी बानापुरा को 1 वर्ष के लिए ब्लैकलिस्टेड किया गया है एवं वेयरहाउस मॉड्यूल में जारी गोदाम आईडी को भी तत्काल प्रभाव से निष्प्रभावी किया गया है। संयुक्त भागीदारी योजना वर्ष 2023-24 के तहत मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कारपोरेशन एवं मीरा एसोसिएट वेयरहाउस के संचालक के मध्य निष्पादित अनुबंध पत्र में जमा सुरक्षा निधि की संपूर्ण राशि निगम हित में संपहत की जाएगी तथा ब्लैकलिस्टेड उपरांत गोदाम का संचालन संबंधित शाखा प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी द्वारा किया जाएगा एवं गोदाम का किराया भी लंबित रखा जाएगा। गोदाम में किसी भी प्रकार की कमी परिलक्षित होने की स्थिति में उसका दायित्व भी गोदाम संचालक का होगा।

# एसपी ने किया अंधे कत्ल का खुलासा आरोपी गिरफ्तार



पलेरा। अंधे कत्ल का खुलासा कर आरोपी को किया गया गिरफ्तारबीती 28.04.24 को थाना पलेरा में सूचना प्राप्त हुई की थाना पलेरा अंतर्गत ग्राम रमपुरा रसीला खिरक में एक 17 वर्षीय नावालिग बालिका का खेत मे शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर शब को कब्जे में लेकर उपरांत प्राथमिक कार्यवाही पीएम कराया गया । पीएम मे आई चोटों के आधार पर थाना पलेरा में अपराध क्रमांक 164/24 धारा 302 ताहि. अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध कायम कर विवेचना मे लिया गया उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी द्वारा उक्त अंधे कत्ल का खुलासा करने आरोपी की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पलेरा निरीक्षक अनुमेहा गुप्ता के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा पाया गया थाना पलेरा अंतर्गत एक 17 वर्षीय नावालिग बालिका की गंभीर मारपीट कर मृत्युकारित चोटें पहुंच कर हत्या कर दी गई। एफएसएल टीम, साइबर सेल, परिस्थितिजन्य साक्ष्य एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पाया गया कि उक्त घटना का संदेही आरोपी अवध प्रसाद पिता सुखदीन यादव उम्र 34 साल निवासी थाना पलेरा द्वारा कारित की गई है जिसकी त्वरित तलाश पतारसी प्रारंभ की गई। गठित पुलिस टीम ने मुखविर की सूचना एवं अन्य जानकारी के आधार पर दिनांक 03.04.24 को उक्त आरोपी को हिरासत में लिया एवं पूछताछ की जो संदेही आरोपी द्वारा पूछताछ में जुर्म स्वीकार कर संपूर्ण घटना क्रम बताया गया जिसके आधार पर घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किये गये है।बताया गया है कि आरोपी एवं मृतका के बीच प्रेम प्रसंग था। आरोपी को मृतिका का अन्य पुरुषों से भी संपर्क होने का शक था जिसके कारण घटना दिनांक को आरोपी द्वारा उक्त घटना कारित की गई। आरोपी द्वारा मृतिका को दिनांक 27/28.04.24 की दरम्यानी रात फोन कर मिलने के लिए घर के बाहर कुछ दूरी पर बुलाया गया जहां से आरोपी मृतिका को लेकर मुख्य घटना स्थल नर्सरी पहुँचा।

## प्रमुख संक्षिप्त

### कामरेड अतुल कुमार का निधन



धनपुरी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मंडल के सदस्य एवं अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड अतुल कुमार अंजन का 3 :30 सुबह आज दुखद निधन Myo हॉस्पिटल लखनऊ में हो गया कामरेड कुमार अंजान मध्य प्रदेश के प्रभारी थे तमाम पार्टी के नेताओं से कार्यकर्ताओं से उनके जीवंत संबंध रहे हैं अभी मैं 19 अप्रैल 2024 को लखनऊ स्थित स्व४ॱ हॉस्पिटल में मिलकर आया था उनकी हाल ठीक नहीं थी दर्द से कराह रहे थे मेरी पत्नी भी साथ में थी यादाश्त इतनी मजबूत थी कि न केवल हमें पहचान गए बल्कि पुराने संबंधों का हवाला देते हुए वहां मौजूद किरण दीदी से कह रहे थे कि इनसे हमारे बहुत गहरे संबंध रहे है कामरेड अतुल कुमार अनजान का निधन केवल उनके परिवार की क्षति नहीं है बल्कि पूरे हिंदुस्तान के कम्युनिस्ट आंदोलन को आघात पहुंचा है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है कम्युनिस्टों ने जीवन में बहुत उतार-चढ़ाव देखा है इस कठिन परिस्थिति से भी हम सब लोग बाहर निकलेंगे और पार्टी को आगे ले जाएंगे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद मध्य प्रदेश एवं अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस मध्य प्रदेश की ओर से कामरेड अतुल कुमार अंजान को क्रांतिकारी सलाम विनम्र श्रद्धांजलि शत-शत नमन -- हरिद्वार सिंह सहायक राज सचिव भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस।

### औबेदुल्लागंज में पुलिस एवं एसएसबी का कुल 75 का बल फ्लैग मार्च में सामिल हुए

हरनाम सिंह ठाकुर। ओबेदुल्लागंज जन चिंगारी थाना वरिष्ठ अधिकारियो के आदेश पालन में दिनांक 03.05.2024 को कस्बा औबेदुल्लागंज में अनुभाग के पुलिस बल एवं स्स्क्ब बल के साथ फ्लैग मार्च आयोजित किया गया जिसमें स्ष्ह्क्क श्रीमती शीला सुराणा के हमराह थाना प्रभारी औबेदुल्लागंज ,थाना प्रभारी मंडीदीप, थाना प्रभारी सतलापुर, थाना प्रभारी नूरगंज एवं थाना प्रभारी गौहरगंज के करीबन 75 लोग फ्लैग मार्च में सामिल हुये।

### तेज गति से वाहन चलाने वाले 16 वाहन चालकों पर हुई कार्रवाही, ड्राइविंग लाइसेंस होंगे सस्पेंड





अनूपपुर। तेज गति से वाहन चलाना सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है जिस पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को चेक कर कार्रवाई करने हेतु पुलिस मुख्यालय पीटीआरआई द्वारा जिले के थाना यातायात को इंटरसेप्टर व्हीकल विथ स्पीड डिटेक्टर मशीन के प्रदाय किया गया है, जिसका अधिक से अधिक उपयोग कर ओवर स्पीड वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवार के निर्देशानुसार यातायात पुलिस द्वारा तीन दिन में चेकिंग दौरान 16 फोर व्हीलर वाहन चालक, जो ओव्हर स्पीड में वाहन चलाते पाए गए जिस पर कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया, साथ ही ऐसे वाहन चलाको के ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय भेजे गए। बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालक एवं बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान 82 दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट पाए गए, जिन पर चालानी कार्रवाई की गई साथ ही 27 वाहन चालक बिना सीट बेल्ट फोर व्हीलर चलाते पाए गए जिन पर चालानी कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूल किया गया, कुल 125 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।

# जिला न्यायालय परिसर में महारक्तदान शिविर का अयोजित

भिंड। मुख्य न्याय अधिपति उच्च न्यायालय म.प्र. मुख्य संरक्षक म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की प्रेरणा से माननीय अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजीव कुमार अयाची के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड द्वारा जिले में रक्त की अल्पता को दूर करने के उद्देश्य से तथा मानव जीवन की रक्षा हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भिण्ड के समन्वय से जिला न्यायालय परिसर, भिण्ड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायाधीशों, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण द्वारा भाग लिया गया। उपरोक्त रक्तदान शिविर का श्री मनोज कुमार तिवारी, विशेष न्यायाधीश, भिण्ड द्वारा रिबिन काटकर शुभारंभ किया तथा सर्वप्रथम स्वंय रक्तदान किया। तत्पश्चात् श्री दिनेश कुमार खटीक न्यायाधीश, श्री मनोज कुमार तिवारी न्यायाधीश, श्री हिमांशु कौशल, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड, श्री चन्द्रशेखर राठौर जेएमएफसी, श्रीमती नेहा उपाध्याय जेएमएफसी, श्री सौरभ कुमार दुबे, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा रक्तदान किया गया। उक्त अवसर पर श्री कमलेश भरकुंदिया, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट, श्री पियूष भावे जिला रजिस्ट्रार, सुश्री अनुराधा गौतम जेएमएफसी, श्री अभिजीत सिंह जेएमएफसी, सुश्री अनुभूति गुप्ता जेएमएफसी, श्री विवेक माल, जेएमएफसी भिण्ड उपस्थित रहे तथा अधिवक्तागण श्री अनुज कुमार शर्मा, श्री मुन्ना सिंह कुशवाह, रक्तदान किया।



# घर-घर जाकर दागना कुप्रथा रोकने हेतु किया गया जागरूक, दागना कुप्रथा रोकने निकाली गई रैली



शहडोल।

शहडोल दागना कुप्रथा रोकने हेतु कलेक्टर श्री तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर, ब्यौहारी, बुढार एवं गोहपारू के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिले के ग्राम पंचायत नौगई बिछिया, टिकुरी कोटमा,बम्हौरी,केरहा सहित अन्य ग्राम पंचायतो में महिलाओं को दागना कुप्रथा रोकने हेतु दीवार लेखन, डोर-टू-डोर, नाराकंन, पोस्टर आदि के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं को समझाइए दी जा रही है कि बच्चों को दागना कानूनन अपराध है, बच्चों को दागने पर संबंधितों के विरूद्ध 1 लाख रूपये का जुर्माना और 3 साल की सजा हो सकती है, यादि कोई बच्चा बीमार होता है तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र और डॉक्टर की सलाह से उपचार कराएं। मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि छोटे बच्चों को निमोनिया होने पर दागे नही न ही किसी के बहकावे में आकर दागे, दागने से बच्चों के स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ता है। दागना कुप्रथा रोकने हेतु चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं को बच्चों को न दागने हेतु शपथ भी दिलाई गई। जन जागरूकता अभियान में ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव, रोजगार सहायक, बीएलओ सहित अन्य मैदानी अधिकारी शामिल थें। गौरतलब है कि जिले को दागना मुक्त बनाने हेतु 10 मई 2024 तक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# शराब प्रेमियों की जेब पर डाला जा रहा खुलेआम ढाका। नहीं लगी रेट लिस्ट ठेकेदार की मनमानी

लटेरी।

लटेरी के शराब प्रेमियों की जेब पर खुलेआम ढाका डाला जा रहा है जिसमें 1 मार्च 2024 से नए ठेकेदार ने जब से जिले भर के शराब का ठेका लिया है तब से 100 से 150 रुपए महंगी शराब बेची जा रही है उसी क्रम में लटेरी में भी यही रेट चल रहे हैं पिछले कुछ दिनों पूर्व मीडिया के दखल के बाद भी अभी तक ठेकेदार द्वारा दुकान पर रेट लिस्ट नहीं लगाई गई जबकि पूरा एक माह बीत गया है इस तरह से देखें तो एक माह में लाखों रुपए की कमाई ठेकेदार के द्वारा की जा चुकी है पूर्व में भी

### सरकारी नीति पर ठेकेदार की मनमानी भारी आबकारी पर सिर्फ नाम की जिम्मेदारी

आपकारी विभाग के द्वारा जिले के हैदरगढ़ बासौदा गुलाबगंज आदि कई जगहों पर कार्यवाही के लिए नोटिस जारी किया गया था किंतु उस नोटिस को ठेकेदार द्वारा तक पर रखकर खुलेआम शराब प्रेमियों की जेब पर




ढाका डाला जा रहा है जिसमें की चाहे आबकारी विभाग की कार्यवाही हो या फिर मीडिया का दखल सभी को ठेकेदार ठेंगा दिखाकर अपने मन मर्जी के दामों पर शराब बेच रहे हैं मानो ठेकेदार को किसी का डर नहीं जिले भर का ठेका श्री स्वस्तिक रिद्धि ट्रेडर्स का हुआ है तब से ही महंगी शराब बेची जा रही है जिसका कोई रेट तय ही नहीं है हर घंटे में रेट बदल जाता है ऐसा कहना शराब प्रेमियों का है जो कि अपनी बात खुलकर कह रहे हैं अब देखना यह बाकी है की ठेकेदार अपनी मनमर्जी से महंगी शराब बेच पाते हैं या फिर आपकारी विभाग कुछ सख्त कार्रवाई करने में सक्षम होगा जबकि ग्राहक द्वारा बिल मांगे जाने पर बिल नहीं दिया जाता जबकि शराब का बिल देने का आदेश 2021 में जारी किया गया था जिसमें दुकानदारों शराब खरीदी पर पक्का बिल देने का आदेश जारी इस उद्देश्य से किया गया था कि शराब ठेकेदार अपनी मनमर्जी से महंगे दामों पर शराब न बेच सके किंतु आज तक विभाग द्वारा इस आदेश का पालन नहीं कराया जा सका है जबकि पूर्व में खबरें प्रकाशित होने के बाद जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाई के द्वारा एक आदेश जारी किया गया था जिसमें लिखा गया था कि यदि ठेकेदार के द्वारा महंगी शराब बेची जाती है तो ऐसी स्थिति में लाइसेंस को रद्द कर दिया जाएगा किंतु उस पर एक माह बीतने को है आज तक अमल नहीं हो सका है ऐसी स्थिति में आबकारी विभाग की संलिप्त संदेह के घेरे में नजर आती है और यदि ऐसा नहीं है तो खबरों के प्रकाशन के एक महा के बाद भी दुकानों पर रेट लिस्ट क्यों नहीं लगाई गई और ठेकेदार पर महंगे दामों पर शराब बेचने की कार्यवाही आज दिनांक तक क्यों नहीं की गई यह सवाल अभी बना हुआ है।

# जिला न्यायालय अनूपपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन 4 मई को

अनूपपुर।

म.प्र. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मुख्य संरक्षक के निर्देशानुसार सम्पूर्ण प्रदेश में 4 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रविन्दर सिंह के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय अनूपपुर में 4 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# सूने मकान में अज्ञात चोरो ने बोला धावा, लाखो के जेवरात चोरी, मामला हुआ दर्ज

अनूपपुर।

रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 7 अंबेडकर भवन के सामने राजनगर निवासी मणिन्द्र सिंह पिता स्व. हरीशंकर सिंह उम्र 34 वर्ष ने अपने सूने घर का ताला तोड़ते हुए अज्ञात चोरो द्वारा सोने चांदी के जेवरात सहित अन्य सामान लगभग 90 हजार की चोरी कर ले जाने की शिकायत थाने में दर्ज कराई, जहां शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। मामले की जानकारी के अनुसार मणिन्द्र सिंह पिता स्व. हरीशंकर सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई कि 14 अप्रैल को उसकी बड़ी मॉ का देहांत होने से उनके शव को लेकर अपने गृह ग्राम गंभीरपुर थाना मगहा जिला गोरखपुर उ.प्र. पूरे परिवार सहित घर का ताला बंद करके गया हुआ था, जहां 30 अप्रैल की सुबह लगभग 5.38 बजे पड़ोसी द्वारा फोन के माध्यम से घर का ताला टूटे होने की जानकारी दी, जिसकी सूचना मिलते ही जब मै वापस घर पहुंचकर देखा तो घर के अंदर रखी पेटी, अलमारी एवं दीवान के अंदर रखे सामान बर्तन, डिनरसेट,पूजा वाले बर्त, टार्च, एलईडी टीवी सहित सोने का मंगलसूत्र, एक कान की बाली, टप्स, सोने की चैन, एक अंगूठी, 4 नग कान की किल तथा दो जोड़ी चांदी की पायल, चांदी के 20-25 सिक्के अनुमानित कीमत 70 हजार रूपए अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया।



**खास** माफिया सुनियोजित तरीके से रात लगभग ग्यारह के बाद इस घाट में धमाचौकड़ी करने लग जाते हैं।

# बटली घाट में एक बार फिर हुए रेत माफिया सक्रिय

शहडोल।

शहडोल जिले में रेत का ठेका सहकार ग्लोबल कपनी ने ले रखा है। ठेका होने के बाद लोग यह कयास लगा रहे थे कि अब हर कही की रेत की चोरी पर अंकुश लग जायेगा जिसके फलस्वरूप अब यहां की जीवन दायिनी नदियों का स्वरूप कायम रहेगा और वातावरण की सौंदर्यता बरकरार रहेगी।

### बड़ी रेत कंपनी को चुनौती दे रहे अदनें से कारोबारी

कोयलांचल के रेत माफिया बटली घाट में फिर से बालू में गोता लगाने लगे हैं। माफिया सुनियोजित तरीके से रात लगभग ग्यारह के बाद इस घाट में धमाचौकड़ी करने लग जाते हैं। माफिया का सिंडीकेट घाट पहुंचते ही शराब और कबाब का दौर प्रारंभ करता हैं फिर बारी- बारी से यहाँ पर कई खाली वाहन पहुंचते हैं जो रेत भरकर गंन्तव्य की ओर सरपट रफ्तार में निकल जाते हैं। यह सिलसिला प्रतिदिन अलसुबह तक चलता है। सूत्र बताते हैं कि पच्चीस से तीस गाड़ी अवैध रेत का परिवहन शातिर माफियाओं के द्वारा करवाया जा रहा है। फिर से चालू इस बालू के खेल में बुढ़ार थाना के पुलिस की भी साठगांठ बन गई है जिस कारण साहब सहित कुछ खास वर्दी वाले प्रफुल्लित होकर बल्ले-बल्ले करने में तल्लीन हो गये हैं।

### पटटा लगा रहे है बट्टा

इस बात से प्राय: हर कोई वाकिफ है कि संबधित विभाग और बिना खाकिधारियों की शह और सरपरस्ती के कोई भी अवैध कारोबार नामुमकिन है। इस लिये बटली घाट के बालू माफियाओं ने सबसे पहले दोनों ही विमागो के विभीषणों से सम्पर्क बनाया गया। इसी बहाने पार्टी का दौर भी एक बदनाम शुदा होटल में आधी रात तक चला। आर्थिक समीकरण बने और सौदा पक्का हो गया। सूत्र बताते हैं कि इस पार्टी में शहडोल से पटटा भी शामिल हुये उन्होंने भी अपनी मूक स्वीकृति देकर शासन और रेत ठेका कम्पनी की आय पर बटटा लगाने का काम कथित तौर पर चालू कर दिया है। विभागीय जयचंद की मिली भगत न होती तो मजाल है कि बटली घाट की मुट्ठी भर चोरी की रेत बुढ़ार, अमलाई, धनपुरी तक पहुंच जाये।

### शातिर और खतरनाक गैंग

बटली घाट के रेत चोरी का जो नया गैंग बनाया गया है उसमे कई चेहरे काफी शातिर होने के साथ ही साथ खतरनाक भी है। जो किसी प्रकार की परिस्थिती से निपटने का हुनर बाखूबी जानते हैं। इसके अलावा एक-दो चेहरे ऐसे भी है जिन्होंने मैनेजमेन्ट का पाठ विधिवत तरीके से पहले से ही याद करके बैठे हुये है। बटली घाट में काली रात को इधर बालू माफिया का दरबार लगता है उधर अवैध एक मशीन लगाकर वाहनो से रेत भराई को सिलसिला चलता है। यहाँ पर रात भर रेत माफिया मदमस्त होकर बालू चोरी में बेफिक्र होकर काली कमाई करने में जुट जाते हैं। सूत्र बताते हैं कि रेत माफिया का आका बुढ़ार में वालानुकूलित कमरे में मंहगे गददो में चैन की नींद इस निश्चितता के लेता कि दोनो ही विभागों के विभीषण किसी भी प्रकार के पड़ने वाले खलल की इम्फारमेशन तो उन्हें देंगे ही।

### कंपनी को माफिया की चुनौती

कमर तोड मंहगाई के इस दौर में भला कौन अपनी तिजोरी नहीं भरना चाहेगा। कुछ इसी बिना पर कोयलांचल के ट्रांसपोर्ट नगर में रेत माफिया के सिंडीकेट का उदय हुआ है। यही सिंडीकेट कलयुग के विभीषणों को जमात में शामिल करके अब सहकार ग्लोबल कंपनी को काली रात में चुनौती देने की कारस्तानी में जुटा हुआ है। बटली घाट में आखिर कब तक बालू गैंग की सक्रियता रहती है और कब तक कीमती रेत का दोहन यह गैंग करता रहेगा यह तो आने वाला समय ही बता पायेगा।



# पापा चाहते थे मैं सिंगर बनूं और वही मेरी सफलता नहीं देख पाए

**पंजाबी गायक-अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री को उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं, लेकिन गिप्पी ग्रेवाल के लिए यह सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान वे पुराने दिनों को याद करते नजर आए। उन्होंने उसी इंटरव्यू के दौरान अपनी जिंदगी के सबसे बड़े पछतावा का भी खुलासा किया।**

### पुश्तैनी जमीन बेचनी पड़ी

गिप्पी ग्रेवाल पंजाब में बिताए गए अपने बचपन को याद करते हुए कहते हैं, मैं कोई पंद्रह-सोलह साल का था तब मेरे पिता जी लकवे का स्ट्रोक मार गया। हम किसान परिवार से आते थे तो हमारे पास पैसे उतने थे नहीं इसलिए हमें हमारी पुश्तैनी जमीन बेचनी पड़ी, लेकिन पिता जी फिर भी ठीक नहीं हुए। अपने जीवन के दो साल मैंने सिर्फ हॉस्पिटल में बिताया है।

### पिता का सपना पूरा किया

गिप्पी ग्रेवाल के पिता उन्हें गायक बनाना चाहते थे। गिप्पी ग्रेवाल कहते हैं, मेरे पापा का सपना था कि मैं गायक बनूं, लेकिन हमारे पास इतने पैसे नहीं थे कि हम अपना म्यूजिक वीडियो निकाल सके। एक म्यूजिक वीडियो निकालने के लिए उन दिनों कम से कम पांच लाख रूपये लगते थे और तब हमारे पास इतने रुपये नहीं था।

### एक पछतावा रहेगा हमेशा

गिप्पी ग्रेवाल अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, मैं गायक बना और आज फिल्में भी कर रहा हूं, लेकिन एक बात जो मेरे जहन में हर वक्त चलती है वो ये कि पापा मेरी सफलता नहीं देख पाए। वे मुझे गायक बनते हुए देखना चाहते थे। साल 2003 में वे हमें छोड़ कर चले गए। जब पापा थे तब वे मुझे काफी सराहते थे। मुझे बताते थे कहां मैं सही कर रहा हूं और कहां गलत। मैं अपने बच्चों को उनके बारे में सबकुछ बताता रहता हूं। मैं चाहता हूं कि वे जान सके कि उनके दादा जी कैसे थे।



# लगता था एक फिल्म फ्लॉप तो जिंदगी फ्लॉप, इसीलिए करियर आगे नहीं बढ़ा

नामचीन एक्ट्रेस तनुजा की बेटी और काजोल की छोटी बहन तनीषा मुखर्जी ने भी परिवार के बाकी सदस्यों की तरह एक्टिंग को करियर चुना पर उनके हिस्से दूसरों जितनी कामयाबी नहीं आई। साल 2003 में फिल्म श्श्श्श से डेब्यू करने वाली तनीषा पर्दे पर कुछ गिनी-चुनी फिल्मों में ही नजर आईं। इन दिनों तनीषा चर्चा में हैं, फिल्म लव यू शंकर को लेकर। इसी सिलसिले में उन्होंने हमने अपने फिल्मी सफरनामे पर की खास बातचीत -

**आप अपने फिल्मी सफर को कैसे देखती हैं?**

मेरा फिल्मी सफर अभी चल ही रहा है। वो अभी खत्म नहीं हुआ है। हां, मैंने कम काम किया है। मैं थोड़ा-थोड़ा काम करती रहती हूं लेकिन मुझे ऐसे काम करने में मजा आ रहा है। मुझे लगता है कि अगर आप सब कुछ अभी कर लेंगे तो आगे क्या करेंगे? मैंने तो अभी बहुत कुछ नहीं किया है, तो मेरे पास बहुत कुछ करने का मौका है। बाकी, कम काम करने की वजह कोई नहीं है। जब काम अच्छा मिलेगा तो मैं कर लूंगी। मैं चाहती हूं कि अलग-अलग करैक्टर्स करूं, अच्छे लोगों के साथ काम करूं। वैसे, मैं हमेशा ऐक्टिव थी, अब पिक्चर रिलीज नहीं हो रही या चल नहीं रही तो वो मेरे हाथ में नहीं है। लोग सिर्फ वो देखते हैं जो बाहर निकलता है पर मैं कभी इनऐक्टिव नहीं थी। मेरा एक एनजीओ है। मैं और भी काम करती हूं। मेरी एक जिंदगी है। मुझे ऐक्टिंग से प्यार है लेकिन ये मेरी जिंदगी का हिस्सा भर है।

**जब आपने शुरुआत की थी और आपकी फिल्में नहीं चलीं, निराशाजनक दौर से आप कैसे निपटी?**

बिल्कुल, तब बहुत बुरा लगा था। वो दिल टूटने वाली बात थी क्योंकि मैं बहुत छोटी थी। तब ऐसा लगता है कि यही सबकुछ है। उस वक्त हमें ये अहसास नहीं था कि सफलता या असफलता आपको परिभाषित नहीं करती। उस वक्त तो कोई फिल्म नहीं चलती थी तो लगता था, जैसे इस असफलता से मेरी पूरी जिंदगी थम गई हो। एक फ्लॉप से मेरी पूरी लाइफ फ्लॉप हो गई। शायद इसी वजह से मेरा करियर आगे नहीं बढ़ा। हमने धीरे-धीरे सीखा कि एक असफलता से कुछ नहीं होता, एक सफलता से भी कुछ नहीं होता। बस काम करते जाओ। जितना आप काम करेंगे, उतना अनुभव मिलेगा और वो सबसे जरूरी है।

**फिल्म लव यू शंकर में आप मां की भूमिका निभा रही हैं। इस रोल को लेकर आपके मन में कोई हिचक नहीं रही?**

फिल्म में पहली बार एक मां का किरदार निभा रही हूं। मैंने असल जिंदगी में ये किरदार अब तक नहीं निभाया है तो मैं स्क्रीन पर वो इच्छा पूरी कर रही हूं। जो मां-बेटे का रिश्ता फिल्म में दिखाया गया है वो दोस्ती भरा है। मेरी अपनी मां के साथ भी ऐसा ही रिश्ता है तो ये सब मुझे बहुत अच्छा लगा। मुझे इसे करने को लेकर कोई हिचक नहीं थी। मैंने हमेशा जो भी रोल किया है, उसे करैक्टर में डूबकर निभाया है। मैं नहीं सोचती हूं कि दुनिया क्या कहेगी। अगर मैं ये सोचती तो मैं नील ऐंड निक्की जैसी फिल्म नहीं करती। मुझे निक्की का करैक्टर अच्छा लगा तो मैं पूरी तरह निक्की बख्शी बन गई। इसी तरह मैंने पूरे मन से मां का रोल निभाया।



# सोनाक्षी नहीं रखना चाहेंगी राजनीति में कदम

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार को लेकर सुर्खियों में हैं। वह फरीदन की भूमिका में नजर आ रही हैं, जिलके लिए उन्हें दर्शकों से खूब सराहना मिल रही है। इसी के प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस से राजनीति में जाने को लेकर सवाल पूछा गया, जिस पर एक्ट्रेस ने नेपोटिज्म से जुड़ी एक बात कही, जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। दरअसल, सोनाक्षी सिन्हा के पिता शत्रुघ्न सिन्हा अपने समय के जाने-माने एक्टर रहे हैं। कई शानदार फिल्मों में काम किया है और अब राजनीति में एक्टिव हैं। अब राज शमानी से खास बातचीत में, सोनाक्षी सिन्हा से भी पूछा गया कि क्या वह राजनीति में कदम रखना चाहेंगी? इस पर एक्ट्रेस ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, जिसके बाद हर कोई दंग रह गया।

### सोनाक्षी सिन्हा पॉलिटिक्स में आएंगी?

सोनाक्षी सिन्हा ने कहा, नहीं। क्योंकि फिर वहां भी तुम लोग नेपोटिज्म-नेपोटिज्म करने लगोगे। एक्ट्रेस ने कहा कि वह बहुत ही प्राइवेट पर्सन हैं। वह अपने पिता की तरह पब्लिक पर्सन नहीं हैं। साथ ही, उनके अंदर एक राजनेता बनने के गुण भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लोगों से कुछ कहने से पहले खुद उन्हें उन तक पहुंचनना आना चाहिए और दोनों के बीच पारदर्शिता होनी चाहिए। सोनाक्षी सिन्हा ने राजनीति पर क्या कहा? सोनाक्षी सिन्हा ने आगे कहा, मजाक से हटकर, मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा करूंगी कभी क्योंकि मैंने अपने पिता को इस फील्ड में देखा है। मुझे नहीं लगता कि मुझमें इस चीज के लिए योग्यता है। मेरे पिता को लोगों का खूब प्यार मिलता है और वह लोगों के पसंदीदा शख्स हैं। मैं बहुत ही प्राइवेट पर्सन हूं। और आपको लोगों का व्यक्ति बनना होगा। आपको उनके लिए हमेशा मौजूद रहना होगा। मैंने अपने पापा को देखा है इसलिए मुझे नहीं लगता कि वो बात मेरे अंदर है।



# बिग बॉस ओटीटी 3 में नजर आ सकती हैं पांड्या स्टोर की मायरा धरती

**बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 को लेकर बीच में खबर आई थी कि ये इस साल नहीं आएगा। लेकिन बाद में खुद मेकर्स ने खुलासा किया कि जून के पहले हफ्ते से इसकी शुरुआत हो जाएगी। अब इसमें कौन कंटेस्टेंट्स आएंगे, धीरे-धीरे पर्दा उठया जा रहा है। एक ने तो खुद ही इंटरव्यू दिया है और बताया कि वह इस शो का हिस्सा बनने पर विचार कर रही हैं। उनका नाम मायरा धरती है और उन्हें आपने पॉप्युलर टीवी सीरियल पांड्या स्टोर में देखा है।**

मायरा धरती ने खास बातचीत में बताया कि वह बिग बॉस का हिस्सा बनने के बारे में सोच रही हैं। उन्होंने कहा कि वह इस शो का अनुभव करना चाहती हैं, इसलिए इसमें जा सकती हैं। उनकी मां भी उन्हें वहां देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। एक्ट्रेस ने कहा, क्यों नहीं? मुझे नहीं पता कि मैं बिग बॉस पर्सन हूं या नहीं। मेरे अंदर बहुत एनर्जी है। लेकिन कभी-कभी मैं परेशान भी रहती हूं।

मायरा धरती ने कहा कि अगर उन्हें सामने वाली की वाइब्स पसंद हो तो वह खूब बातें कर सकती हैं। लेकिन कभी-कभी वह बहुत शांत रहती हैं। कभी-कभी उन्हें बहुत अजीब महसूस होता है। कई बार वह बातूनी हो जाती हैं। लेकिन जब मन नहीं होता तो वह बात नहीं कर सकती और ना बहस कर सकती हैं।

### मायरा धरती भी जाएंगी बिग बॉस ओटीटी 3

मायरा ने कहा, मैंने ऐसी बातें सुनी हैं कि लोग ऐसा दिखने के लिए किया करते हैं। इसलिए मुझे नहीं पता कि मैं क्या करूंगी लेकिन शायद मैं जाना चाहती हूं और इसका एक्सपीरियंस करना चाहती हूं कि वास्तव में मैं वहां क्या करूंगी। मेरी मां ज्यादा एक्साइटेड हैं क्योंकि मुझे खाना बनाना नहीं आता। अकेले नहीं रह सकती तो मां कहती हैं कि तुम वहां करने क्या जा रही हो? एक बार जब मैं चंडीगढ़ भी गई थी तो मेर लिए अकेले रहना और बिना मां के रहना बहुत मुश्किल हो गया था।

# साजिद नाडियाडवाला ने रजनीकांत की बायोपिक के राइट्स किए हासिल



फिल्म निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने रजनीकांत की बायोपिक के राइट्स हासिल कर लिए हैं, जिसमें उनके सुपरस्टार बनने की शुरुआत को दर्शाया जाएगा।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नाडियाडवाला ने बायोपिक के राइट्स के लिए एक कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए हैं। उन्होंने हाउसफुल फेंचाइजी, सत्यप्रेम की कथा, जुड़वा 2 और किक जैसी कई अन्य फिल्में बनाई हैं। करीबी सूत्र के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया, नाडियाडवाला का मानना है कि रजनीकांत की बस कंडक्टर से सुपरस्टार बनने की कहानी दुनिया को दिखाने के लायक है। मीडिया रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कहानी कहने में प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए नाडियाडवाला सुपरस्टार और उनके परिवार के साथ लगातार संपर्क में हैं और दावा किया है कि यह सबसे बड़ी कहानी होगी।



# मैं जिंदगी में कभी ज्यादा महत्वाकांक्षी नहीं रही, नेपाल में खेती-वेती करके खुश थी

**नब्बे के दशक की नामी अदाकारा मनीषा कोइराला इन दिनों संजय लीला भंसाली की भव्य सीरीज हीरामंडी को लेकर सुर्खियों में हैं। सीरीज में उन्होंने हीरामंडी की हुजूर मल्लिका जान की दमदार भूमिका निभाई है। इसी सिलसिले में हुई खास बातचीत में मनीषा ने इस किरदार की तैयारी से लेकर भंसाली संग हम दिल दे चुके सनम और देवदास जैसी फिल्में ना कर पाने जैसे कई खुलासे किए।**

### नेपाल में खेती-बाड़ी करके खुश थी

आम तौर पर अपने ऐक्टर्स को दोहराने वाले भंसाली के साथ खामोशी के बाद कोई फिल्म ना करने के बारे में मनीषा ने बताया, मैं हम दिल दे चुके सनम और देवदास करने वाली थी लेकिन कुछ चीजें हो गईं। कुछ डेट्स इधर-उधर हो गईं तो मैं वो फिल्में नहीं कर पाई। मेरा मानना है कि जब जो होना होता है, वो अपने आप आ जाता है। मैं जिंदगी में कभी बहुत ज्यादा महत्वाकांक्षी या चीजों के पीछे भागने वाली नहीं रही हूं। मैं हमेशा अपनी रफ्तार से काम करती रही हूं। बाकी ऊपरवाले की कृपा से मुझे अच्छा काम मिलता रहा है। जब हीरामंडी भी मुझे ऑफर हुई थी, मैं नेपाल में अपनी दुनिया में खेती-वेती करके खुश थी तो जब कुछ होना होता है, वो आ जाता है। ये है कि जब काम आता है, तब मैं अपना दो सौ पर्सेंट देती हूं। मुझे खुशी है कि मैंने संजय की खामोशी में काम किया, जो बहुत ही सिंपल, पोएटिक और सेंसिटिव फिल्म थी, उसमें भव्यता या चमक-दमक नहीं थी, वहीं अब हीरामंडी जैसी सीरीज की, जिसमें हर चीज इतनी भव्य, खूबसूरत और विशाल है।

### मम्मी-दादी सभी रही हैं क्लासिकल डांसर

हीरामंडी में आजादी के पहले की तवायफ मल्लिका जान के रूप में ढलने के लिए तैयारी के सवाल पर मनीषा बताती हैं, मल्लिका जान के लहज़े, बोलचाल के लिए डिक्शन कोच मुनीरा जी ने मेरी बहुत मदद की। वहीं, जहां तक बॉडी लैंग्वेज की है, मेरी दादी-मेरी मां सब क्लासिकल डांसर थीं। हमारे घर में बहुत बड़ी बैठकें होती थीं, जिसमें काफी परफॉर्मेंसेज होती थीं तो मैं क्लासिकल डांस तीन साल की उम्र से जानती थी लेकिन जब मैंने बॉलिवुड डांस वगैरह शुरू किया तो उसे छोड़ना पड़ा तो उस चाल-ढाल को पकड़ने के लिए मैंने अपनी दादी और मम्मी को याद रखा कि कैसे उनकी चाल में एक नजाकत रहती है, उनकी बातों में एक शालीनता, एक कलात्मकता रहती है। वहीं, सितारा बुआ, बिरजू महाराज जैसे महान क्लासिकल डांसर हमारे घर आते रहते थे। मैं उनको देखकर बड़ी हुई हूं तो वे अनुभव भी काम आए। वरना मैं खुद तो टॉम बॉयश हूं, मैं कभी भी सीधे नहीं बैठती तो मैंने अपने अंदाज को भूलकर खुद को मल्लिका जान के किरदार में ढाला। बाकी, मल्लिका के जो आंतरिक इमोशन थे, उसके लिए मेरे पास संजय जैसे बेहतरीन निर्देशक थे। वह बहुत अच्छे से किरदार की इनसिक्योरिटी, दर्द वगैरह को समझाते हैं जिससे काम करना आसान हो जाता है।

### हम सेकंड ग्रेड सिटिजन नहीं

सीरीज में मल्लिका एक बेहद ताकतवर शख्सियत है पर उसे अक्सर नीचा भी दिखाया जाता है। क्या मनीषा को कभी औरत होने के नाते कमतर महसूस कराया गया है? इस पर वह कहती हैं, हम सभी औरतों ने परिवार में, जिंदगी में, काम पर, कभी न कभी इन चीजों का सामना किया है। भगवान की दया से अगर आपके पैरंट्स अच्छे हैं तो वे आपको अपने रास्ते पर डटे रहने, खुद में भरोसा करने और अपने हक की बात करने के लिए प्रेरित करते हैं। वरना, हम औरतों को हर चीज के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। अपनी पहचान बनाने के लिए, अपनी बात रखने या ना कहने कि हम टाइपकास्ट नहीं होना चाहते या हम सिर्फ औरत होने के कारण सेकंड ग्रेड सिटिजन नहीं हैं, इसके लिए भी हमें स्ट्रगल करना पड़ता है और यह संघर्ष आगे भी रहेगा, जब तक हमें बराबरी नहीं मिलती। मुझे लगता है कि यह एक लड़ाई है जो लड़ते रहना है, लड़ते रहना है, जब तक कि हम उसे हासिल ना कर लें।

## संक्षिप्त समाचार

### स्लोन इंफोसिस्टम्स लिमिटेड का आईपीओ 3 मई 2024 को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** स्लोन इंफोसिस्टम्स लिमिटेड आईटी हार्डवेयर उपकरणों और सॉल्यूशंस की एक प्रमुख प्रदाता, कंपनी ने 3 मई 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत 79 प्रति शेयर मूल्य पर 11.06 करोड एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग उसके रेंटल बिजनेस के लिए लैपटॉप्स, डेस्कटॉप्स, एसएसडी और अन्य उपकरण जैसे आईटी उपकरणों की खरीदी के पूंजी खर्च का वित्त पोषण करने,कंपनी द्वारा लिए गए कुछ कर्ज का रीपेमेंट करने और आम कॉरपोरेट खर्चो को पूरा करने के लिए किया जाएगा. इश्यू 3 मई, 2024 को खुलेगा और 7 मई, 2024 को बंद होगा. इश्यू की लीड मैनेजर जावा कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास अनेक वर्षों का अनुभव होने के साथ उद्योग की एक्सपर्टीज का व्यापक रेंज है. उनका अनुभव ज्ञान और व्यापक पृष्ठभूमि इश्यू की जटिलताओं का समाधान करने में निपुण मार्गदर्शक के रूप में उन्हें स्थापित करती है. इश्यू की रजिस्ट्रार कैफिन टेक्नोलॉजिस लिमिटेड है. हमारे वर्षों के व्यापक अनुभव और विभिन्न पोर्टफोलियो के साथ हमने हमारे ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध बनाया है. इस आईपीओ की धनराशि से ना सिर्फ हमारी प्रोडक्ट आफरिंग बढ़ेगी और समृद्ध होगी बल्कि ग्राहक आधार में भी इजाफा होगा. हम इस सुअवसर के बारे में रोमांचित है और हमारी कंपनी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं.

### एसके फाइनेंस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई, एजेंसी।** वर्ष 1994 में स्थापित एसके फाइनेंस लिमिटेड ('कंपनी') वाहन फाइनेंसिंग सेगमेंट और एमएसएमई फाइनेंसिंग सेगमेंट में अपनी समकक्ष कंपनियों के मुकाबले सबसे तेजी से बढ़ने वाली कंपनी है, जिसका विश्लेषण वित्तीय वर्ष 2021 और वित्तीय वर्ष 2023 के बीच की अवधि के लिए संबंधित सेगमेंट में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों ('एयूएम') सीएजीआर के आधार पर किया गया है (स्रोत- क्रिसिल रिपोर्ट)। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी की योजना 2,200 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य 1 रुपये) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिए धन जुटाने की है। कंपनी के प्रमोटर राजेंद्र कुमार सेतिया, यश सेतिया और राजेंद्र कुमार सेतिया एचयूएफ हैं। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 1 रुपये प्रत्येक इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य के साथ 500 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और विक्रेता शेयरधारक की ओर से 1700 करोड़ रुपये तक के शेयरों का 'ऑफर फॉर सेल' (ओएफएस) शामिल है। बिक्री के लिए प्रस्ताव में राजेंद्र कुमार सेतिया द्वारा 180 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर, राजेंद्र कुमार सेतिया एचयूएफ (प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर) द्वारा 20 करोड़ रुपये तक, इवॉल्वेंस कोइन्वेस्ट फर्स्ट द्वारा 75 करोड़ रुपये तक, इवॉल्वेंस इंडिया फंड थ्री लिमिटेड द्वारा 25 करोड़ रुपये तक, नॉरवेस्ट वेंचर पार्टनर्स एक्स - मॉरीशस द्वारा 700 करोड़ रुपये तक और टीपीजी ग्रोथ फोर्थ एसएफ पीटीई लिमिटेड द्वारा 700 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं ('निवेशक विक्रय शेयरधारक')। कंपनी एक नॉन-डिपॉजिट लेने वाली गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी मिडिल लेयर ('एनबीएफसी एमएल') है, जो भारतीय रिजर्व बैंक ('आरबीआई') के साथ भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45आईए के तहत पंजीकृत है।

# सस्ते कर्ज के लिए अक्टूबर तक करना होगा इंतजार

## तीसरी तिमाही तक रेपो दर में कटौती की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सस्ता कर्ज पाने के लिए लोगों को अक्तूबर तक इंतजार करना पड़ सकता है। महंगाई के जोखिम और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के दरों में कोई बदलाव नहीं करने के कारण आरबीआई तीसरी तिमाही तक रेपो दर में कटौती का फैसला टाल सकता है। अर्थशास्त्रियों का पहले




मानना था कि जून की बैठक में आरबीआई दरों में कटौती कर सकता है। अब महंगाई के जोखिम को देखते हुए यह फैसला अक्तूबर से दिसंबर के बीच हो सकता है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इस पूरे साल में रेपो दर में 0.50 फीसदी की कटौती की उम्मीद है।फिलहाल रेपो दर 6.5 फीसदी पर बनी हुई है। आरबीआई ने सात बार से दरों को यथावत रखा है। महंगाई आरबीआई के दायरे से अब भी ऊपर है।

### गर्मी बढ़ा सकती है आरबीआई की चिंता

अर्थशास्त्रियों ने दिसंबर तक के लिए अपने तिमाही महंगाई पूर्वानुमान को थोड़ा कम कर दिया है। आरबीएल बैंक की अर्थशास्त्री अचला जेठमलानी ने कहा, भारत की विकास दर अच्छी है। महंगाई नियंत्रण में है। लेकिन, गर्मी में खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ीं तो महंगाई आरबीआई की चिंता बढ़ा सकती है। इसके साथही, वैश्विक विकास पर नजर रखना महत्वपूर्ण है। अमेरिका समेत दुनियाभर के केंद्रीय बैंक ब्याज दर के मामले में जिस तरह के फैसले लेंगे, आरबीआई भी उसी आधार पर रणनीति बनाएगा।

### कई देश ब्याज दर घटाने में कर सकते हैं विलंब

मॉर्गन स्टेनली का कहना कि एशिया के अधिकांश केंद्रीय बैंक दरों में कटौती में देरी करेंगे। भारत में भी इस साल कटौती की उम्मीद नहीं है। डीबीएस ग्रुप होल्डिंग्स की अर्थशास्त्री राधिका राव ने कहा, भारत दर में कटौती को अप्रैल, 2025 में शुरू होने वाले वित्त वर्ष तक टाल सकता है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक भी इस साल के अंत तक कटौती कर सकता है या टाल भी सकता है। भारत जैसे उभरते बाजारों में केंद्रीय बैंक दरों में कटौती कर अपनी मुद्राओं को और कमजोर करने से सावधान रहेंगे।

# इंडिगो ने कर्मचारियों को दिया बड़ा तोहफा, स्पेशल बोनस का किया ऐलान

**मुंबई एजेंसी।** इंडिगो ने अपने कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। एयरलाइन ने घोषणा की है कि वह अपने कर्मचारियों को विशेष बोनस देगी। यह फैसला चौथी तिमाही और पूरे साल के वित्तीय परिणामों की घोषणा से पहले आया है। यह कर्मचारियों के लिए खुशी की बात है, खासकर जब कुछ दिनों पहले ही इंडिगो ने 30 चौड़े आकार के,350 विमानों का बड़ा ऑर्डर दिया था।

सूत्रों के मुताबिक, कर्मचारियों को एक संदेश भेजा गया है। इसमें एयरलाइन ने कहा कि वह 'डेढ़ महीने के मूल वेतन' के बराबर एकमुश्त विशेष बोनस देगी। बोनस राशि कर्मचारियों के मई के वेतन के साथ अनुग्रह राशि के रूप में दी जाएगी।

घरेलू विमानन बाजार में 60 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाली इंडिगो कंपनी के वास्तविक परिचालन और वित्तीय परिणामों के आधार पर सालाना बोनस देती है। एयरलाइन लगातार पांच तिमाहियों से लाभ कमा रही है। अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में इसका शुद्ध लाभ दोगुने से अधिक होकर 2,998.1 करोड़ रुपए रहा था।

इसकी वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2023 के अंत में एयरलाइन के 33,045 कर्मचारी थे। इंडिगो को अपनी किफायती कीमतों, सुविधाजनक उड़ानों और बेहतरीन ग्राहक सेवा के लिए जाना जाता है। एयरलाइन ने कई पुरस्कार जीते हैं। इनमें स्काईट्रैक्स की ओर से वर्ल्ड्स बेस्ट लो-कॉस्ट एयरलाइन का पुरस्कार भी शामिल है। इंडिगो का मुख्यालय हरियाणा के गुरुग्राम में है। यह स्पष्ट है कि इंडिगो आने वाले वर्षों में बड़ी योजनाएं बना रहा है।




# पोको ने मई सेल के लिए अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोंस पर आकर्षक डील्स पेश कीं

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में सबसे तेजी से विकसित होते हुए कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको ने मई सेल के लिए अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोंस पर आकर्षक डील्स पेश की हैं, जो 1 मई से 10 मई तक केवल फ्लिपकार्ट और एमेज़ॉन पर उपलब्ध होंगी। इस सेल में ग्राहक अपने पसंदीदा उत्पाद आकर्षक ऑफरों के साथ शानदार मूल्य में खरीद सकेंगे।

पोको एक्स6 प्रो

पोको एक्स6 प्रो मीडियाटेक डायमेंसिटी 8300 - अल्ट्रा एसओसी द्वारा पॉवर्ड है, जिसका मूल्य 22,999 रुपये है। इसमें 5000 वर्ग मिमी. का वीसी कूलिंग सिस्टम और वाईल्डबूस्ट 2.0 दिया गया है, ताकि गेमिंग के दौरान बेहतरीन परफॉर्मेंस मिले। इसमें 6.67 इंच का एमोलेड डिस्प्ले है, जो 120 हर्ट्ज के रिफ्रेश रेट के साथ डॉल्बी विज़न को सपोर्ट करता है, जो बेहतर कलर एवं कॉन्ट्रैस्ट के साथ व्यूइंग का शानदार अनुभव प्रदान करता है। इसमें 64 मेगापिक्सल का




ओआईएस ट्रिपल रियर कैमरा और एचडीआर वीडियो रिकॉर्डिंग सपोर्ट है, जिसकी मदद से यह प्रेसिज़न के साथ शानदार विज़्युअल्स कैप्चर कर सकता है।

**पोको एक्स6-** यह 17,999 रुपये में उपलब्ध है। पोको एक्स6 अपने 6.67'' के एमोलेड डिस्प्ले और 1.5K रिज़ॉल्यूशन के साथ बहुत शानदार विज़्युल्स एवं बेहतरीन व्यूइंग अनुभव प्रदान करता है। यह 20,000 रुपये से कम मूल्य में ये विशेषताएं प्रदान करने वाली एकमात्र डिवाईस है। इस स्मार्टफोन में स्नैपड्रैगन 7एस जेन 2 मोबाईल प्लेटफॉर्म है और यह कोर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस द्वारा सुरक्षित है, जो इसे टिकाऊपन और खरोंच से सुरक्षा प्रदान करता है। पोको एक्स6 में 64 मेगापिक्सल का ट्रिपल रियर कैमरा सिस्टम और लंबे समय तक चलने के लिए 5100 एमएएच की बैटरी लगी है।

**पोको एक्स6 नियो-** पोको एक्स6 नियो ब्रांड की स्मार्टफोन लाईनअप में सबसे ज्यादा स्लिम डिज़ाईन पेश करता है। यह केवल 13,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में उपलब्ध है। इसमें 6.67 इंच का 120 हर्ट्ज़ एमोलेड एफएचडी+ डिस्प्ले है, जो बहुत ही जीवंत कलर्स और शार्प विज़्युअल्स प्रदान करता है। यह दिलचस्प वीडियो स्ट्रीमिंग और गेमिंग के लिए परफेक्ट है। एक्स6 नियो ने अपने 108मेगापिक्सल के ड्युअल एआई कैमरा और 16मेगापिक्सल के सेल्फी कैमरा के साथ फोटोग्राफी की सीमाओं को बढ़ा दिया है।

# एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया 'एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड'

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में नजर आने वाली गतिशील वृद्धि का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक न्यू फंड ऑफर (एनएफओ)- 'एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड' की घोषणा की है। निफ्टी बैंक टीआरआई को ट्रैक करने वाला यह फंड एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है। इस फंड का उद्देश्य निफ्टी बैंक टीआरआई को ट्रैक करना है, जिससे निवेशकों को अग्रणी भारतीय बैंकों की विकास यात्रा में सीधे भाग लेने के लिए एक मैकेनिज्म प्रदान किया जा सके।

एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ बी. गोपकुमार ने इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा, ''हमारे देश की आर्थिक प्रगति के पीछे अनेक कारण सक्रिय हैं और अगर प्रभावी ढंग से प्रगति की इस रफ्तार को समझा जाए, तो हमारी विकास कहानी में देश को एक प्रमुख वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ाने की क्षमता है। इस पृष्ठभूमि में ही देश का बैंकिंग क्षेत्र विकास और लचीलापन प्रदर्शित करना जारी रखता है। एक मजबूत नियामक ढांचे और डिजिटल बैंकिंग को तेजी से अपनाने से प्रेरित होकर, यह क्षेत्र निरंतर विस्तार के लिए अच्छी स्थिति में है। एक्सिस निफ्टी बैंक इंडेक्स फंड निवेशकों को इस विकास अवसर का लाभ उठाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इनोवेशन पर ज़ोर देने और उच्चतम शासन मानकों का पालन करने से भी बैंकिंग सेक्टर को बहुत फायदा मिलता है, जिससे भारत के बैंकिंग परिदृश्य को एक नई पहचान देने वाले परिवर्तनकारी रुझानों का हम लाभ उठा सकते हैं।''

श्री कार्तिक कुमार और श्री आशीष नाइक द्वारा प्रबंधित, इस फंड का उद्देश्य ट्रैकिंग त्रुटियों के अधीन, निफ्टी बैंक टीआरआई के कुल रिटर्न के अनुरूप व्यय से पहले रिटर्न प्रदान करना है।

# एथर एनर्जी के तरुण मेहता ने कहा कि भारत में आर्थिक वृद्धि के लिए आरएंडडी निवेश को प्राथमिकता दी जानी चाहिए

**मुंबई, एजेंसी।** हाल ही में अपने एक ट्वीट में एथर एनर्जी के सीईओ, तरुण मेहता ने भारत में आर्थिक वृद्धि के लिए रिसर्च एवं डेवलपमेंट (आरएंडडी) में निवेश बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उद्यमियों को भारत में एक मिलियन इंजीनियर्स के आरएंडडी का लक्ष्य बनाना चाहिए। साथ ही, उन्होंने चीन की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी, बीवायडी द्वारा आरएंडडी में किए गए बड़े निवेश और इसमें इंजीनियर्स की बढ़ती हुई टीम के बारे में भी बताया। मेहता ने कहा कि टेक्नोलॉजिकल प्रगति में चीन की सफलता, खासकर इलेक्ट्रिक वाहन जैसे क्षेत्रों में, आरएंडडी में किए गए भारी निवेश के कारण संभव हुई है। उन्होंने बताया कि बीवायडी के पास अब चीन के बाहर संपूर्ण ऑटो उद्योग के मुकाबले ज्यादा बड़ी आरएंडडी टीम है, जिससे उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मकता लाने के लिए आरएंडडी की महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित होती है।



# एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने व्यापारी पार्टनर्स के लिए बिज़नेस सॉल्यूशंस संग्रह पेश किया

**मुंबई, एजेंसी।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपना बिज़नेस सॉल्यूशन संग्रह लॉन्च किया, जो देश में इसके व्यापारी पार्टनर्स के बैंकिंग एवं पेमेंट के अनुभव में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए डिज़ाईन किया गया है। इस इनोवेटिव संग्रह द्वारा एक ही यूनिफाईड प्लेटफॉर्म में सुगमता से बैंकिंग और पेमेंट की क्रियाएं की जा सकेंगी, जिससे व्यापारी पार्टनर्स को बेजोड़ सुविधा और एफिशियंसी प्राप्त हो सकेगी।

एयरटेल के बिज़नेस बैंकिंग संग्रह में एक विस्तृत पैकेज होगा, जो एयरटेल पेमेंट्स बैंक के चालू खाते के लाभ और क्यूआर कोड द्वारा पेमेंट प्राप्त करने तथा नए लॉन्च किए गए साउंडबॉक्स द्वारा वॉईस से पेमेंट की पुष्टि प्राप्त करने के साथ ऐसा प्लान पेश करेगा, जिसमें इंश्योरेंस के कॉम्प्लिमेंट्री बेनेफिट्स प्राप्त हो सकेंगे। इसके अलावा इस संग्रह द्वारा व्यापारियों को बैंक के भरोसेमंद पार्टनर्स से लोन का आवेदन करने की क्षमता भी मिलेगी।

**सुगम बिज़नेस बैंकिंग का अनुभव-** एयरटेल पेमेंट्स बैंक का जीरो बैलेंस चालू खाता छोटे और मध्यम व्यवसायों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। व्यापारी यह खाता हाथोंहाथ खुलवा सकते हैं, और बैंकिंग के निर्धारित बिंदुओं पर नियत, एक बार की लागत में सुगम फंड सैटेलमेंट एवं कैश आसानी से जमा करने और निकालने की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने साउंडबॉक्स लॉन्च किया है, जो व्यापारी शॉप्स पर क्यूआर कोड द्वारा ग्राहक के हर विनिमय के लिए सुगम ऑडियो नोटिफिकेशन प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किया गया है।

# सैमसंग ने भारत में 2024 नियो क्यूएलईडी और ओएलईडी एआई टेलीविजन के लॉन्च के साथ 10,000 करोड़ की बिक्री हासिल करने का लक्ष्य तय किया

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने एआई टेलीविजन के अपने 2024 लाइनअप के लॉन्च के साथ भारत में अपने टेलीविजन कारोबार से 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। विश्लेषकों के मुताबिक, भारत में अब तक किसी भी टेलीविजन ब्रांड ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की है।


सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा एआई-पावर्ड 8के नियो क्यूएलईडीह्य, 4के नियो क्यूएलईडीह्य और ओएलईडी टीवी की नई रेंज के लॉन्च के साथ, हमें इस साल भारत में अपने रेवेन्यू और मार्केट लीडरशिप को बढ़ाने का पूरी उम्मीद है। 2024 में, हमने भारत में अपने टीवी कारोबार से 10,000 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। हमारे नियो क्यूएलईडी 8के एआई टीवी जीवंत तस्वीरों और शानदार प्रीमियम ऑडियो के साथ दर्शकों को टीवी देखने का जबरदस्त अनुभव प्रदान करते हैं।

### सैमसंग डाट काम और सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर स्मार्टफोन, टीवी, लैपटॉप और डिजिटल उपकरणों पर बेजोड़ ऑफर के साथ सैमसंग के फैब ग्रैब फेस्ट की वापसी

# टैबलेट, एक्सेसरीज और वियरेबल्स के चुनिंदा मॉडलों पर 77 प्रतिशत तक की छूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने अपनी सबसे बड़े समर सेल फैब ग्रैब फेस्ट की घोषणा की है। इस सेल में सैमसंग डाट काम, सैमसंग शॉप ऐप और सैमसंग के एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर ग्राहक सैमसंग के प्रॉडक्ट्स को असाधारण डील्स और रोमांचक कैशबैक के साथ खरीद सकते हैं।

फैब ग्रैब फेस्ट के दौरान, ग्राहक गैलेक्सी एस सीरीज, गैलेक्सी जेड सीरीज और गैलेक्सी ए सीरीज के स्मार्टफोन के चुनिंदा मॉडलों पर 64 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। गैलेक्सी टैबलेट, एक्सेसरीज़ और वियरेबल्स के चुनिंदा मॉडल 77 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध होंगे, वहीं गैलेक्सी बुक4 सीरीज के लैपटॉप के चुनिंदा मॉडलों की खरीद पर ग्राहक 24 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं।




सैमसंग टीवी के चुनिंदा मॉडल जैसे फ्लैगशिप नियो-क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी, ओएलईडी, द फ्रेम टीवी और क्रिस्टल यूएचडी सीरीज 43 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध होंगी। नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी और ओएलईडी टीवी के चुनिंदा मॉडलों की खरीद पर ग्राहक 20,000 रुपये तक के बैंक कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, ग्राहक सभी टीवी की खरीद पर एक्सचेंज बोनस के रूप में 5000 रुपये तक का लाभ उठा सकते हैं। फैब ग्रैब फेस्ट 2024 के तहत ग्राहक रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव, मॉनिटर और एयर कंडीशनर जैसे कई डिजिटल उपकरणों पर छूट और बेजोड़ कीमतों का लाभ उठा सकते हैं। हमारे बाय मोर, सेव मोर प्लेटफॉर्म के साथ, ग्राहक सैमसंग डाट काम या सैमसंग शॉप एप के माध्यम से दो या दो से अधिक उत्पादों की खरीद पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत की बचत कर पाएंगे। बाय मोर, सेव मोर प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं को सैमसंग के कई प्रॉडक्ट्स पर बंडल ऑफर का लाभ उठाने का मौका देता है। इतना ही नहीं, ग्राहक साइड-बाय-साइड रेफ्रिजरेटर, एलिगेंट फ्रेंच-डोर रेफ्रिजरेटर और फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर जैसे प्रीमियम उपकरणों की एक व्यापक श्रृंखला पर 48 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। वे तीन या अधिक चुनिंदा उत्पाद खरीदकर बीस्पोक एआई पैकेज के साथ अपने किचन अनुभव को और अधिक बेहतर बनाते हुए अतिरिक्त 10 प्रतिशत छूट का आनंद ले सकते हैं।

# फैंटमएफएक्स को वीएफएक्स उद्योग में इनोवेशन और ग्लोबल विस्तार को बढ़ावा देने के लिए परिवर्तनकारी प्रोजेक्ट्स प्राप्त हुआ

**मुंबई, एजेंसी।** फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड एक क्रिएटिव विजुअल इफैक्ट्स (वीएफएक्स) स्टूडियो, ने अप्रैल 2024 में परिवर्तनकारी प्रोजेक्ट्स प्राप्त होने की घोषणा की है, जो कंपनी के इनोवेशन और विस्तार के क्षेत्र में आगे एक भारी छलांग को दर्शाता है.

एक क्रिएटिव विजुअल इफैक्ट्स (वीएफएक्स) स्टूडियो, फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड (एनएसई -PHANTOMFX) को दोनों घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में सीमाचिन्ह प्रोजेक्ट प्राप्त हुए हैं. ये प्रोजेक्ट इनोवेशन और विस्तार के प्रति कंपनी की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं. अप्रैल 2024 में परिवर्तनकारी प्रोजेक्ट पर हस्ताक्षर हुआ, जो कंपनी के लिए आगे एक बड़ी छलांग को दर्शाता है.

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों को कवर करने वाले ये सीमाचिन्ह प्रोजेक्ट कंपनी के दृढ़ समर्पण को दर्शाते हैं. लगभग 17 करोड के कुल मूल्य के साथ प्राप्त हुए ये प्रोजेक्ट उद्योग लीडर के रूप में फैंटमएफएक्स की स्थिति मजबूत करते हैं.

नए प्राप्त हुए प्रोजेक्ट में भारत, यूनाइटेड स्टेट्स और कनाडा के क्लाइंट्स की डायनेमिक जरूरत को पूरा करने के लिए वर्क के व्यापक स्कोप का समावेश है. भारतीय क्षेत्र के प्रोजेक्ट का मूल्य लगभग 3 करोड़ है, जो अपने लोकल बाजार की सेवा करने की कंपनी की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. साथ ही अंतर्राष्ट्रीय घटक का मूल्य लगभग 14 करोड है, जो फैंटमएफएक्स की वैश्विक पहुंच और उत्कृष्टता के लिए ख्याति पर प्रकाश डालता है.

एक्सपर्टीज और क्रिएटिविटी की उसकी समृद्ध विरासत को देखते हुए फैंटमएफएक्स विजुअल इफेक्ट्स उद्योग में इनोवेशन और ग्राहक संतुष्टि के लिए नए सीमाचिन्ह स्थापित करते हुए इन प्रोजेक्ट की श्रेष्ठ सफलता सुनिश्चित करने के लिए तैयार है.

फैंटमएफएक्स के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर बिजॉय अरपुथराज ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा हमारे द्वारा इन सीमाचिन्हों को सेलिब्रेट किया जाने से क्रिएटिविटी और टेक्नोलॉजी की सीमाओं को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि हुई हैं. ये प्रोजेक्ट ना सिर्फ हमारे टेक्नोलॉजिकल कौशल को दर्शाते हैं बल्कि इनोवेशन और ग्राहक संतुष्टि के प्रति हमारे अथक प्रयास से विश्व भर के क्लाइंट को विशिष्ट डिजिटल इफैक्ट्स सॉल्यूशंस डिलीवर करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करते हैं. कंपनी विजुअल इफेक्ट्स उद्योग में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने के लिए भी तैयार है. इनोवेशन और ग्राहक केंद्रित घटक पर दृढ़ फोकस के साथ कंपनी निरंतर डिजिटल इफेक्ट्स क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रयास कर रही है।

## खबर संक्षेप

### 5 जी का आवंटन खुली नीलामी द्वारा

**नई दिल्ली।** इस साल केंद्र सरकार द्वारा 5जी आवंटन के लिए खुली नीलामी आयोजित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्र सरकार की संशोधित याचिका को ठुकरा दिया गया है। उसके बाद अब एक मात्र विकल्प नीलामी ही रह गया है। ई-कॉमर्स और दूरसंचार के क्षेत्र में यह सबसे बड़ी नीलामी होगी। पिछले साल स्मार्टफोन की बिक्री खास तौर से प्रीमियम डिवाइस की बिक्री और 5त्र अपग्रेड को लेकर एक बड़ी क्रांति के तौर पर देखा जा रहा है। 5त्र आवंटन की नीलामी के बाद भारत का स्मार्टफोन, इंटरनेट, ई-कॉमर्स, वायरलेस और टेलीविजन बिजनेस में भारी परिवर्तन आएगा। स्मार्टफोन की बिक्री बड़ी तेजी के साथ बढ़ेगी। इसमें बड़े-बड़े प्लेयर सामने आएंगे। केंद्र सरकार अभी पहले आओ पहले पाओ की नीति के अनुसार कुछ चुनिंदा संस्थानो को ही 5त्र का आवंटन करना चाहती थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2जी आवंटन के मामले में खुली नीलामी करने का फैसला दिया था। जो आवंटन तत्कालीन केंद्र सरकार ने किए थे। उन्हें निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट का वही फैसला वर्तमान सरकार के लिए भी लागू होगा।

### यूएई में फिर बारिश-आंधी, स्कूल-दफ्तर बंद, उड़ानें कैंसिल

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में बारिश ने एक बार फिर तबाही मचाना शुरु कर दिया है। भारी बारिश और आंधी के चलते कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें को रद करना पड़ा है। यूएई में भारी बारिश और तूफान के चलते ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। आज भी यूएई में भारी बारिश होने की संभावना है। मौजूदा मौसम के कारण देश के सभी सरकारी स्कूलों में आज छात्रों की ऑनलाइन कक्षाएं होंगी। वहीं, ज्यादातर कंपनियों के कर्मचारी वर्क फॉम होम कर रहे हैं। पार्क और समुद्र तट बंद कर दिए गए हैं। अबू धाबी के कुछ इलाकों में गुरुवार को सड़कों पर पानी भर गया, जबकि जेबेल अली, अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दुबई इंडस्ट्रियल सिटी, दुबई इन्वेस्टमेंट्स पार्क और जुमेरा विलेज ट्राएंगल में तेज हवाएं चली हैं। बता दें कि 14-15 अप्रैल को भी भीषण बारिश के चलते अरब प्रायदीप के क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए थे। इस दौरान दुबई में 1949 के बाद से सबसे अधिक बारिश हुई थी जो एक रिकार्ड थी। दुबई की एमिरेट्स एयरलाइन ने संयुक्त अरब अमीरात में खराब मौसम के कारण कई उड़ानें रद्द करने की घोषणा की।

### दुनिया में कुल 2,01,296 टन सोना खोदकर निकाला

**न्यू साउथ वेल्स ।** दुनिया में अभी तक कुल 2,01,296 टन सोना जमीन से खोदकर निकाल लिया गया है। 53,000 टन सोना अभी पृथ्वी के गर्भ से निकाला जाना बाकी है। यह दावा किया है वैज्ञानिकों ने। आज से लगभग 150 साल पहले ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स के हिल एंड पर खुदाई चल रही थी। जर्मन में पैदा हुए बेर्नहार्ट होल्टरमैन यहां खुदाई करवा रहे थे। वे सोने की माइनिंग के लिए जाने जाते हैं। इसी खुदाई में उन्हें दुनिया का सबसे बड़ा गोल्ड का टुकड़ा मिला। इस सोने का वजन इतना ज्यादा था कि दो लोग मिलकर इसे उठा नहीं सकते थे। कीमत इतनी थी कि सात पुश्तें आराम से जीवन गुजार सकती थीं। 1872 में हुई उस खुदाई में होल्टरमैन को 290 किलोग्राम सोने का नगेट मिला था। इसे होल्टरमैन नगेट का नाम दिया गया।

---

विरोध प्रदर्शनों में भारतीय छात्रों के शामिल होने की कोई रिपोर्ट नहीं आई

# भारत ने अमेरिका में भारतीय छात्रों से कहा- स्थानीय कानूनों का पालन करें



**एजेंसी ■ वाशिंगटन**

भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में नामांकित भारतीय छात्रों से गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर इजरायल के खिलाफ अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थानों में चल रहे विरोध प्रदर्शन के संबंध में स्थानीय कानूनों और नियमों का पालन करने का आग्रह किया। इन विरोध प्रदर्शनों में भारतीय छात्रों के शामिल होने की अभी तक कोई रिपोर्ट नहीं आई है और मंत्रालय ने यह भी कहा है कि किसी भी छात्र या उनके परिवार ने मदद के लिए भारतीय मिशनों से संपर्क नहीं किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन के बारे में एक सवाल के जवाब में नई दिल्ली में एक समाचार ब्रीफिंग में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि देश और विदेश में हमारे सभी नागरिक स्थानीय कानूनों और नियमों का सम्मान करेंगे।

उन्होंने कहा कि अब तक किसी भी भारतीय छात्र या उनके परिवार ने विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई के संबंध में किसी भी सहायता के लिए हमसे संपर्क नहीं किया है। सैकड़ों-हजारों भारतीय छात्र अमेरिकी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में स्नातक और स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकित हैं। उनमें से कई लोग कॉलेज के बाद काम करने और यहीं बसने की इच्छा रखते हैं। उनके विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने या किसी ऐसी कार्रवाई में भाग लेने की संभावना नहीं है जो उन्हें कानून के खिलाफ खड़ा करती है, जो उनके भविष्य को खतरे में डाल सकती है। गाजा में इजरायल के चल रहे युद्ध के खिलाफ अमेरिकी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन फैल गया है, छात्रों ने इजरायल के लिए अमेरिकी समर्थन समाप्त करने की मांग की है।

ये विरोध प्रदर्शन कई मामलों में हिंसक हो गए हैं और छात्रों ने विश्वविद्यालय भवन के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया है, जैसा कि कोलंबिया में हुआ था। पुलिस ने कई छात्रों को गिरफ्तार किया है और उनके शिविरों को तोड़ रही है, क्योंकि परिसरों के आसपास लगे उनके तंबू हटाए जा रहे हैं।

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने व्हाइट हाउस से एक भाषण में कहा कि विरोध करने की स्वतंत्रता के साथ कानून का सम्मान भी होना चाहिए। हिंसक विरोध को सुरक्षा नहीं दी जाती, बल्कि शांतिपूर्ण विरोध को सुरक्षा दी जाती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यहूदी विरोधी भावना और इस्लामोफोबिया या फिलिस्तीन के समर्थकों के खिलाफ भेदभाव को समाप्त करने की भी अपील की।

---

# हर साल 25 कुंवारी लड़कियों को चुनकर अपना सेक्स गुलाम बनाता है तानशाह

**एजेंसी ■ प्योंगयांग**



उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन हर साल 25 कुंवारी लड़कियों को चुनते हैं। इन लड़कियों को चुनकर वे अपने प्लेजर स्क्वाड का हिस्सा बनाते हैं और अपने महल में रखकर शारीरिक संबंध बनाते हैं। रिपोर्ट में 30 साल की कोरियन यूट्यूबर और लेखिका ओनमी पार्क ने दावा किया है कि लड़कियों को चुनने में उनकी खूबसूरती के साथ राजनीतिक वफादारी को भी देखा जाता है। पार्क का दावा है कि प्लेजर स्क्वाड में शामिल करने के लिए उनकी भी दो बार खोज की गई थी लेकिन पारिवारिक स्थिति के कारण उन्हें नहीं चुना गया। ओनमी 2007 में 13 साल की उम्र में उत्तर कोरिया से भाग गई थीं। इसके बाद वह दक्षिण कोरिया और फिर अमेरिका चली गईं।

पार्क का कहना है कि लड़कियों को चुनने का काम बड़े स्तर होता है। सनकी तानशाह के लोग इसके लिए स्कूलों में जाकर भी सुंदर लड़कियों की तलाश करते हैं। एक बार जब उन्हें कुछ सुंदर लड़कियां मिल जाती हैं, तब उनकी पारिवारिक और राजनीतिक स्थिति की जांच की जाती हैं। उन सभी लड़कियों के नाम हटा दिए जाते हैं, जिनके परिवार के सदस्य उत्तर कोरिया से भाग गए हैं। या जिनके रिश्तेदार दक्षिण कोरिया और दूसरे देशों में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, लड़कियों की पारिवारिक स्थिति की परख के बाद अगला कदम उनका मेडिकल परीक्षण होता है। मेडिकल जांच का मकसद ये देखना होता है कि लड़की वर्जिन हैं कि नहीं। इसके बाद कुछ और मेडिकल जांच से लड़कियों को गुजरना होता है। किसी लड़की के शरीर पर कोई छोटा सा निशान भी अयोग्यता की वजह बन सकती है। तमाम जांच के बाद जो लड़कियां चुनी जाती हैं, उन्हें राजधानी प्योंगयांग भेज दिया जाता है। लड़कियां जब प्लेजर स्क्वाड का हिस्सा बन जाती हैं, उनका काम सिर्फ और सिर्फ यौन सुख देना होता है। पार्क ने कहा कि किम जोंग उन के पिता किम जोंग इल का मानना था कि किशोर लड़कियों के साथ यौन अंतरंगता उन्हें अमर कर सकती है। किम जोंग इल ने इसके लिए 1980 के दशक में कुछ सुंदर लड़कियों को चुनने का फैसला लिया था। 2011 में 70 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई और उनके बेटे किम जोंग उन के हाथ में सत्ता आ गई। किम जोंग उन भी इसी रास्ते पर चल रहे हैं। पार्क का कहना है कि इस स्क्वाड में भी तीन अलग-अलग विभाग हैं। कुछ लड़कियों को मालिश में ट्रेनिंग दी जाती है। एक वर्ग किम और उसके करीबी लोगों के मनोरंजन के लिए गायन और डांस में माहिर होता है। तीसरा समूह यौन गतिविधियों के लिए होता है। इसमें शामिल लड़कियों को किम के साथ यौन संबंध बनाने होते हैं। सबसे सुंदर लड़कियों को किम के पास भेजा जाता है। कम सुंदर लड़कियों को जनरलों और दूसरे राजनेताओं के पास भेजा जाता है। ओनमी पार्क का कहना है कि इस दस्ते की महिलाएं जब 25 साल की उम्र को पास कर लेती हैं, तब उन्हें रिटायर कर दिया जाता है। आमतौर पर उनकी शादी किम के अंगरक्षकों से कर दी जाती है। प्लेजर स्क्वाड की महिलाओं को सुरक्षा सेवाओं के सदस्य से शादी करने का विशेषाधिकार है।

---

# सबसे गहरे ब्लूहोल को लेकर रहस्य बरकरार, गहराई भी नहीं नाप पाए वैज्ञानिक

**एजेंसी ■ वॉशिंगटन**

समुद्र में एक ब्लूहोल को लेकर रहस्य बरकरार है। वैज्ञानिकों ने इस पर तमाम रिसर्च किए हैं लेकिन सच ये हैं कि अभी तक उसकी गहराई का भी पता नहीं लगा पाए है। ऐसे में मानने वाले तो यहां तक मान रहे हैं कि ये पाताल लोक का रास्ता हो सकता है। मेक्सिको का ताम जा ब्लू होल दुनिया का सबसे गहरा ज्ञात अंडर वॉटर सिंकहोल है। शोधकर्ताओं ने इसकी खोज की है। वे अभी तक इसके नीचे तक नहीं पहुंच पाए हैं। ताम जा ब्लू होल युकाटन प्रायद्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट पर चेतुमल खाड़ी में स्थित है। नए माप से पता चलता है कि समुद्र तल से कम से कम 1,380 फीट लगभग 420 मीटर नीचे तक फैला हुआ है। सबसे पहले इस ब्लू होल को वैज्ञानिकों ने 2021 में खोजा था। तब दर्ज किए गए दस्तावेज के मुताबिक इसकी गहराई 146 मीटर से ज्यादा थी।

अध्ययन के मुताबिक सुरंगों और गुफाओं के छिपे हुए नेटवर्क के जरिए समुद्र से जुड़ा हो सकता है। ब्लू होल पानी से भरे सिंकहोल होते हैं, जो तटीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं। इनकी आधारशिला चूना पत्थर, संगमरमर या जिप्सम जैसे घुलनशील सामग्री से बनी होती है। वे तब बनते हैं, जब सतह पर पानी चट्टान के माध्यम से रिसता है, खनिजों को घोलता है और दरारें चौड़ी करता है। जिसके बाद अंत में चट्टान ढह जाती है। बहामास में डीन का ब्लू होल और मिस्र में दहाब ब्लू होल भी इसका उदाहरण है। इससे पहले दुनिया का सबसे गहरा ब्लू होल दक्षिण चीन सागर का संशा योंगले ब्लू होल था। इसकी गहराई 301 मीटर है, जिसे ड्रैगन होल के नाम से जाना जाता है। फ्रंटियर्स इन मरीन साइंस जर्नल में सोमवार को एक अध्ययन प्रकाशित हुआ। इसमें शोधकर्ताओं ने लिखा, 6 दिसंबर 2023 को प्रचलित पर्यावरणीय स्थितियों की पहचान करने के लिए एक स्कूबा डाइविंग अभियान आयोजित किया गया था। इस अभियान के दौरान शोधकर्ताओं ने चालकता, तापमान और गहराई प्रोफाइलर के साथ माप लिया। इस दौरान एक उपकरण से पानी के रियलटाइम गुणों की पहचान की गई। स्टडी में लिखा गया, डेटा से पता चलता है कि ताम जा ब्लू होल दुनिया का सबसे गहरा ज्ञात ब्लू होल है, जिसके तल तक अभी भी नहीं पहुंचा जा सका है। प्रोफाइलर ने ब्लू होल के अंदर पानी की विभिन्न परतों पर भी प्रकाश डाला।

---

# इजरायल के खिलाफ बोलने वालों को सउदी अरब ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी ■ तेलअवीव**



मध्य पूर्व में युद्ध की आशंकाओं के बीच अब एक मुस्लिम देश ने इजरायल विरोधी टिप्पणियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। खबर है कि साऊदी अरब ने इजरायल के खिलाफ बयान देने वालों को गिरफ्तार करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब सोशल मीडिया पर इजरायल-हमास युद्ध को लेकर पोस्ट करने वाले नागरिकों को गिरफ्तार किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि रियाद इस बात को लेकर भी चिंतित है कि इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध और ईरानी प्रॉक्सी की तरफ से किए गए हमले मध्य पूर्व को युद्ध की ओर धकेल देंगे। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि हाल ही में एक कंपनी के एग्जीक्यूटिव को हिरासत में लिया गया है। यह कंपनी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के प्लान का हिस्सा है। अधिकारी ने कथित तौर पर गाजा युद्ध को लेकर टिप्पणियां की थीं, जिन्हें भड़काऊ माना जा रहा था। इसे संकेत के तौर पर भी माना जा रहा है कि सऊदी, इजरायल के साथ कूटनीतिक संबंध बनाने का मन बना रहा है (अगर वह फिलिस्तीनी राज्य के प्रतिबद्ध है)। फिलहाल, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है।इजरायल की मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी सरकार के एक सूत्र ने ब्लूमबर्ग को बताया है कि गिरफ्तारियों की वजह ये चिंताएं भी हैं कि ईरान समर्थक प्रभाव देश की सुरक्षा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालांकि, 7 अक्टूबर से लेकर अब तक कितनी गिरफ्तारियां की गई हैं, इसका कोई स्पष्ट आंकड़ा नहीं है। फिलिस्तीनी समूह हमास ने इजरायल पर बीते साल 7 अक्टूबर को हमला किया था। सऊदी अरब की तरफ से ऐक्शन ऐसे समय पर हो रहा है, जब अमेरिका, इजरायल के साथ हालात सामान्य करने के लिए रियाद के साथ काम करना जारी रख रहा है। हाल ही में अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन ने कहा था कि समझौता बनाने की कोशिश में बीते सप्ताह काफी काम किया गया और डील संभवतः पूरी होने के काफी नजदीक है।

### पाक में हादसा: पहाड़ी से फिसलकर नाले में गिरी बस; 20 की मौत

**पेशावर।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। जहां एक यात्री बस पहाड़ी इलाके से फिसलकर नाले में गिर गई, जिसमें सवार कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के डायमेर जिले में काराकोरम राजमार्ग पर हुई। बस रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी। इस दौरान चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया और बस पहाड़ी से फिसलकर सीधे नीले में जा गिरी जिसमें कम से कम 20 यात्रियों की मौत हो गई और करीब 15 लोग घायल हो हुए है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि यह साफ नहीं हो सका है कि बस में कितने यात्री सवार थे। अधिकारी ने बताया कि बचाव कार्य जारी हैं और शवों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

# एक ऐसा देश जिसकी कुल आबादी 39 है, इनमें शामिल है 35 लोग व 4 कुत्ते

**एजेंसी ■ वॉशिंगटन**



अमेरिका के नेवाडा में स्थित देश मोलोसिया की कुल आबादी 39 है, जिसमें 35 लोग और 4 कुत्ते शामिल हैं। यह एक माइक्रोनेशन है। इस देश के अपने अलग कानून, परंपरा, यहां तक की अलग करेंसी भी है। यहां के राष्ट्रपति बेखौफ होकर खुलेआम सड़कों पर घूमते नजर आ जाएंगे। इतना ही नहीं, अपने देश के हर नागरिक को वो पहचानते हैं और मिलना-जुलना भी होता है।


बता दें कि 1977 में केविन बॉघ और उनके एक दोस्त को अलग देश बनाने का विचार आया था। ऐसे में दोनों ने मिलकर मोलोसिया को एक माइक्रोनेशन के रुप में स्थापित किया। तब से लेकर अबतक केविन इस छोटे से देश के राष्ट्रपति हैं। उन्होंने खुद को वहां का तानाशाह घोषित कर रखा है, जबकि उनकी पत्नी को मोलोसिया की पहली महिला का दर्जा मिला है। केविन ने अपने जिस दोस्त के साथ माइक्रो नेशन मोलोसिया के स्थापना की कल्पना की थी, उसने थोड़े समय के बाद ही इस आइडिया को त्याग दिया। लेकिन केविन के मन में ये आइडिया घर कर गया और उन्होंने अपने इस शौक को आगे जारी रखा। यहां रहने वाले ज्यादातर नागरिक केविन के रिश्तेदार हैं, जो इस देश के बॉर्डर के आस-पास रहते हैं। लेकिन इस देश को अभी तक दुनिया की किसी भी सरकार से मान्यता नहीं मिला है। इस छोटे से देश में दुकान, लाइब्रेरी, श्मशान घाट के अलावा कई अन्य सुविधाएं मौजूद हैं। कई लोग इस अनोखे देश का टूर करने आते रहते हैं। लेकिन अंदर आने के लिए टूरिस्ट को अपने पासपोर्ट पर स्टैम्प लगवाना पड़ता है। पिछले 40 सालों से केविन यहां आने वाले पर्यटकों को अपने छोटे से देश की सैर करवाते हैं। ये टूर कुल 2 घंटे का होता है।

---

दर्जनों लोग तंबू और अस्थायी केबिनों में रहने को है मजबूर

# पहले था सबसे अमीर शहर और आज है कंगाल

**एजेंसी ■ लंदन**



ब्रिटेन के कैंबोर्न का कोर्निश शहर पूरी दुनिया में सबसे अमीर स्थानों में से एक था और यह अब पूरे यूरोप में सबसे वंचितों में से एक है। आज आलम ये है कि यहां दर्जनों लोग तंबू और अस्थायी केबिनों में रहते हैं। गुंडागर्दी, भिखारियों और बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं के उपयोग के बारे में स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद, कैंबोर्न के कोर्निश शहर में पुलिस को अब वर्दीधारी बाउंसर इसकी रक्षा करते हैं। एक अनुमान है कि हाई स्ट्रीट की 20 से 30 फीसदी दुकानें बंद हो गई हैं और जो बची हैं, वो मरम्मत की या फिर खराब स्थिति में हैं। हर सड़क पर बीयर के खाली डिब्बे, फेंके गए टेकअवे रैपर और अन्य प्रकार के कूड़े के ढेर देखे जा सकते हैं। उच्च सड़क के ठीक बाहर एक गली है जो नशीली दवाओं के सामान से बिखरी हुई है। कॉर्नवाल का यह क्षेत्र गरीबी संकट से निपटने के लिए यूरोपीय संघ से भुगतान प्राप्त कर रहा था। यह यूनाइटेड किंगडम के केवल चार क्षेत्रों में से एक था जो इन भुगतानों के लिए योग्य था। लेकिन निश्चित रूप से ब्रेक्सिट के बाद से सब्सिडी खत्म हो गई है और शहर वास्तव में संघर्ष कर रहा है। कैंबोर्न के कुछ बेघर लोगों को एक पुराने साल्वेशन आर्मी होटल में रखा गया है, अन्य को अस्थायी केबिनों के एक बाड़े वाले क्षेत्र में रखा गया है, और फिर भी अधिकांश लोग स्थानीय चर्चयार्ड में एक तात्कालिक तम्बुओं वाले शहर में मुश्किल से जिंदा रह रहे हैं।

### चीन ने पाक को से कहा- पहले बकाया 550 अरब चुकाओ तब होगी बात

**बीजिंग।** चीन ने अपने करीबी दोस्त पाकिस्तान को एक बार फिर झटका दे दिया है। कर्ज की गुहार लगा रहे पाकिस्तान से साफ शब्दों में कह दिया कि पहले 550 अरब रुपए चुकाओ इसके बाद आगे की बात करेंगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अगले महीने जून के पहले हफ्ते में बीजिंग के दौरे पर जाने वाले हैं लेकिन उससे पहले उनकी टेंशन बढ़ गई है। पाकिस्तानी अखबार ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि चीनी अधिकारियों ने शर्त रखी है कि शहबाज शरीफ की बीजिंग यात्रा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की 13वीं संयुक्त समन्वय समिति की 13वीं बैठक के बाद होनी चाहिए, ताकि लंबित मुद्दों को सुलझाया जा सके और सीपीईसी-2 के तहत सहयोग को बढ़ाने पर बात की जा सके। हाल के महीनों में रिवॉल्विंग फंड के तहत समय पर भुगतान में व्यवधान देखा गया है। इस बीच, चीनी वित्तीय संस्थान महत्वपूर्ण परियोजनाओं में आगे बढ़ने से पहले पाकिस्तान से सहयोग का आश्वासन मांग रहे हैं। यह विश्वास बहाली के लिए बड़ी जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर जताया शोक

**बलिया ब्यूरो चीफ ओम प्रकाश पाण्डेय**



रतसर (बलिया)। संपूर्णानंद इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य वशिष्ठ नारायण पाण्डेय (78) का शुक्रवार की देर रात ब्रेन हैमरेज के कारण निधन हो गया। अंतिम संस्कार शनिवार को महाबीर घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र आलोक पाण्डेय ने दी। उनके निधन पर संपूर्णानंद इण्टर कालेज में शनिवार को शोकसभा हुई। दो मिनट मौन रहकर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। शोक सभा में प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पाण्डेय, नथुनी सिंह,ऋषिदेव तिवारी,कृपाशंकर सिंह,गोरख यादव, राजेन्द्र सिंह, शमशेर सिंह,विजय गुप्ता, टुनटुन उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई




**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ लोक सभा निर्वाचन, 2024 में शत प्रतिशत मतदान हेतु सेंट मीरास इंटर कॉलेज, हिन्द नगर में प्रबंधक विनोद रतड़ा एवं निदेशिका रिद्धिमा रतड़ा के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस मौके पर नगर निगम प्रतिनिधि संजय सिंह भी मौजूद रहे, उन्होंने बच्चों को यह भी बताया गया कि वो 18 वर्ष की आयु से अधिक सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें और अपने अपने माता पिता व आस पास के सभी वस्यक सदस्यों से दिनांक 20 मई, 2024 को मतदान हेतु निरन्तर आग्रह करते रहने हेतु प्रेरित किया।

### जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत समीक्षा गोष्ठी कर सम्बन्धित को अधिकारीगण को दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश

**मीरजापुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर ÷आर.पी.सिंह÷ द्वारा पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ÷अभिनन्दन÷ के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के मद्देनजर पुलिस लाइन मीरजापुर स्थित सभागार कक्ष में जनपदीय पुलिस बल के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण एवं शाखा प्रभारीगण की समीक्षा गोष्ठी की गयी । लोकसभा सामान्य निर्वाचन को आदर्श आचार संहित का अनुपालन करते हुए नामांकन प्रक्रिया सहित अन्य चुनावी प्रक्रियाओं को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु जनपद के सभी थानों द्वारा नियमित रूप से संवेदनशील ग्रामों, कस्बों एवं संवेदनशील/अति संवेदनशील बूथों/मतदान केन्द्रों में भ्रमण करने तथा क्षेत्र में नियमित रुप से बार्डर चेकिंग, बैरियर चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग करने के निर्देश दिए गए । गोष्ठी के दौरान शराब, खनन, गो-तस्करी, भूमाफिया तथा मादक पदार्थ तस्करों आदि के बारे मे जानकारी कर इस प्रकार के अपराधो मे संलिप्त अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही, जिलाबदर/ईनामियां वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर अधि0 के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने, निरोधात्मक कार्यवाही करने तथा जनपद मे खनन, शराब,भूमाफियाओं तथा मादक पदार्थ तस्करों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर अभियोग पंजीकृत कर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।

### 404 का आंकड़ा पार कर नरेंद्र मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री – सूरज ब्रम्हे



महोबा। उत्तर प्रदेश के प्रदेश चुनाव प्रभारी के दायित्व के साथ जनपद पहुँचे नरेंद्र मोदी विचार मंच के मुख्य राष्टीय महासचिव सूरज ब्रम्हे ने अपने साथियों के साथ महोबा-हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीणों से जन सम्पर्क किया द्य उन्होंने जगह-जगह ग्रामीणों के साथ बैठक कर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार कुँवर पुष्पेद्र सिंह को जिताने की अपील मतदाता भाईयों एवं बहनों से की हैं। लोकसभा क्षेत्र के भ्रमण के पश्चात कहा कि कुँवर पुष्पेद्र सिंह चंदेल जीत की हेट्रिक बनाएंगे और नरेंद्र मोदी 404 का आकड़ा पार कर देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेगें द्य जनसंपर्क के दौरान सन्यासी केशव महाराज भगवाधारी, मकरंद यादव, ओमप्रकाश तिवारी, उदित नारायण यादव, आसमानी श्रीवास, जितेंद्र सिंह, रामजी महाराज एवं अन्य साथी रहे ।

### ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत सदस्य अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल




महोबा। कबरई ब्लाक प्रमुख राजू सिंह व उनकी पत्नी रमा सिंह जिला पंचायत सदस्य रिवई को फिर दोबारा भाजपा परिवार में सम्मिलित किया गया। भाजपा कार्यालय में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेगर, जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी व कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी आदि लोगो की मौजूदगी में भाजपा परिवार मे सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पुनः दोबारा शामिल हुए द्य कबरई ब्लाक प्रमुख अवनेद्र सिंह उर्फ़ राजू सिंह व जिला पंचायत सदस्य रमा सिंह व पूर्व डायरेक्टर ज़िला कॉपरेटिव बैंक व पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष खरेला अजय सिंह गौतम व हिन्दू वाहिनी के जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह एवं बलराम सिंह व राजेंद्र सिंह अलीपुरा सहित सभी साथियों को फूल माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया गया। एलएलसी एवं जिलाध्यक्ष ने बताया कि भाजपा का परिवार निरंतर बढ रहा है और अन्य पार्टियों के लोग भी इस परिवार में शामिल हो रहे है।

### ब्रह्मानंद कंपटीशन क्लासेस चरखारी में तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं को दिया गया मार्गदर्शन



महोबा। चरखारी क्षेत्र के छात्र छात्राओं को अधिक अधिक पढ़ने के प्रेरित किया जिससे आप अपने कर्मों के अनुसार नौकरी पा सकते है और आप अपनी मेहनत के बल पर ही काबिल बने, अपने पैरों पर खड़े होकर अपने गांव नगर, क्षेत्र, जिले का नाम रोशन करे जिससे समाज और राष्ट का उत्थान के लिए तत्पर रहे और आईआरएस रोहित राजपूत ने छात्रों को बताया कि किसी भी एग्जाम की तैयारी कर हो सभी छात्र अपने एक्सन की तैयारी में लगे रहिए एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी अपने मन को नियंत्रित रखे भटके नहीं, जिसने हार मान ली उनके लिए नौकरी पाना मुस्किल होगा ।

# सारे काम छोड़ दो, 20 मई को वोट दो!

**टीम 20 के सदस्यों की उपस्थिति में न्याय पंचायत ईंटो के ग्रामों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली!**



**ईंटो (जालौन)।** जिला जालौन में 20 मई को होने वाले मतदान में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली टीम 20 के सदस्यों की उपस्थिति में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई! ग्राम ईंटों स्थित मां नारायणी यूनिवर्सल एजुकेशन एकेडमी ईंटो, कंपोजिट विद्यालय अजीतापुर, प्राथमिक विद्यालय अजीतापुर, इस्लामिया स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम अजीतापुर में व ग्राम ईंटो में मां नारायणी यूनिवर्सल एजुकेशन एकेडमी के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई! बच्चों के हाथों में विभिन्न पट्टिकाये जिनमें मतदान से संबंधित उदघोषक नारे लिखे हुए थे लोगों को जागरुक कर रहे थे! बच्चे सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, पहले मतदान फिर जलपान, 20 मई का दिन महान करना है शत प्रतिशत मतदान आदि नारों से लोगों को 20 मई के दिन मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे थे! टीम 20 का मतदाता जागरूकता अभियान ईंटो न्याय पंचायत में हुआ! रैली में आगे सैकड़ों की संख्या में बच्चे साथ में गणवेश में टीम 20 के सदस्य पीछे मतदाता जागरूकता रथ था। ग्राम अजीतापुर में रैली का नेतृत्व श्री राजेन्द्र सिंह नोडल शिक्षक संकुल ने किया।हर मस्जिद और हर चौराहे पर सेल्फी पॉइन्ट ,और हस्ताक्षर अभियान में हर आयु वर्ग के व्यक्तियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इसके पश्चात ग्राम ईंटो में मतदाता जागरूकता रथ का पदार्पण हुआ जिसका चौराहे पर ग्रामीणों ने स्वागत किया बाज़ार में ही सेल्फी पॉइंट ,हस्ताक्षर अभियान का कार्यक्रम किया गया। जिसमें ग्रामीणों की सक्रिय प्रतिभागिता रही। तत्पश्चात अब्दुल्लापुर और हमीदपुर में टीम 20 ने मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया।अब्दुल्लापुर में राजेन्द्र सिंह ने मतदाता की शपथ कराई! इस अभियान में फारुख खान प्रधान, हाजी इरफान खान प्रधान विनय स्वर्णकार पंचायत सचिव ,शिक्षक सर्व श्री राजेंद्र सिंह, नरेश, कौशर खान,शुभम कुमार ,जितेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह अजय पाण्डेय,राजेन्द्र सिंह, तेज बहादुर,अजय निरंजन, इंद्रपाल सतेंद्र सिंह,,मूल नारायण राठौर, देव सचिन,रमेश चन्द्र,दीपक वर्मा,वेद प्रकाश ,प्रभाष चन्द्र,अक्षय कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह,प्रेम नारायण ,गजेंद्र सिंह , गुलजार आलम खान, अश्वनी सतेन्द्र मां नारायणी एकेडमी स्टाफ से पंकज सर निरंजन सर राहुल सर आमिर सर शनि सर सौरभ सर दीपक सर रामू राहुल, राम, आदि शिक्षक व्यवस्थापक शाहरुख पंचायत मित्र आशा बहू ,आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

## भाजपा प्रत्याशी ने किया जनसंवाद कार्यक्रम, विधानसभा बैरिया कार्यालय का हुआ

**बलिया ब्यूरो चीफ ओम प्रकाश पाण्डेय**

बलिया लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर विधानसभा बलिया नगर के विभिन्न स्थानों पर जन संवाद कार्यक्रम और स्वागत समारोह में उपस्थित रहें और भारतीय जनता पार्टी तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विभिन्न योजनाओं और राष्ट्रवादी विचारों को आम जनमानस से परिचित कराया तथा चुनाव को लेकर के योजना रचना का निर्माण हुआ। भाजपा प्रत्याशी ने बलिया नगर विधानसभा के ग्राम व्यासी,जनाड़ी मंदिर,घोड़हरा,दुबहड़ बाजार,बसरिकापुर,दोपही निरुपुर सीताकुंड सुलतानपुर,हल्दी,भरसौता आदि विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम में उपस्थित रहें और जनता जनार्दन से संवाद स्थापित किया। जन संवाद कार्यक्रम के उपरांत सभा बैरिया विधानसभा के कार्यालय का उद्घाटन शाम 4:00 बजे बैरिया बस स्टैंड के निकट संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री बलिया लोकसभा क्षेत्र प्रभारी दयाशंकर मिश्र दयालु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें तथा क्षेत्रीय कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयों के उपस्थिति में उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ।

### सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय कर 48 घंटे में पाएं भुगतान : एडीएम

महोबा। अपर जिलाधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी गेहूं खरीद राम प्रकाश नें जारी विज्ञप्ति में किसान बन्धुओं को सूचित करते हुए बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत जनपद में गेहूँ खरीद 1 मार्च, 2024 से 15 जून, 2024 तक निर्धारित है। जनपद में 49 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये जा चुके हैं। इस वर्ष गेहूँ क्रय का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है। क्रय केन्द्रों पर किसानों द्वारा गेहूँ की उतराई, सफाई एवं छनाई के मद में 20 रुपए प्रति कुंतल की दर से किये गए व्यय की प्रतिपूर्ति किसानों को की जाएगी। गेहूँ क्रय केन्द्र प्रत्येक दिवस में समय प्रात : 9 बजे से सायं 6 बजे तक संचालित रहेगें। कृषक बन्धुओं द्वारा सरकारी क्रय केन्द्रों पर विक्रय किये गये गेहूँ के मूल्य का भुगतान उनके आधार लिंक एवं एन0पी0सी0आई0 मैप्ड बैंक खाते में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से 48 घण्टे में सुनिश्चित किया जाएगा। अत : आप अपना गेहूँ सरकारी क्रय केन्द्रों पर ही विक्रय करें।

## गढ़गुआं में अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने पर थाना प्रभारी ने लगवाई नई प्रतिमा



कुठौद जालौन। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़गुआं में संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को कल रात में किसी अराजक तत्व के द्वारा प्रतिमा को छति ग्रस्त कर दिया गया था डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की सूचना जैसे ही सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर को मिली वह तत्काल मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए घटना स्थल पर पहुंचते ही प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह ने जांच पड़ताल शुरू कर दी देखा बाबा साहिब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त मिली घटना स्थल पर उपस्थित अक्रोशित ग्रामीणों को धैर्य का परिचय देते हुए ब्रजेश बहादुर सिंह ने समझाया बुझाया और आश्वासन दिया कि बाबा साहब की प्रतिमा हम स्वयं अपने पैसे से मंगवाकर कल ही ग्राम गढ़गुवा में स्थापित कर देंगे और जांच करके अराजक तत्वों की पहचान करेंगे और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए सभी ग्राम वासियों को न्याय दिलाएंगे थाना प्रभारी निरीक्षक के द्वारा ग्रामीणों को समझाने के बाद उनका आक्रोश कम हुआ और उन्होंने तत्काल प्रभाव से बाबा साहब की नई प्रतिमा को मगवा कर ब्रजेश बहादुर सिंह ने आज स्वयं गढ़गुवा जाकर प्रतिमा को उसी जगह पर पुना स्थापित कराया सिरसा कला थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह की कराए गए इस कार्य की क्षेत्र में हर जगह प्रशंसा की जा रही है और चर्चा का विषय बना हुआ है।

## जनसेविका पूजा शुक्ला ने बच्चों के साथ निकाली मतदाता जागरूक रैली

**कुठौंद जालौन।** आज क्षेत्र में श्री राम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कुठौंद के साथ बच्चों के साथ क्षेत्र की गांव गली में माताओं बहिनों, बुजुर्गों, युवाओं को जनसेविका पूजा शुक्ला ने बताया की चुनाव के द्वारा ही लोकतंत्र का निर्माण होता है देश के निवासी चुनावो के माध्यम से देश का भविष्य तय करते हैं, मतदाताओं के इसी महत्व को प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मतदाता मतदान अधिकार का एक मौलिक अधिकार है यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधिओ का चुनाव करते हैं इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मत अधिकार का प्रयोग करें और देश के विकास में योगदान दें मतदान के माध्यम से हम समझ में बदलाव ला सकते




हैं हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में विकास का समाज हो हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में महिलाओं बच्चों और दलितों के अधिकारों की रक्षा हो इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें और समाज में बदलाव लाएं ÷राष्ट्रहित के लिए, अपने क्षेत्र के होने वाले लोक सभा चुनाव 20/04/2024 को आप सभी मतदाता का एक-एक वोट देशहित के लिऐ बहुत ही मूल्यवान है, इसलिए पहिले मतदान फिर जलपान प्रत्येक मतदाता मतदान (वोट) अपने - अपने बूथ पर जाकर अवश्य करे ! मतदाता जागरूक रैली में , प्रबंधक डॉक्टर अनुराग सुहानी प्रधानाचार्य नेहा गुप्ता , संरक्षक अशोक कुमार सोहने ,बेबी गुप्ता,गिरीश गुप्ता, अमित गुप्ता , लालजी मिश्रा, अनुराग सोहने, एंजिल शुक्ला , वरुण शुक्ला श्री राम इंटरनेशनल स्कूल के अध्यापक , अध्यापिका व विद्यार्थीगण साथ में उपस्थित रहे !

## पहले मतदान फिर जलपान निकाली जागरूकता रैली ग्राम प्रधान




माधौगढ जालौन विकासखंड माधौगढ की ग्राम पंचायत गाढिया में मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया कि वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गाढिया अरविंद गुप्ता ने मतदाताओं को जागरुक करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी मतदाताओं को अपनी मताधिकार का उपयोग हर हाल में करना है आपके वोट से सरकार बनती है सरकार हम सबको विकास कानून आदि की रक्षा देती है सचिव शिवसागर अवस्थी ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने वोट की चोट से सरकार बनाएं आपका वोट अमूल है इसे आप लोकतंत्र के हित में जरूर उपयोग करें इस मौके पर शिक्षक जगदीश सिंह कुशवाहा प्रधानाध्यपक विजय शंकर तिवारी, अमित कुमार,यगिक पवन कुमार बाजपेई रोजगार सेवक शिवकुमार कुशवाहा एवं समस्त स्टाफ ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चों की उपस्थित रहे।

## नगर निगम विभिन्न गतिविधियां यथा चुनाव पाठशाला का आयोजन किया




**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। लोक सभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जनपद लखनऊ में दिनांक 20 मई, 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है, इस निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जनपद लखनऊ के मतदाताओं को जागरुक किए जाने के लिए नगर निगम लखनऊ द्वारा विभिन्न गतिविधियां यथा चुनाव पाठशाला का आयोजन, स्थानीय सम्पर्क, फोरम एवं जागरुकता कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किए जा रहे है। इसी के क्रम में शनिवार को नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लो में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया जिनमें स्थानीय नागरिकगण, अधिकारियों/कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ ली गयी तथा अधिक से अधिक मतदान करे हुए मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जागरुक किया गया। साथ ही अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्थानीय नागरिको से सम्पर्क करते हुए मतदाताओं को बूथ की जानकारी दी गयी तथा मतदान की अपील करते हुए मतदान किए जाने हेतु शपथ दिलायी गयी।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में स्थित विभिन्न विद्यालय इत्यादि संस्था जैसे कि जोन-2 में गया प्रसाद धर्मशाला, न्यू मार्डेन स्कूल, नवयुग कन्या इण्टर कालेज, सेन्ट जूडियस, माधव कल्याण मंडल कालेज, रामलीला मैदान, कालेज आफ टीचर एजूकेशन, सेन्ट जेवियर्स पब्लिक स्कूल ई. ब्लाक, मुन्नी लाल धर्मशाला, एम.आई.एस. स्कूल राजाजीपुरम, रेड रोज स्कूल डी0 ब्लाक, जोन-3 में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस डिग्री कॉलेज पुरनियां सीतापुर रोड, पूर्व माध्यमिक विद्यालय गाजीपुर बलराम निकट जगलाल पेट्रोल पम्प, सरस्वती शिशु मंदिर निराला नगर, जोन-4 पुलिस मार्डन स्कूल रिजर्व पुलिस लाईन, रेलवे मनोरंजन हॉल बादशाह नगर, यूनिर्वसल इंटर कालेज हरीनगर कसैला, सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल विनीत खण्ड-6, रेडरोज स्कूल विराम खण्ड, केन्द्रीय विद्यालय विकास खण्ड, स्प्रिंग डेल स्कूल विराज खण्ड-2, शान्ति निकेतन इंटर कालेज चिनहट, प्राथमिक विद्यालय मल्हौर, प्राथमिक विद्यालय बाघामऊ, जोन-6 में वार्ड सहादतगंज कस्तूरबा कन्या इंटर कालेज इत्यादि में मतदान हेतु नागरिको को जागरुक करते हुए शपथ दिलायी गयी।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत बबीना टोल प्लाजा पर निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर का आयोजन हुआ

**बबीना-झांसी (उत्तर प्रदेश)।** बबीना टोल प्लाजा पर हमेशा सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आए दिन सड़क पर चल रहे वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया जाता है। तो वही वाहन चालकों और आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाते हैं।

आपको बताते चलें कि बबीना टोल प्लाजा पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर 22 अप्रैल से 4 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा था। जिसका आज समापन किया गया। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत एनएचएआई के निर्देशानुसार शनिवार को झांसी ललितपुर मार्ग पर स्थित बबीना टोल प्लाजा पर निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबीना के डॉक्टरों की टीम द्वारा ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर समेत अन्य बीमारियों की जांच की गई। तथा निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।



इस अवसर पर बबीना टोल प्लाजा परियोजना प्रमुख प्रदीप कुमार चौधरी के नेतृत्व में टोल मैनेजर अभिषेक सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चालकों को जागरूक किया गया। वही कैम्प में टोल से गुजर रहे वाहन चालकों, राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां वितरण की गयी।

आपको यह भी बता दें कि पिछले पंद्रह दिनों से यह पखवाड़ा चल रहा है। जिसके अंतर्गत बबीना टोल प्लाजा के सभी अधिकारी व कर्मचारी जगह-जगह जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमो के बारे में बता रहे हैं। जैसे स्कूल, मुख्य चौराहों, मुहल्लों तथा सार्वजनिक स्थानों पर जाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरुक कर रहे हैं।

टोल मैनेजर अभिषेक सिंह ने बताया कि कैम्प में काफी संख्या में मरीज देखे गए। कैम्प में सीएचसी बबीना की टीम में डॉ. उमाकांत अग्रवाल, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. नीलम आनंद, डॉ. रेसु सिंह, परियोजना प्रबन्धक विजय कौशिक, आकाश कुमार शर्मा, अरुण कुमार राणा, कृष्णा कुमार, माधव दीक्षित, हर्षित गुप्ता, अंकित कुमार, बुद्धिमान, कृष्णा गोसाई, भूपेंद्र कुमार, आकाश पंचोली, आकाश मौर्या, भानु प्रताप, सोनू एवं समस्त टोल स्टाफ मौजूद रहा।

दैनिक सिद्धि सरकार के लिए स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अखिलेश कुमार द्वारा परशुराम एसोसिएट एंड कानन ड्रीम प्रोडेक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहर रोड, आजादपुरा ललितपुर (उ.प्र.) से छपवाकर 91 मसौरा खुर्द ललितपुर (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक अखिलेश कुमार। Email : siddhisarkar94@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ललितपुर होगा। मो. 9793444829, 9044133894